सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 16 नम्बर, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 310, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## विदेशी मुद्रा भंडार 675.65 अरब डॉलर

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार आठ नवंबर को 6 .48 अरब डॉलर घटकर 675 .65 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। } 14

## स्वतंत्रता आंदोलन में आदिवासियों की हुई अनदेखी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश में कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों ने स्वतंत्रता आंदोलन में आदिवासी नेताओं के योगदान को कमतर आंकने का प्रयास किया। } 16



कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गंगा में डुबकी लगाते श्रद्धालु

# टी-20 : भारत ने किया सीरीज पर कब्जा

## संजू सैमसन और तिलक वर्मा ने जड़े धमाकेदार शतक

एजेंसी

जोहानिसबर्ग। भारत ने संजू सैमसन और तिलक वर्मा की धमाकेदार नाबाद शतकीय पारियों की बदौलत शुक्रवार को यहां चौथे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक विकेट पर 283 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए साउथ अफ्रीका की टीम पस्त हो गयी और भारत ने चार दिवसीय पर कब्जा कर लिया और 3-1 से शानदार जीत दर्ज है।

यह भारत का टी20 अंतरराष्ट्रीय में अब तक का विदेशी सरजमीं पर और दक्षिण अफ्रीकी धरती पर किसी भी देश द्वारा बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है। सैमसन और वर्मा ने दूसरे विकेट के लिए सिर्फ 93 गेंद में 210 रन की नाबाद साझेदारी निभाई जो भारत के लिए इस प्रारूप में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी भागीदारी भी रही। मैच के दौरान कई रिकॉर्ड टूटे जिसमें सबसे खास रिकॉर्ड दो भारतीय बल्लेबाजों का एक ही टी20 अंतरराष्ट्रीय पारी में शतक जड़ना रहा। हैदराबाद के 22 वर्षीय तिलक ने महज 47 गेंद में नौ चौके और 10 छक्के जड़े जिससे वह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार शतक जड़ने वाले दूसरे भारतीय बने। पहले मैच में शानदार शतक जड़ने वाले सैमसन ने 56 गेंद का सामना करते हुए अपनी शतकीय पारी में छह चौके और नौ छक्के जमाये। वर्मा के साथ मिलकर सैमसन ने एक बार फिर दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों की धुनाई की।



तिलक वर्मा



संजू सैमसन

(विस्तृत खबर खेल पर)

# कृषि को उद्यम से जोड़कर बढ़ेगी किसानों की आय

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि आधुनिक तकनीक, डिजिटल एग्रीकल्चर के विकास के साथ प्राकृतिक खेती को बढ़ाने की भी जरूरत है। उन्होंने कहा कि किसानों को सूदखोरी के चंगुल से

- आधुनिक तकनीक, डिजिटल एग्रीकल्चर के साथ प्राकृतिक खेती बढ़ाने की जरूरत : योगी
- कृषि एवं प्रौद्योगिकी के महाकुंभ चार दिवसीय 'कृषि भारत' का सीएम ने किया उद्घाटन

मुक्त कर स्वावलंबन की दिशा में अग्रसर कर सकें, इस दिशा में ढेर सारे प्रयास देश में 10 वर्षों के अंदर हुए। अभी भी बेहतरी की गुंजाइश है। बेहतर तकनीक का उपयोग करते हुए हम कैसे कृषि क्षेत्र को आगे बढ़ा सकते हैं इस पर फोकस करना होगा।

मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को लखनऊ के वृंदावन योजना मैदान में आयोजित कृषि भारत 2024 के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे।




मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के अंदर अलग-अलग राज्यों के अपने अनुभव होंगे, अलग-अलग एग्री क्लाइमेटिक जोन के अनुसार देश के विभिन्न क्षेत्रों ने उल्लेखनीय प्रगति की, विश्व में भी विषम परिस्थितियों के बीच ऐसा हुआ है। ऐसे मे, अगर बेस्ट प्रैक्टिसेस को शेयर करते हैं तो बहुत कुछ हम लोग एक-दूसरे से सीख सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि को उद्यमिता से जोड़ने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल पर फोकस करने पर जोर दिया और कहा कि हमारी दो बड़ी चुनौतियां हैं। पहली यह कि किस तरह हम खेती की लागत को कम करें और अधिक से अधिक तकनीक को अपना कर फर्टिलाइजर का इस्तेमाल कम कर के कैसे सबके लिए सुलभ बनाएं। उन्होंने कहा कि यूपी ने इस दिशा में काम शुरू किया है। कार्यक्रम से पूर्व योगी ने कंट्री पार्टनर नीदरलैंड्स के साथ द्विपक्षीय बैठक में भी हिस्सा लिया, जिसमें नीदरलैंड्स के उप कृषि मंत्री जैन कीस गोएट, नीदरलैंड्स की राजदूत मारिसा गेराड्र्स की उपस्थिति में प्रतिनिधिमंडल संग बैठक की। इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार और नीदरलैंड्स के बीच दो एमओयू भी साइन किए गए हैं और प्रदर्शनी के विभिन्न स्टॉल्स का मुख्यमंत्री योगी ने आवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यूपी में देश की सबसे बड़ी आबादी निवास करती है। यह 17 प्रतिशत यानी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## मातृभूमि के प्रति त्याग, वीरता व निष्ठा का प्रेरणा स्रोत है जनजातीय समुदाय

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनजातीय समाज की गौरवपूर्ण संस्कृति और उनकी मातृभूमि के प्रति अपार निष्ठा को सम्मान देते हुए भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव दिवस पर अंतरराष्ट्रीय जनजातीय भागीदारी उत्सव की शुरुआत की। यह उत्सव राज्य की राजधानी लखनऊके गोमती नगर स्थित संगीत नाटक अकादमी में 15 से 20 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें भारत के 22 राज्यों के साथ-साथ स्लोवाकिया और वियतनाम से भी कलाकार भाग ले रहे हैं। एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय समुदाय मातृभूमि के प्रति त्याग, निष्ठा और वीरता का प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज न केवल भारत का मूल संप्रदाय है, बल्कि यह समुदाय मातृभूमि के प्रति उच्च भाव से प्रेरित होकर देश की सेवा में सदैव तत्पर रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब देश पर विदेशी सत्ता ...शेष पृष्ठ 14 पर

## गुजरात तट से 700 किलो मादक पदार्थ जब्त, आठ गिरफ्तार

नयी दिल्ली। मादक पदार्थ रोधी एजेंसियों के एक संयुक्त अभियान के तहत शुक्रवार को गुजरात के तट के पास लगभग 700 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त होने के बाद आठ ईरानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने एक बयान जारी कर कहा कि खुफिया सूचनाओं के आधार पर सागर मंथन - 4 नाम से एक अभियान शुरू किया गया था।

इस दौरान नौसेना ने एक जहाज की पहचान की और उसे रोक दिया। एनसीबी ने कहा कि भारतीय जलक्षेत्र में 700 किलोग्राम मेथामफेटामाइन की बड़ी खेप जब्त की गई। इस अभियान के दौरान आठ विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया, जिन्होंने खुद को ईरानी बताया है। अभियान को एनसीबी, नौसेना और गुजरात पुलिस के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने संयुक्त रूप से अंजाम दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह अभियान हमारी एजेंसियों के बीच सहज समन्वय का एक शानदार उदाहरण है। शाह ने एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### कार- मिनी बस की टक्कर, तीन की मौत

अयोध्या। जिले में शुक्रवार को एक सड़क दुर्घटना में लखनऊ के एक पैरा-मेडिकल स्टाफ सदस्य समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना रुदौली थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार सुबह करीब पांच बजे हुई, जब एक तेज रफ्तार कार एक मिनी बस से टकरा गई। पुलिस के अनुसार, टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से कुचल गया, जिससे उसमें सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान लखनऊके एक अस्पताल में लैब असिस्टेंट मोहम्मद हुसैन और कन्नौज की मेडिकल छात्रा रचना तथा उपासना के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मृतकों की सही उम्र का अभी पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि दो अन्य मेडिकल छात्राएं स्नेहा और नीतू गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें गैस कटर की मदद से मलबे से बाहर निकाला गया। हादसे में मिनी बस में सवार 13 यात्री घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### डबलडेकर बस में महिलाओं को फ्री यात्रा

लखनऊ। शहर में चिड़ियाघर, रेजीडेंसी, और जनेश्वर मिश्र पार्क जाना है तो डबलडेकर बस में महिलाओं को प्रत्येक शनिवार के दिन मुफ्त यात्रा सिटी ट्रांसपोर्ट करायेगा। सिटी ट्रांसपोर्ट के एमडी आरके त्रिपाठी ने बताया कि बस के अन्दर यात्रियों के कहने पर गाने भी तरह-तरह के बजेगें। अवध बस अडडे से यूपी दर्शन पार्क, अम्बेडकर पार्क और जनेश्वर मिश्र पार्क जाएगी। यहां के बाद चिड़ियाघर और म्यूजियम दिखाएंगे। हजरतगंज और विधान भवन दिखाने के बाद दोपहर 12 बजे किसी होटल में लंच होगा, जिसका पैसा खुद देना होगा। दोपहर एक बजे रेजीडेंसी, शहीद स्मारक पार्क, बड़ा इमामबाड़ा और भूल भूलइया के दर्शन कराकर दोपहर तीन बजे बस अवध बस अडडे पहुंचेगी।

# पीएम स्वनिधि ने बदली छोटे व्यापारियों की जिंदगी

## उत्तराखंड ने हासिल किया शत-प्रतिशत लक्ष्य, 59.64 करोड़ का बांटा ऋण

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। सड़क किनारे रेहड़ी ठेली लगाकर आजीविका कमाने वाले हजारों छोटे कारोबारियों के लिए प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना, वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत उत्तराखंड ने शत प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करते हुए, 40 हजार से अधिक छोटे व्यापारियों को कारोबार के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार अन्त्योदय को ध्यान में रखकर नीतियां बना रहे हैं,इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर पीएम स्वनिधि योजना शुरू की गई है। मुख्यमंत्री ने



शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने पर शहरी विकास विभाग और नगर निकाय के अधिकारियों, कार्मिकों को बधाई दी है। प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना, मुख्य रूप से कोविड काल में प्रभावित छोटे कारोबारियों को फिर से स्वरोजगार में मदद के लिए प्रारंभ की गई थी। उत्तराखंड में शहरी विकास विभाग इस योजना के लिए नोडल एजेंसी की भूमिका निभाता है। योजना के तहत छोटे ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सहारनपुर में टला बड़ा रेल हादसा

सहारनपुर। सहारनपुर-अंबाला रेल खंड पर सरसावा रेलवे स्टेशन के समीप कथित तौर पर पेंड्रोल क्लिप खोलकर पटरी पर रख दी गई जिसकी सूचना मिलने पर रेलगाड़ियों का परिचालन रोक दिया गया। अधिकारियों शुक्रवार को बताया कि घटना बृहस्पतिवार रात की है जब रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के गश्ती दल ने सरसावा रेलवे स्टेशन के निकट खंभा नंबर-199 के पास पेंड्रोल क्लिप को पटरियों के ऊपर रखा देखा, जिसके बाद उन्होंने तुरंत उच्चाधिकारियों को इसकी सूचना दी। पेंड्रोल क्लिप स्लीपर और पटरियों को आपस में जोड़ने का काम करती है इसके न होने से हादसे का खतरा हो सकता है। अंबाला मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम), राजकीय रेलवे पुलिस, आरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे।

# झांसी मेडिकल कॉलेज में आग, 10 बच्चों की मौत

## सीएम योगी ने जताया दुख, राहत-बचाव के दिये निर्देश

जिला संवाददाता

झांसी के मेडिकल कॉलेज के एनआईसीसीयू (शिशु) वार्ड में शुक्रवार देर रात आग लग गई। हादसे में अब तक 10 बच्चों के शव निकाले जा चुके हैं। मौके पर दमकल विभाग की कई गाड़ियां आग पर काबू पाने में जुटी हैं। फिलहाल आग लगने के कारण का पता नहीं चल पाया है। रेस्क्यू टीम बचाव कार्य में जुटी हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेते हुए राहत व बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं।

मौके पर जिलाधिकारी समेत सभी प्रशासनिक अधिकारी पहुंच गए हैं। सेना का दमकल वाहन मौके पर पहुंच चुका है। मेडिकल कॉलेज की बिजली काट दी गई है। अब तक करीब 30 से अधिक बच्चों



का रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। मेडिकल कॉलिज के निक्कू (न्यू बोर्न इण्टेसिव केयर यूनिट) वॉर्ड में लगभग एक दर्जन बच्चों को गहन चिकित्सा में रखा गया है। रात लगभग 10.30 बजे वॉर्ड में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग की लपटें दूर-दूर तक दिखाई देने लगीं और मुख्य द्वार धुएं से ढंक गया, जिस कारण कोई अंदर नहीं जा पा रहा था। वार्ड की खिड़की का कांच तोड़कर फायर ब्रिगेड कर्मी अन्दर पहुंचे और 8 बच्चों को बाहर निकाला, जो बुरी तरह झुलसे हुए थे।



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 30.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 20.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- आठ चिकित्सकों को डिप्टी सीएम ने किया बर्खास्त (पृष्ठ-02)
- किसान नयी टेक्नोलॉजी का उपयोग करें : मनोज (पृष्ठ-02)
- भारत 2024 में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करेगा (पृष्ठ-14)
- विनिर्माण पर ध्यान देने से निर्यात को बढ़ावा मिलेगा (पृष्ठ-14)
- शेयर बाजार अपने उच्चस्तर से 10 प्रतिशत नीचे (पृष्ठ-14)


विशेष खबर — 84 गंगा घाटों पर जले 17 लाख दीपक, उपराष्ट्रपति ने किया नमो घाट का लोकार्पण

# देव दीपावली पर दीपों से जगमग हुई काशी

## भारत सनातन की भूमि और काशी इसका केंद्र : धनखड़

वाराणसी। देवदीपावली पर वाराणसी दीपों से जगमग हो उठी। रंग-गिरंगी रोशनी से सजाएगए गंगा के सभी 84 घाटों पर 17 लाख दीपक जलाए गए। इस अवसर पर गंगा आरती देखने के लिएदेश विदेश के लाखों श्रत्रालु गंगा घाटों, क्रूज और नावों पर मौजूद रहे। देर रात तक आतिशबाजी होती रही। इस अवसर पर उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गंगा आरती में भाग लिया। उन्होंने कहा कि भारत सनातन की भूमि है और काशी इसका केंद्र है। सनातन धर्म सभी को समाहित करता है और इसने आक्रमणकारियों को भी समाहित करने का कार्य किया है। यह हमें एकता और दृढ़ता की सीख देता है।



श्री धनखड़ ने यहां विश्व के सबसे बड़े और सुंदर घाट 'नमो घाट' का भव्य उद्घाटन किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उप राष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करते हुए कहा कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

## दस साल में काशी में हुआ अद्भुत बदलाव : योगी

जिला संवाददाता

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को नमो घाट के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि वे देव दीपावली के इस अद्वितीय पर्व के साक्षी बन रहे हैं। उन्होंने गुरुनानक देव के 555वें प्रकाश पर्व और धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजाति गौरव दिवस की सभी को शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में काशी की सूरत बदल गई है। पहले जहां गंगा के जल को स्नान के लिए भी असुरक्षित माना जाता ...शेष पृष्ठ 14 पर

# 22 दिसंबर को दो सत्र में होगी पीसीएस (प्री) परीक्षा

जिला संवाददाता

प्रयागराज। पीसीएस (प्री) की परीक्षा एक ही दिन कराने के निर्णय के अगले दिन शुक्रवार को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने इस परीक्षा की नई तिथि घोषित की। आयोग 22 दिसंबर, 2024 को दो सत्रों में इसे आयोजित करेगा।

- उप्र लोक सेवा आयोग ने घोषित की नयी तिथि

आयोग के सचिव अशोक कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इससे पूर्व पीसीएस प्री की परीक्षा सात और आठ दिसंबर को प्रस्तावित थी। अब यह परीक्षा 22 दिसंबर को दो सत्रों (सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक और दूसरे सत्र में दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे) में आयोजित की जायेगी। पिछले 11 नवंबर से बड़ी संख्या में छात्र पीसीएस प्री और आरओ-एआरओ परीक्षा को एक दिन में कराने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे थे। बृहस्पतिवार को आयोग ने पीसीएस प्री की परीक्षा एक ही दिन में कराने की छात्रों की मांग मान ली, जबकि आरओ-एआरओ की परीक्षा के लिए समिति गठित की है। उप्र लोक सेवा आयोग के सचिव अशोक कुमार ने बताया, आरओ-एआरओ परीक्षा में अभ्यर्थियों की संख्या को देखते हुए हमने कमेटी गठित की है जो जल्द से जल्द अपनी रिपोर्ट देगी और उसके अनुसार निर्णय

# ईश्वर की आराधना के प्रति श्री गुरु नानक देव ने सभी को प्रेरित किया: योगी

## मुख्यमंत्री गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा पटेलनगर में श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 555वें प्रकाश पर्व कार्यक्रम में सम्मिलित हुए

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि ईश्वर की आराधना के प्रति श्री गुरु नानक देव जी ने हम सभी को लगातार प्रेरित किया, साथ ही सन्मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यही परंपरा आगे चलकर भक्ति से शक्ति के तेज पुंज के रूप में बदल गई और गुरु गोविंद सिंह महाराज के नेतृत्व में इसे नए आयाम मिले।

- **मुख्यमंत्री को सरोपा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया**
- **मुख्यमंत्री ने खालसा चौक पर माल्यार्पण किया**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को आलमबाग एवं गुरुद्वारा पटेल नगर में श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 555वें प्रकाश पर्व पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को सरोपा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। इसके पूर्व मुख्यमंत्री ने खालसा चौक पर माल्यार्पण किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को प्रकाश पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सभी गुरु नानक देव जी महाराज की शिक्षा, मूल्यों एवं उच्च आदर्शों से प्रेरणा प्राप्त करके देश व धर्म के लिए निरन्तर कार्य करते रहेंगे। गुरु नानक देव जी का इस धरा धाम पर आगमन ऐसे समय में हुआ था जब यह देश विदेशी आक्रांताओं के हमलों को झेल रहा था। उस समय गुरु नानक देव जी ने देश की सुप्त चेतना को जाग्रत करने के लिए चार बार वृहत्तर भारत के साथ-साथ विश्व के विभिन्न देशों की यात्रा की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने जन जागरण के माध्यम से लोक कल्याण के लिए एक व्यापक अभियान चलाया। कीर्तन करने, नाम जप करने, मिल बांटकर खाने की प्रेरणा आज भी सिख गुरुद्वारों में लंगर के रूप में बिना भेदभाव के देखने को मिलती है। गुरु नानक जी के द्वारा जो नींव रखी गयी थी, सिख गुरुओं की परम्पराओं ने देश एवं धर्म के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने की सीमा तक जाकर के उस व्रत को निभाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु नानक देव जी का जन्म ननकाना साहिब में हुआ था। आज ननकाना साहिब की स्थिति एवं उसके प्रति पाकिस्तान सरकार का क्या भाव है, यह हम सभी को विस्मृत नहीं करना चाहिए। कॉरिडोर के निर्माण को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभियान पर कैसे इन्होंने बाधा डालने का प्रयास किया था। वर्ष 1947 में तत्कालीन भारत सरकार अगर चाहती तो ननकाना साहब भी भारत का हिस्सा होता। कीर्तन एवं अन्य इस प्रकार के आयोजन करने में सिख बन्धुओं, भारतवासी को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होती। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने बाबर के हमलों का जमकर विरोध किया था। समाज को मिलजुल कर, एकजुट होकर, ईश्वर के आराधना के प्रति नाम जपने के लिए निरन्तर प्रेरित किया था। सन्मार्ग पर चलने की गुरु नानक देव के प्रेरणा से यह परम्परा आगे बढ़ी। वह भक्ति के रूप में आगे बढ़कर शक्ति के तेज पुंज के रूप में गुरु तेग बहादुर सिंह जी महाराज, गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज एवं गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के चार साहबजादे के त्याग व बलिदान के साथ हर भारतवासी पूरी कृतज्ञता के साथ जुड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से 5 वर्ष पूर्व गुरु नानक देव जी महाराज के 550वें प्रकाश वर्ष के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास पर भी कीर्तन दरबार कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। विगत 4 वर्ष से गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के साहबजादां की स्मृति दिवस के कार्यक्रम को लगातार आगे बढ़ाया गया है। प्रधानमंत्री ने 26 दिसम्बर की तिथि को पूरे देश में वीर बाल दिवस के रूप में मनाने के एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम की घोषणा से आज की युवा पीढ़ी को देश एवं धर्म के लिए नई प्रेरणा प्राप्त हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश एवं समाज के लिए इन महान परम्पराओं के योगदान को समाज और राष्ट्र को कभी भी विस्मृत नहीं करना चाहिए, बल्कि इससे एक नई प्रेरणा प्राप्त करनी चाहिए। सजग एवं अपनी विरासत से प्रेरणा प्राप्त करने वाला समाज कभी भी परावलम्बी व गुलाम नहीं हो सकता।

## सुरक्षा, समृद्धि और सुशासन का मॉडल खड़ा कर रही सरकार : योगी

जिला संवाददाता

**लखनऊ/ मिर्जापुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चन्दईपुर में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार बुलेट स्पीड से चलकर के सुरक्षा समृद्धि और सुशासन का मॉडल खड़ा करने का कार्य कर रही है। सपा के समय उत्तर प्रदेश की पहचान कर्फ्यू और दंगों से होती थी। आज माफिया मुक्त उत्तर प्रदेश, कर्फ्यू मुक्त उत्तर प्रदेश दंगा मुक्त उत्तर प्रदेश है।

नो कर्फ्यू नो दंगा उत्तर प्रदेश में है सब चंगा। सीएम ने कहा कि गरीब की सुरक्षा की बात हो, चाहे उत्थान की बात हो, बेटी की सुरक्षा की बात हो, योजनाओं को प्रभावी ढंग से उत्तर प्रदेश के अंदर उसे लागू किया गया है। विकास के बड़े-बड़े कार्य हाईवे, रेलवे, एयरपोर्ट, वन डिस्ट्रिक वन मेडिकल कॉलेज, हर घर जल से नल की योजना, मां विंध्यवासिनी कॉरिडोर इसका उदाहरण है। मां विंध्यवासिनी के नाम पर मिजार्पुर में विंध्यवासिनी मेडिकल कॉलेज का निर्माण हो गया है। सोनभद्र मेडिकल कॉलेज का निर्माण हो गया है और तो और मिजार्पुर के युवाओं के लिए एक नए विश्वविद्यालय की स्वीकृति हो गई है।

- **मझवां के लोगों से बोले सीएम– आप समर्थन दें, हम लिखेंगे विकास का इतिहास**

सपा पर हमला बोलते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाजवादी पार्टी के समय नौजवानों के भविष्य पर संकट था। उनके समय में नौकरी निकलती थी और चाचा भतीजे की जोड़ी वसूली के लिए साथ-साथ निकल पड़ते थे। पैसा भी लिया जाता था और नौकरी भी नहीं लगती थी। अब इसी महीने के अंत में 60200 पुलिस भर्ती के परिणाम निकलने वाले हैं। प्रदेश के 60200 नौजवानों को एक साथ यूपी में कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा और इसमें 20 प्रतिशत अनिवार्य रूप से बेटियां शामिल रहेंगी। जिस चौराहे पर या कहीं गांव में या शहर में जहां कहीं सपाई गुंडों ने बेटी पर टेढ़ी नजर डालने का काम किया, वहां पुलिस में भर्ती हुई बेटियां इनके ऊपर डेंटिंग पेंटिंग का काम करेंगी। भाजपा सरकार में हर एक के लिए सुरक्षा भी है, सुविधा भी है ,नौजवान के लिए नौकरी और रोजगार भी है। बेटी- बहनों के लिए कल्याण के लिए अनेक कार्यक्रम चल रहे हैं। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ से लेकर कन्या सुमंगला योजना जैसे अनेक ऐसे कार्यक्रम चल रहे हैं। महिलाओं को शिक्षित, स्वावलंबी और सशक्त बनाने की दिशा में सरकार अनवरत प्रयास कर रही है।

# 76 मरीजों को दी गई 1.30 करोड़ की आर्थिक मदद

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री एवं प्रयागराज शहर दक्षिणी विधायक नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी की पहल पर सितम्बर और अक्टूबर महीने में प्रयागराज के साथ ही विभिन्न क्षेत्र के गम्भीर बीमारियों के शिकार 76 मरीजों को एक करोड़ 69 लाख 90 हजार 962 रूपए की आर्थिक मदद दिलाई गई। जिससे कई लोगों को नई जिंदगी मिली। वहीं कईयों का बेहतर ईलाज हुआ। गम्भीर रूप से बीमार एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए मुख्यमंत्री द्वारा सरकारी खजाना पूरी तरह खोल दिए जाने और आम जनता का विश्वास बढ़ने के कारण मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक मदद पाने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जुलाई और अगस्त महीने में मंत्री नन्दी की पहल पर जहां 66 मरीजों को एक करोड़ तीस लाख 33 हजार 962 रूपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई थी। वहीं सितम्बर और अक्टूबर महीने में आर्थिक मदद की धनराशि एक करोड़ 69 लाख 90 हजार 962 रूपए का आंकड़ा पार करते हुए एक करोड़ 70 लाख तक पहुंच गई है।

- **गम्भीर रूप से बीमार लोगों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही मुख्यमंत्री आर्थिक मदद योजना : नंदी**

मंत्री नन्दी ने कहा कि क्षेत्र की जनता का सुख दुख हमारा सुख दुख है। इसलिए पूरा प्रयास यही रहता है कि पैसे के अभाव में बेहतर ईलाज न हो पाने के कारण किसी की जान न जाए और लोग अपनों को न खोएं। इसलिए गम्भीर रूप से बीमार लोगों की मदद प्राथमिकता के आधार पर की जाती है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 25 करोड़ प्रदेशवासियों को अपना परिवार मानते हैं और हर मुश्किल समय में लोगों के साथ खड़े रहते हैं। असाध्य एवं गम्भीर रोगों से ग्रसित व आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को ईलाज कराने के लिए भटकना न पड़े, परेशान न होना पड़े इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकारी खजाना खोल रखा है। मुख्यमंत्री राहत कोष से प्राप्त धनराशि गम्भीर रूप से बीमार लोगों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही है। पीड़ितों तक सहायता उपलब्ध कराने में तनिक भी देरी नहीं की जा रही है। सितम्बर महीने में गम्भीर बीमारियों से पीड़ित 41 मरीजों को ईलाज के लिए 98 लाख 37 हजार 500 रूपए की धनराशि वहीं अक्टूबर महीने में 35 मरीजों को 71 लाख 53 हजार 462 रूपए की धनराशि आर्थिक सहायता के रूप में उपलब्ध कराई गई।

# ड्यूटी से गैरहाजिर आठ चिकित्सकों को डिप्टी सीएम ने किया बर्खास्त

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बगैर सूचना दिए, ड्यूटी से लगातार अनुपस्थित प्रदेश के विभिन्न जिलों में कार्यरत आठ चिकित्साधिकारियों को सेवा से बर्खास्त किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने यह निर्देश प्रमुख सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को दिए हैं।

- **डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक हुए सख्त, कहा, ड्यूटी में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी**
- **मथुरा के तीन, कासगंज, बाराबंकी, बागपत, लखनऊ, बरहाइच के एक–एक चिकित्सक शामिल**

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बलदेव (मथुरा) में तैनात जनरल फिजीशियन डा. अनीता, जिला संयुक्त चिकित्सालय, वृंदावन (मथुरा) में तैनात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. निधि वर्मा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, फरह (मथुरा) में तैनात स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. राधिका पाराशर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नमैनी (कासगंज) में तैनात चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष कुमार, बाराबंकी में मुख्य चिकित्साधिकारी के अधीन तैनात चिकित्साधिकारी डॉ. एम ताहिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रटौल (बागपत) में तैनात चिकित्साधिकारी डॉ. रविंद्र कुमार, लोक बंधु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय, लखनऊ में तैनात जनरल सर्जन डॉ. आशीष कुमार सिंह एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पयागपुर (बहराइच) में तैनात दंत शल्यक डॉ. पूनम पाल की बर्खास्तगी के निर्देश दिए गए हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। वहीं, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुण्डेर (अम्बेडकर नगर) में तैनात प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. प्रशांत कुमार सिंह को भी निलंबित कर दिया गया है।



**सीएमओ उन्नाव पर विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई के निर्देश :** अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने, उच्च स्तर पर भ्रमित सूचना देने एवं उच्चाधिकारियों के निदेशों का पालन न करने पर सीएमओ उन्नाव डॉ. सत्यप्रकाश एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सफीपुर (उन्नाव) के अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार वर्मा के विरुद्ध विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन एवं उच्च स्तर से मिले निर्देशो पर अगर अमल नहीं किया गया, तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**वाराणसी प्रकरण की जांच के निर्देश :** जिला अस्पताल, वाराणसी में स्टाफ नर्स एवं कर्मचारियों द्वारा चिकित्सालय की गरिमा धूमिल करने संबंधी वायरल वीडियो का संज्ञान डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने लिया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, वाराणसी को उक्त प्रकरण की जांचकर कार्यवाही करते हुए एक सप्ताह में रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए गए हैं। डिप्टी सीएम ने कहा कि अस्पताल आरोग्यता का मन्दिर हैं, इसमें केवल मरीज रूपी ईश्वर की सेवा की जानी चाहिए, इसकी गरिमा को धूमिल करने वाले दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी।

**लेबर रूम एवं ओटी में मोबाइल–कैमरा निषेध :** सीतापुर के हरगांव सीएचसी के लेबर रूम एवं ओटी कक्ष के वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लेबर रूम में मोबाइल एवं कैमरे को पूरी तरह से प्रतिबंधित किए जाने के निर्देश प्रमुख सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को दिए हैं। उन्होंने कहा कि लेबर रूम में चिकित्सक के अतिरिक्त अन्य किसी भी पुरुष कर्मचारी, चाहे वो कोई ट्रेनी हो या कोई अन्य कर्मचारी, उसका प्रवेश पूरी तरह से निषेध रहेगा। साथ ही लेबर रूम में रोगी की निजता का पूरा ख्याल रखा जाए। मानकों के अनुरूप साफ-सफाई की जाए।

# भाजपा उपचुनाव में सभी सीटें हारेगी : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शुक्रवार को करहल और खैर विधानसभा उपचुनाव में चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित किया। अखिलेश यादव ने विधानसभा करहल में सपा प्रत्याशी तेज प्रताप यादव और खैर विधानसभा उपचुनाव में सपा प्रत्याशी चारू केन को भारी मतों से जिताने की अपील की।

- **सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने करहल और खैर में जनसभा को किया सम्बोधित**



उन्होंने करहल के घिरोर स्थित कोसमा चौराहा पर आयोजित चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते कहा कि भाजपा कुछ भी कर ले, उपचुनाव में वह नौ-की नौ सभी सभी सीटे हारेगी और समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन सभी सीटें जीतेगी। उपचुनाव में करहल विधानसभा से तेज प्रताप यादव की सबसे बड़ी जीत होने जा रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादियों ने लोकसभा चुनाव में भाजपा का मुकाबला किया और उसे हराया इसीलिए आज केन्द्र में भाजपा की बहुमत की सरकार नहीं है। उत्तर प्रदेश में सपा और कांग्रेस इंडिया गठबंधन ने सबसे ज्यादा सीटें जीतने का काम किया। इंडिया गठबंधन ने न केवल सबसे ज्यादा सीटें जीती बल्कि ऐसी भी सीट जीती जिसकी वजह से भाजपा को नींद नहीं आ रही है। जनसभा को मैनपुरी से पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह और सांसद डिम्पल यादव ने भी सम्बोधित किया।

अखिलेश यादव ने खैर के किसानों और नौजवानों को बधाई देते हुए कहा कि जब भी आंदोलन हुआ यहां के लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। भाजपा सरकार किसानों की जमीन छीनती है। जबकि समाजवादी सरकार में सर्किल रेट बढ़ाकर बातचीत करके विकास के लिए जमीन ली जाती थी। उन्होंने कहा कि वस्त्रों से कोई योगी नहीं बनता है। विचारों और भाषा से योगी बनते है। मुख्यमंत्री झूठ का प्रचार करते हैं। गलत बयानी करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इनके बुलडोजर को रोक दिया। इस सरकार ने विकास के प्रतीक बुलडोजर को विनाश और विध्वंस का प्रतीक बना दिया। हम सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद करते हैं, बधाई देते हैं। उन्होंने बुलडोजर को रोका है और भाजपा सरकार पर जुर्माना भी लगाया है। समाजवादी लोग हमेशा अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ रहे हैं।

## राजर्षि टंडन मुक्त विवि में छात्रों के लिए राहत भरा आदेश

**लखनऊ।** उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने अध्यनरत छात्र-छात्राओं के लिए राहत भरा आदेश जारी किया है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक ने जारी आदेश में कहा कि जो छात्र दिसंबर की सेमेस्टर परीक्षा में भाग नहीं लेना चाहते हैं वह अपना परीक्षा फॉर्म जून 2025 के लिए भर सकते हैं। इसके लिए उनसे कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। बता दें कि विश्वविद्यालय के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं लगातार सेमेस्टर परीक्षाएं में भाग नहीं लेते हैं। ऐसे में उनसे अन्य कोई शुल्क लिया जाता है लेकिन इस बार कोई शुल्क न होने से छात्र-छात्राओं को राहत मिलेगी। पूर्व में छात्रों को सेमेस्टर परीक्षा छोड़ने पर दोबारा परीक्षा देने के लिए शुल्क देना पड़ता था।

# भाजपा ने गौर दिवस के रूप में मनायी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भाजपा ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में शुक्रवार को आदिवासी अस्मिता एवं संस्कृति के रक्षक, महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा शौर्य एवं पराक्रम के परिचायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर कृतज्ञ नमन किया। प्रदेश महामंत्री रामप्रताप सिंह चौहान, प्रदेश मंत्री शंकर गिरि, प्रदेश मुख्यालय सहप्रभारी अतुल अवस्थी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर कृतज्ञ नमन करते हुए जनजातीय गौरव दिवस मनाया।

प्रदेश महामंत्री रामप्रताप सिंह चौहान ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की 150वी जयंती को आज हमसभी जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मना रहे है। उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता के लिए, अत्याचार एवं अनाचार के विरूद्ध संघर्ष के लिए तथा धर्मांतरण के खिलाफ आंदोलन के लिए देश सदैव भगवान बिरसा मुंडा का अभारी रहेगा। जल, जंगल, जमीन की रक्षा तथा मातृभूमि के लिए उनका संघर्ष सदैव हम सभी का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि आज भगवान बिरसा मुंडा के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का दिन है। आज जयंती पर केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा दिल्ली में भगवान बिरसा मुंडा की विशाल प्रतिमा का अनावरण किया गया है। दिल्ली के सरांय काले खां चौक का नाम भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर रखने का निर्णय राष्ट्र के महानायक के प्रति राष्ट्र की ओर से कृतज्ञ नमन है।

# पीसीएस परीक्षा केन्द्र मुख्य मार्ग पर होने चाहिये : मुख्य सचिव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि पीसीएस-प्री की परीक्षा 22 दिसम्बर को प्रस्तावित है। शासनादेश के अनुसार परीक्षा केन्द्र मुख्य मार्ग पर होना चाहिये। सरकारी एवं वित्त पोषित संस्थानों को ही परीक्षा केन्द्र बनाया जायेगा। परीक्षा के लिये निजी संस्थान को सेण्टर नहीं बनाया जायेगा। कोषागार से परीक्षा केन्द्र की दूरी 10 किमी होने की अनिवार्यता में शिथिलता प्रदान की गई।

मुख्य सचिव शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से समस्त मण्डलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दे रहे थे। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को सभी मुख्य मार्गों पर स्थित सरकारी एवं वित्त पोषित संस्थानों की सूची अनिवार्य रूप से 18 नवम्बर तक उप्र लोक सेवा आयोग एवं कार्मिक विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र आवागमन की दृष्टि से सुलभ होने चाहिये, ताकि अभ्यर्थियों को सेण्टर तक पहुंचने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। यूनिवर्सिटी, आईटीआई व पॉलीटेक्निक जैसी बड़े भवनों में कई सेण्टर्स भी बनाये जा सकते हैं। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि सेण्टर्स की सूची पीसीएस-प्री परीक्षा को ध्यान में रखकर नहीं, बल्कि मुख्य मार्ग पर स्थित सभी निजी एवं वित्त पोषित संस्थाओं की सूची भेजा जाये। प्राप्त सूचना के आधार पर कार्मिक विभाग द्वारा एनआईसी की मदद से डाटाबेस तैयार किया जाए। इस डाटाबेस का प्रयोग प्रदेश में आयोजित होने वाली अन्य परीक्षाओं में किया जायेगा और सेण्टर्स के लिये बार-बार एक्सरसाइज करने की आवश्यकता नहीं होगी। टीएचआर इकाइयों द्वारा आपूर्ति अनुपूरक पुष्टाहार की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि टीएचआर प्लांट को पूरी क्षमता के अनुरूप चलाया जाये। क्रियाशील इकाईयों का अध्ययन कर उन्हें अन्य इकाइयों में लागू किया जाये।

- **पीसीएस–प्री की परीक्षा 22 दिसंबर को प्रस्तावित, मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के जरिए सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश**
- **उप्र रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के सभी लंबित प्रकरणों का आगामी 15 दिनों में करें निस्तारित**



उन्होंने जिलाधिकारियों को वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत 171 बाल विकास परियोजना कार्यालय सहगोदाम के निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद, फिरोजाबाद व बलरामपुर में 1-1 भवन का निर्माण कार्य भूमि अनुपलब्ध होने के कारण प्रारम्भ नहीं हुआ है, वहां पर प्राथमिकता पर भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कराकर निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जाये। उन्होंने बांदा, गोरखपुर, कानपुर देहात व बहराइच जनपद के जिलाधिकारियों को आंगनवाड़ी भर्ती का विज्ञापन जल्द से जल्द प्रकाशित कराने के निर्देश दिये।

इसके अलावा उन्होंने जनपद बलिया को आंगनवाड़ी सहायक से आंगनवाड़ी कार्यकत्री के पद पर प्रमोशन की प्रक्रिया को जल्द से जल्द से जल्द पूर्ण कराकर विज्ञापन प्रकाशित करने के लिये निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अम्बेडकर नगर, मैनपुरी व मुरादाबाद में विज्ञापन प्रकाशित करने से पूर्व की सभी औपचारिकतायें पूरी कर ली जायें और आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के उपरांत विज्ञापन का प्रकाशन किया जाये। उन्होंने कहा कि उप्र रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष द्वारा 9 जघन्य अपराधों से पीड़ित महिलाओं को 1 लाख रुपये से 10 लाख रुपये तक की क्षतिपूर्ति प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि शक्ति सदन योजना के अन्तर्गत विभिन्न श्रेणी के संकटग्रस्त, घरेलू हिंसा से पीड़ित, आपदा प्रभावित आदि महिलाओं को आश्रय, संरक्षण व पुनर्वास सम्बन्धी सेवायें प्रदान की जाती है। 10 जिलों अलीगढ़, आजमगढ़, कानपुर नगर, चित्रकूट, झांसी, गोण्डा, बस्ती, मिर्जापुर, वाराणसी एवं सहारनपुर में किराये के भवन में 50-50 की क्षमता के शक्ति सदन का संचालन किया जाना है। इसी प्रकार सखी निवास योजना के अन्तर्गत नगरीय क्षेत्रों में कार्य करने वाली महिलाओं को सुरक्षित एवं उपयुक्त आवासीय सुविधा कम-से-कम दर पर उपलब्ध कराने के लिए 9 जिलों गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ, आगरा, बरेली, मेरठ, गौतमबुद्ध नगर में 1-1 तथा गाजियाबाद में 2 सखी निवास किराये के भवन में 50-50 की क्षमता के संचालित किये जाने हैं।

## किसान नयी टेक्नोलॉजी का उपयोग करें : मनोज कुमार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में अपार संभावनायें हैं। पूरी दुनिया में उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक उपजाऊ मिट्टी व पानी तथा अनुकूल जलवायु उपलब्ध है। दुनिया में खेती की शुरूआत उत्तर प्रदेश से हुई थी। उन्होंने कहा कि आज नई टेक्नोलॉजी का समय है, खेती के लिए किसानों को नई टेक्नोलॉजी का उपयोग करना चाहिए। गांव में युवा खेती से जुड़ रहे हैं। उन्होंने दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए डेयरी फार्मिंग करने वाले किसानों को प्रोत्साहित किया।

मुख्य सचिव ने शुक्रवार को भारत के अग्रणी एफएमसीजी ब्रांड्स में से एक बीएल एग्रो और इसके एग्रीटेक वेंचर लीड्स कनेक्ट ने जोखिम प्रबंधनए जलवायु और स्थिरता समाधानों पर ध्यान केंद्रित करते हुए लखनऊ के कृषि भारत में समर्थ 1.0 लॉन्च किया। इससे पूर्व, मुख्य सचिव ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए गिर गाय का पालन कर सकते हैं। गिर गाय, गाय की एक ऐसी नस्ल है जो रोजाना औसतन 12-20 लीटर तक दूध देती है।

उल्लेखनीय है कि कृषि मॉडलिंग और मानवता में परिवर्तन के लिए जोखिम आकलन पर संगोष्ठी समर्थ 1.0 नामक पहल का उद्देश्य कृषि में महत्वपूर्ण चुनौतियों के समाधान पर केंद्रित वैज्ञानिक संवाद में प्रमुख हितधारकों को एकजुट करना है। समर्थ में वैज्ञानिक और तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिनमें विभिन्न खंडों और क्षेत्रों से उद्योग विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों को एकत्रित किया गया, ताकि कृषि पारिस्थितिकी तंत्र और मूल्य श्रृंखला विकास में स्थायी समाधान के लिए एक सहयोगात्मक रोडमैप तैयार किया जा सके।

# जानकीपुरम भूखण्ड आवंटन घोटाले से प्रभावित आवंटियों को मिलेगी राहत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** एलडीए की जानकीपुरम योजना में भूखण्ड आवंटन घोटाले से प्रभावित आवंटियों को जल्द ही बड़ी राहत मिल सकती है। लखनऊ की सीबीआई कोर्ट ने 177 भूखण्डों की जांच की अंतिम रिपोर्ट लगा दी थी। अब सीबीआई कार्यालय से भूखण्डों की

- **एलडीए ने सीबीआई से मांगी रिपोर्ट, पत्रावलियों के परीक्षण के बाद होगी कार्रवाई**
- **सीबीआई कोर्ट की रिपोर्ट में चार अफसरों को ठहराया गया है दोषी**

सूची एलडीए ने मांगी है। इन भूखण्डों की पत्रावलियों का परीक्षण कराया जाएगा। जिन मामलों में कोई धनराशि बकाया नहीं होगी। उन भूखण्ड के आवंटी की ओर से प्राधिकरण में अपने प्रकरण के निस्तारण के लिए सम्पर्क किया जा सकेगा। हालांकि अभी कई मामले अलग-अलग कोर्ट में भी विचाराधीन है।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने गत महीने बैठक कर इस मामले में सम्बंधित अफसरों को निर्देश दिए हैं। 16 अक्टूबर को हुई बैठक में सचिव विवेक श्रीवास्तव, वित्त नियंत्रक दीपक सिंह, ओएसडी वन्दना पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक, सीबीआई के प्रतिनिधि आशीष कुमार सिंह, इंस्पेक्टर, समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। सबसे पहले वर्ष 2005 में जानकीपुरम योजना के विभिन्न सेक्टरों के 123 भूखण्डों की पत्रावलियां गुम होने का मामला सामने आया था। जांच होने पर पाया गया कि ज्यादातर प्रकरणों में आवंटन से निबंधन तक की प्रक्रिया में अनियमितता बरती गई थी। वास्तविक मूल्य से कम धनराशि जमा होने पर उस समय के कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की गयी। जिस पर मामला कोर्ट पहुंच गया। तब कोर्ट के आदेश पर प्रकरण की जांच सीबीआई को सौंपी गई थी। इसके बाद सीओबाई ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम-1988 के अंतर्गत एफआईआर पंजीकृत करते हुए जांच शुरू की। तब कुल 413 भूखण्डों की पत्रावलियां गायब बतायी गईं। इस पर एक और एफआईआर दर्ज हुई। आंवटियों से उनके भूखण्डों के मूल व छायाप्रति के रूप में अभिलेख मांगे गए। जिनके आधार पर 177 भूखण्डों की जांच सीबीआई ने की। बैठक में सीबीआई के इंस्पेक्टर की ओर से अवगत कराया गया कि 177 भूखण्डों में से 139 भूखण्डों में से 9 भूखण्डों की मूल पत्रावलियां मिल गईं। वर्ष 2006 मजांच में 25 भूखण्डों में कोई आर्थिक क्षति नहीं पायी गयी जबकि शेष 114 भूखण्डों में 15763497.50 रुपये की आर्थिक क्षति पायी गयी। वर्ष 2013 में 150वीं बोर्ड बैठक में कोर्ट में वाद दाखिल कर सीबीआई जांच से प्रभावित भूखण्डों को निबंधन को निरस्तीकरण कराये जाने का निर्णय लिया गया। जिनमें अभी तक 93 भूखण्डों के मामले सिविल न्यायालय में विचाराधीन हैं। वहीं सीओबाई कोर्ट लखनऊ ने इस मामले में 22 जुलाई 2024 को अंतिम निर्णय पारित देते हुए चार व्यक्तियों आरएन सिंह, आरएन द्विवेदी, महेन्द्र सिंह सेंगर व दिवाकर सिंह को दोषी माना और सजा सुनाई। पूरे प्रकरण में एलडीए की ओर से प्रभावित भूखण्डों की सूची व अभिलेख सीबीआई से मांगे गए हैं। इसके साथ ही 413 भूखण्डों में से सीबीआई की ओर से जांच से प्रभावित 177 मामलों को छोड़कर अवशेष भूखण्डों की सूची प्रभारी अधिकारी-सम्पत्ति से मांगी गई है। यह भी निर्देश दिया गया है कि यह परीक्षण कर लिया जाये कि जिन मामलों में कोई भी धनराशि वसूली अपेक्षित न हो उनके विक्रय विलेख निरस्तीकरण का वाद तो सम्बन्धित न्यायालय में दाखिल नहीं किया गया है। इस मामले में सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि सीबीआई से भूखण्डों की जांच रिपोर्ट मांगी गई है हालांकि अभी तक अभिलेख प्राप्त नहीं हुए हैं। रिपोर्ट मिलने और उसके परीक्षण के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।

# स्वच्छता की परिकल्पना को साकार कर रहे स्वच्छ सारथी क्लब

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** स्वच्छता का महत्व और उसके मूल्यों को आत्मसात कराने के लिए नगर विकास विभाग की ओर से प्रदेश के सभी निकायों में स्वच्छ सारथी क्लब के माध्यम से 'बाल दिवस' को स्वच्छता का सन्देश देकर मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों को एसटीपी, एफएसटीपी प्लांट, एमआरएफ सेंटर और वेस्ट टू वंडर पार्क पर एक्सपोजर विजिट करायी

- **स्कूल, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों में हुई स्वच्छता संबंधी गतिविधियां**

गयी और साथ ही स्वच्छता सम्बन्धी विभिन्न आईईसी गतिविधियों के माध्यम से उन्हें जागरूक भी किया गया। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील के साथ ही विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गयी। जिससे स्वच्छ भारत-स्वच्छ उत्तर प्रदेश की परिकल्पना को साकार करने में उनके योगदान को साकार किया जा सके। वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छ सारथी क्लब के सदस्यों को निकायो द्वारा सम्मानित भी किया गया। भारतीय संस्कृति, अच्छी सेहत और गुणवत्तापूर्ण जीवनशैली बनाए रखने के लिए स्वच्छता महत्वपूर्ण है। स्वच्छता को सफल लोगों की आदत का भी श्रेय दिया जा सकता है। विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने और उनके स्वभाव और संस्कार में स्वच्छता को स्थापित करने के लिए 'बाल दिवस' पर प्रदेश की नगरीय निकायों में स्वच्छ सारथी क्लब के माध्यम से स्कूल, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के छात्रों को एफएसटीपी प्लांट, एमआरएफ सेंटर और वेस्ट टू वंडर पार्क पर एक्सपोजर विजिट करायी गयी। जहां उन्हें सेप्टिक के गाद को जैविक खाद में परिवर्तन की विधि, कूड़े के प्रकार जैसे सूखा और गीला और निष्प्रयोज्य वस्तुओं को सुन्दर आकृति में परिवर्तित कर पुनः प्रयोग के बारे में बताया गया। वेस्ट टू वंडर पार्क पर एक्सपोजर विजिट के दौरान स्वच्छता सम्बन्धी रंगोली प्रतियोगिता, वॉल पेंटिंग, वाद-विवाद प्रतियोगिता, कला प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता व स्वच्छता एवं हाईजीन, सेनिटेशन संबंधी कार्यशाला का भी आयोजन किया गया और स्वच्छता की शपथ दिलाई गयी। विद्यार्थियों ने एक्सपोजर विजिट और विभिन्न आईईसी गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता को आपने घरों, शिक्षण संस्थानो और आसापस के वातावरण को साफ-स्वच्छ बनाये रखने के लिए जानकारी दी गई। सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग का उपयोग न करने, घरों से निकलने वाले अपशिष्ट का अंतर जानते हुए सूखे-गीले कूड़े को अलग-अलग डस्टबिन में रखते हुए कूड़ा लेने आने वाली गाड़ी को देने, घरों के आसपास कूड़ा न फेंकने, घरों के अनुपयोगी सामान को पुनः प्रयोग में लाने के तरीके सीखे, जिससे उनका स्वच्छता से जुड़ाव करने में सहायता मिली।

**निकायों में 5000 स्वच्छ सारथी क्लब स्थापित :** प्रदेश स्तर पर सभी निकायों में लगभग 5000 स्वच्छ सारथी क्लब स्थापित हैं। जिनका मूल उद्देश्य स्कूल, कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में स्वच्छता के प्रति विद्यार्थियों, युवाओं, शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित करना एवं सारथी के रूप में स्वच्छता अभियान में अपना योगदान देना तथा क्लब से अधिक से अधिक सदस्यों का जुड़ाव किया जाना है। निकाय में स्थापित बेस्ट प्रेक्टिस जैसे एम.आर.एफ. सेन्टर्स, वेस्ट-टू-वंडर पार्क, एस.टी.पी, एफ.एस.टी.पी. व अन्य को दर्शाने के लिए विद्यार्थियों को स्थलीय भ्रमण स्वच्छ सारथी क्लब के माध्यम से कराया गया। इतना ही नहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छ सारथी क्लब के सदस्यों को सम्मानित भी किया गया।

## पेंशन के लिए कलेक्ट्रेट में लगेगा कैंप

**लखनऊ।** पेंशन बैंक में समय से नही आ रही है, जीवित प्रमाण पत्र के लिए बार-बार चक्कर लगाना पड़ रहा है तो अब घबराने की जरुरत नही है। ऐसे पेंशन धारको के लिए कलेक्ट्रेट में कैंप लगाया जायेगा। अधिकारी खुद कैम्प में रहेंगे। आने वाले हर रिटायर कर्मचारी की समस्या सुनेंगे। तुरंत निदान भी कराएंगे। रिटायर कर्मचारियों को पेंशन के लिए जीवित होने का प्रमाण पत्र देना होता है। इस महीने लगभग 13 हजार कर्मचारियों का सत्यापन होना है। जीवित होने का प्रमाण देने कर्मचारियों को खुद आना पड़ता है। तमाम कर्मचारी काफी बुजुर्ग हो गये हैं। उन्हें सत्यापन में आने में दिक्कत होती है। कर्मचारियों को समय भी लग जाता था। जिससे उन्हें परेशानी होती थी। हिन्दुस्तान ने रिटायर कर्मचारियों की परेशानी प्रकाशित की थी। अब कर्मचारियों के काम तेज करने तथा उनके जीवित होने के सत्यापन के काम को और तेज करने के लिए कैम्प लगाया जा रहा है। कैम्प में खुद अधिकारी बाहर बैठक कर सत्यापन करेंगे। इससे जल्दी काम हो जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि अब तक करीब 6000 कर्मचारियों का सत्यापन हो चुका है। अभी इससे ज्यादा कर्मचारी बचे हैं। इनकी सुविधा के लिए के लिए कैम्प लगाया जा रहा है। कैम्प 10 से दो बजे तक डीएम आफिस के बैडमिंटन कोर्ट में लगेगा।

## डबलडेकर बस में महिलाओं को मिलेगी मुफ्त यात्रा

**लखनऊ।** शहर में डबलडेकर बस आने से लोगों में खुशी हो रही है वहीं यह खुशी सरकार ने महिलाओं को निशुल्क यात्रा कराने का आदेश कर दो गुना कर दिया है। प्रत्येक शनिवार को सुबह की ट्रिप में हेरिटेज मार्ग पर महिलाओं को निशुल्क यात्रा की सुविधा दी जाएगी। सिटी ट्रांसपोर्ट के एमडी आरके त्रिपाठी ने बताया कि 16 नवंबर को हेरिटेज मार्ग पर सफर की तैयारी पूरी हो गई है। डबलडेकर बस हर शनिवार को कमता स्थित अवध बस अडडे से सुबह 9 बजे रवाना होगी। बस में नीचे और ऊपर मिलाकर 65 लोग बैठ सकते हैं। बाकी दिन सफर करने वाली महिलाएं एमएसटी में 50 फीसदी छूट पा सकती हैं। अवध बस अडडे से यूपी दर्शन पार्क, अम्बेडकर पार्क और जनेश्वर मिश्र पार्क जाएगी। यहां के बाद चिड़ियाघर और म्यूजियम दिखाएंगे। हजरतगंज और विधान भवन दिखाने के बाद दोपहर 12 बजे किसी होटल में लंच होगा, जिसका पैसा खुद देना होगा।

## अलीगंज व जानकीपुरम में नहीं मिली सफाई, दो संस्थाओं पर जुर्माना

**लखनऊ।** शहर की साफ सफाई को बेहतरी के लिए अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने शुक्रवार को जोन 3 के विभिन्न वार्डो का निरीक्षण किया। उन्होंने जानकीपुरम प्रथम, द्वितीय, तृतीय, कदमरसूल, अयोध्यादास प्रथम और अलीगंज के क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था देखी। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त ने समस्त विभागों को कार्रवाई के लिए निर्देश जारी किए हैं। निरीक्षण में जानकीपुरम प्रथम, द्वितीय, तृतीय, कदमरसूल, अयोध्यादास प्रथम और अलीगंज के क्षेत्रों में साफ-सफाई बेहतर नहीं मिली। अलीगंज में सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाए जाने पर सत्यवान इंटरप्राइजेज पर 25,000 रुपये और जानकीपुरम द्वितीय में काम कर रही कार्यदायी संस्था खुराना एसोसिएट पर भी 25,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। निरीक्षण के समय जेडएसओ जितेंद्र गांधी और सहायक अभियंता विनोद पाठक भी मौजूद रहे।

# शिवरी प्लांट पर रोजाना 2200 एमटी फ्रेश वेस्ट निस्तारित

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मोहान रोड स्थित शिवरी कूड़ा डंपिंग ग्राउंड पर पुराने कचरे के निस्तारण के लिए प्लांट की एक इकाई का शुक्रवार को मेयर ने शुभारंभ किया। इस दौरान 600 मीट्रिक टन क्षमता के प्लान्ट का ड्राई रन किया गया। इस प्लांट से प्रतिदिन एक हजार मीट्रिक टन कूड़ा का निस्तारण किया जाएगा। इसके अलावा दो मशीनें और लगाई जा रही हैं। तीनों के शुरू हो जाने के बाद प्लांट पर रोजाना आने वाले 2200 मीट्रिक टन कूड़ा का निस्तारण उसी दिन हो सकेगा। इससे डंपिंग ग्राउंड पर कूड़े का ढेर नहीं रहेगा। इस मौके पर मेयर सुषमा खर्कवाल ने मशीन का शुभारंभ करने के बाद कहा कि प्रतिदिन कूड़ा निस्तारण होने से शहर के लोगों को निश्चित ही राहत मिलेगी।

आने वाले समय में डंपिंग ग्राउंड पर लगे कूड़े के ढेर पूरी तरह से खत्म हो जाएंगे। इस दौरान नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद राव और पार्षदगण भी रहे। अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद राव ने बताया कि फ्रेश वेस्ट के निस्तारण के लिए लगाए गए प्लांट का ट्रायल सफल रहा। मौजूदा वक्त में प्लांट पर 2200 मीट्रिक टन कूड़ा प्रतिदिन पहुंच रहा है। शुरू किए गए इस प्लांट के जरिए एक हजार मीट्रिक टन कूड़ा का प्रतिदिन निस्तारण किया जाएगा। अभी दो मशीनें और लगाई जा रही हैं। तीनों के लग जाने के बाद यहां रोजाना आने वाले 2200 मीट्रिक टन कूड़ा का निस्तारण प्रतिदिन हो सकेगा, जिससे डंपिंग ग्राउंड पर बन चुके कूड़े के पहाड़ों से राहत मिलेगी। आने वाले समय में यहां पर कूड़े का ढेर नहीं दिखेगा। साथ ही प्रोसेसिंग स्थल को और अधिक हरा भरा एवं प्रदूषण मुक्त बनायें जाने के उद्देश्य से प्रशासनिक भवन के समीप पौधरोपण भी किया गया।

## राजधानी में डेंगू के 23 नये मरीज मिले

**लखनऊ।** शुक्रवार को राजधानी में में डेंगू के 23 नये मरीज मिले। इनमें टूडियागंज से 3, इन्दिरानगर से 5, सरोजिनी नगर से 1, चन्दरनगर से 7, बीकेटी से 1, अलीगंज से 6 )धनात्मक रोगी पाये गये। माह जनवरी 2024 से अब तक जनपद में डेंगू के कुल 2472 एवं मलेरिया के कुल 478 धनात्मक रोगी पाये गये।

आज लगभग 1415 घरों एवं आस-पास मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल 5 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीमों द्वारा जनपद के विभिन्न स्थलो/भवनों का निरीक्षण किया गया तथा लार्वा रोधी रसायन का छिडकाव किया गया। क्षेत्रीय जनता को घर के आस-पास पानी जमा न होने, पानी से भरे हुए बर्तन एवं टंकियों को ढंक कर रखें, हर सप्ताह कूलर के पानी को खाली करके साफ कपड़े से पोछ कर सूखा एवं साफ करने के बाद ही पुनः प्रयोग में लाने, पूरी बांह के कपड़े पहनने, बच्चों को घर से बाहर न निकलने, मच्छर रोधी क्रीम लगाने एवं मच्छरदानी में रहने तथा डेंगू एवं मच्छर जनित रोगों से बचाव हेतु क्या करें, क्या न करें सम्बंधित स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गयी।

## कॉलेज में एनुअल स्पोर्ट्स मीट आयोजित

**लखनऊ।** सरोजनीनगर के बिजनौर रोड स्थित गौतब बुद्ध पब्लिक इंटर कालेज में एनुअल स्पोट्र्स मीट का आयोजन किया गया। इस खेल प्रतिभागियों में अपनी प्रतिभा का अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कालेज की प्रधानाचार्या अलका बोस के मार्गदर्शन में आयोजित इस खेल प्रतियोगिता के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप आरएस कुशवाहा, विशिष्ट अतिथि राज कुमार सिंह, सोमिल कुशवाहा, डॉ. रश्मि शर्मा, डॉ. अमित श्रीवास्तव व शिक्षिका एवं समाजसेविका रीना त्रिपाठी मौजूद रही। इस प्रतियोगिता की दो सौ मीटर रेस में विशाल ,सौ मीटर रेस गर्ल्स में आरुषि, सौ मीटर रेस बॉयज में कर्मवीर ,दो सौ मी बॉयज में राजवीर, सौ मी गर्ल्स में दिव्या ने जहां प्रथम स्थान प्राप्त किया तो वही सत्य हाउस जो की ब्लू ड्रेस में उपस्थित थे ओवरऑल प्रतियोगिताओं में अधिकतम पुरस्कार जीतकर विजेता रहे। सत्य हाउस के कर्मवीर, अभिषेक शौर्य, तन्मय ने ट्रॉफी लेकर के अपनी पूरी टीम का गौरव बढ़ाया। खेल प्रतियोगिताओं में निर्देशन का काम अर्पित पांडे, अमित यादव अखिलेश, सबीना, सुधीर कुमार ने बहुत ही कुशलता पूर्ण किया इस प्रकार बाल दिवस के इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर जहां विभिन्न पुरस्कार जीते वहीं अभिभावकों और बच्चों के चेहरे खुशी से चाहते हुएदिखाई दिए।

# ईरिटेम में जनजातीय गौरव दिवस का हुआ आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** आदिवासी समाज की समृद्ध संस्कृति की अमूल्य विरासत और धरोहर को संजोने तथा राष्ट्र निर्माण में अपना अतुलनीय योगदान प्रदान करने वाले तथा झारखंड के महान स्वतंत्रता सेनानी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती

- **भगवान बिरसा मुंडा को स्मरण करते हुए मनाया गया दिवस**

को देश भर में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। झारखंड की मुंडा जनजाति से ताल्लुक रखने वाले भगवान-बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवम्बर 1875 को हुआ था। उन्होंने स्वाभिमान की रक्षा हेतु अंग्रेजों के खिलाफ जंग की शुरूआत की थी।

यह भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष समारोह की शुरूआत है ।15 नवंबर से जनजातीय गौरव दिवस का उत्सव और बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती 15 नवंबर 2024 से 15 नवंबर, 2025 तक मनाई जाएगी। शुक्रवार को इस दिवस विशेष के अनुपालन में जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर उत्तर रेलवे भारतीय रेल परिवहन प्रबंधन संस्थान लखनऊ में इस दिन को अत्यंत प्रसन्नता एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय रेल परिवहन प्रबंधन संस्थान लखनऊ के अपर महानिदेशक संजय त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्जवलन किया गया एवं भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजली अर्पित की। इसके उपरांत संजय त्रिपाठी द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के जीवन चरित्र का उल्लेख करते हुए उनके द्वारा किये गए महान कार्यों की बात करते हुए उनको सादर नमन किया तथा सभी लोगों से उनके बताये गए सिद्धांतों का अनुसरण करने की बात कही। इस अवसर पर संकाय सदस्य, परिवीक्षाधीन अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# सीएमओ ने किया निजी अस्पतालों का निरीक्षण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी.सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को नर्सिंग होम के नोडल अधिकारी डॉ. ए.पी.सिंह तथा उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के. डी. मिश्रा ने द यूनिक हॉस्पिटल, बालागंज अस्पताल, स्टार हॉस्पिटल, मेडलाइफ हॉस्पिटल तथा ऑक्सीजन हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया ।

- **कई निजी अस्पतालों में मिली खामियां, सभी को नोटिस जारी**

नोडल अधिकारी ने जानकारी दी कि बालागंज अस्पताल को छोड़कर किसी भी अस्पताल में कोई भी पूर्णकालिक चिकित्सक नहीं मिला । किसी भी हॉस्पिटल में बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण की कोई उचित व्यवस्था नहीं थी । द यूनिक हॉस्पिटल में डेंगू मरीज का इलाज मानक के अनुरूप नहीं किया जा रहा था । बालागंज अस्पताल में मरीजों के अभिलेख अपूर्ण थे तथा फामेर्सी पर कोई भी पंजीकृत फार्मासिस्ट मौजूद नहीं था । स्टार हॉस्पिटल में जीएनएम की प्रशिक्षु कार्यरत थी । मेडलाइफ हॉस्पिटल में एचआईवी रोगी के जैव अपशिष्ट का निस्तारण मानक विहीन था । वहीं ऑक्सीजन हॉस्पिटल में रैंप अत्यंत फिसलनयुक्त था जिसमें सुधार की आवश्यकता है ।उपरोक्त कमियों को देखते हुए सभी अस्पतालों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं । उनके उत्तर प्राप्त होने के बाद उन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी ।

## विशाल कवि सम्मेलन और मुशायरा 21 को

**लखनऊ** ।समाजवादी पार्टी के संस्थापक प्रखर समाजवादी नेता एवम प्रदेश के पूर्व मुख्य मंत्री मुलायम सिंह यादव की 85 वीं जयंती की पूर्व संध्या पर आगामी 21 नवंबर 24 को विशाल कवि सम्मेलन एवम मुशायरा आयोजित किया जाएगा ।यह जानकारी सरोजनी नगर के पूर्व विधायक श्याम किशोर यादव ने बताया कि इस कवि सम्मेलन एवम मुशायरे के मौके पर पूर्व सांसद एवम राष्ट्रीय कवि उदय प्रताप सिंह बतौर मुख्य अतिथि अपनी शिरकत करेंगे ।जबकि इस अवसर पर सांसद आर के चौधरी ,सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल एवम प्रदेश उपाध्यक्ष सी एल वर्मा बतौर विशिष्ट अतिथि आमंत्रित हैं ।इस मौके पर उदय प्रताप सिंह के अलावा ड्रा विष्णु सक्सेना ,शबीना ,अदीप ,ड्रा सर्वेश अस्थाना ,विकास बोखल,नदीप फारुख ,हेमंत पांडे ,खुर्शीद हैदर ,अशोक अग्नि पथी ,आदिल रशीद ,उमाशंकर यादव ,कृष्ण कुमार सरल , ड्रा अशोक अज्ञानी एवम आसिम काकोरवी सहित कई लोगो द्वारा काव्य पाठ करेंगे ।

## मेले में पहुंचे डीएम, कैंसर से बचने के दिये सुझाव

**गोसाईंगंज।** स्त्री वेलफेयर फाउंडेशन के सौजन्य से लखनऊ के गोसाईगंज स्थित सरई गोदौली गांव में सूर्य कुंड मंदिर परिसर में तीन दिवसीय कार्तिक मेला का आयोजन हुआ जिसमें मेले के प्रथम दिवस पर स्त्री वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा कैंसर जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। संस्था का उद्देश्य है कि शहर से लेकर गांव गांव,बस्ती बस्ती व समाज की कोने कोने तक कैंसर जागरूकता का संदेश पहुंचना चाहिए जिससे महिलाओं एवं किशोरियों में स्तन कैंसर व गर्भाशय में होने वाली समस्याओं को समय रहते निदान दिया जा सके। इस अवसर पर सूर्यकुंड कार्तिक मेले में लगभग 25 से 30 हजार श्रद्धालुओं ने कुंड में स्नान करके मंदिर का दर्शन किया ।साथ ही कैंसर जागरूकता शिविर में सम्मिलित होते हुए हस्ताक्षर अभियान करते हुए जागरूकता प्राप्त की। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अधिकारी सूर्यपाल गंगवार लखनऊ ने फीता काटकर किया। संस्था की तरफ से संस्था की संस्थापिका वं संरक्षिका नीलू त्रिवेदी,रचना चतुर्वेदी व प्रेम हॉस्पिटल की महिला प्रस्तुति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रीति सिंह के द्वारा उन्हें सॉल्व मोमेंटो देकर शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम के इस आयोजन में लखनऊ के समाजसेवियों ने भी पहुंचकर कार्यक्रम का उत्साह वर्धन किया जिन्हें संस्था की तरफ से प्रशस्ति पत्र व पौधा देकर सम्मानित किया गया।

# कोहरे व हवाओं से ठंड की आहट

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राजधानी समेत प्रदेश में मौसम का बदलाव दिखने लगा है। गुरुवार देर रात पूर्वी और पश्चिमी यूपी के अधिकांश इलाकों में घने कोहरे की चादर छा गई। पछुआ हवाओं के असर से रात के पारे में गिरावट हुई।

वहीं, राजधानी में इस सीजन में पहली बार सुबह देर तक कोहरा और धुंध छाया रहा। घने कोहरे की वजह से शुक्रवार की सुबह राजधानी में सुबह

- **दृश्यता घटकर 50 मीटर तक रही, सड़कों पर आवागमन में हुई परेशानी**

आठ बजे तक सूरज के दर्शन नहीं हुए और दृश्यता महज 50 मीटर तक कम हो कर रह गई। वहीं, हवाओं में भी ठंड महसूस की गई। कोहरा इतना घना था कि सड़कों पर वाहन आवागमन के लिए लाइटें जलाकर निकलते नजर आए। मौसम के बदलने के साथ ही सुबह-शाम लोगों को स्वेटर और शॉल की जरूरत महसूस होने लगी है। पूर्वी और तराई यूपी कई इलाकों में तो कोहरा इतना घना था कि दृश्यता शून्य तक जा पहुंची। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक वायुमण्डलीय स्थिरता के कारण बनने वाले विकिरणीय कोहरे और पछुआ हवाओं के प्रभाव से पश्चिमी दिशा से आने वाले संवहनी कोहरे के मिलेजुले प्रभाव से प्रदेश के उत्तरी एवं तराई इलाकों में पिछले दो दिनों से पड़ रहे घने कोहरे की वजह से कई जिलों में दृश्यता शून्य हो गई जबकि अयोध्या, बहराइच और शाहजहांपुर में भी 100 मीटर से कम दृश्यता दर्ज की गई। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दो दिनों तक घने कोहरे के ऐसे ही जारी रहने की संभावना है। इसके बाद पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव और पछुआ हवाओं के जोर पकड़ने से इसके घनेपन में आंशिक कमी आने के आसार हैं। वहीं, आने वाले चार-पांच दिनों के दौरान पारे में भी गिरावट देखने को मिलेगी। वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अगले कुछ दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस के आसपास गिरावट की संभावना है। इसके पहले प्रदेश में बुधवार और बृहस्पतिवार को पछुआ हवाएं चलीं। इसके असर से सुबह शाम की हवा में सिहरन महसूस की गई साथ ही पूर्वी और पश्चिमी यूपी के विभिन्न इलाकों में न्यूनतम तापमान में गिरावट देखने को मिली। हालांकि अधिकतम तापमान में फिलहाल कोई खास बदलाव देखने को नहीं मिला और दिन में अभी भी तपिश महसूस की गई।

## सफाई मित्रों के लिए लगाया स्वास्थ्य शिविर

**लखनऊ।** शहर में कूड़ा कलेक्शन का काम कर रही लखनऊ स्वच्छता अभियान कंपनी की सब्डिरी कंपनी, री-सस्टेनेबिलिटी ने अपनी 30वीं वर्षगांठ के अवसर पर शुक्रवार को सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर और संचारी रोग जागरूकता कैंप का आयोजन किया। शिविर में जोन 1, 3,4, और 7 में कार्यरत लगभग 750 से भी अधिक सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें बीपी, शुगर और नेत्र परीक्षण शामिल थे। इसके साथ हीए सभी सफाई मित्रों को निशुल्क दवाईयां वितरित की गईं और उन्हें संचारी रोगों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर कंपनी के मनोज सोनी, एमएसडब्ल्यू बिजननेस हेड ने कहा कि हमारे सफाई मित्र हमारे शहर की स्वच्छता की रीढ़ हैं, और हम उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं। इसके अलावा 20 और 21 नवंबर को बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए पेंटिंग, वेस्ट टू वंडर और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

# यशवंतपुर-छपरा के बीच एक फेरे के लिए चलेगी विशेष ट्रेन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 05183/05184 छपरा-यशवन्तपुर-छपरा पूजा विशेष गाडी का संचलन छपरा से 16 नवम्बर को तथा यशवन्तपुर से 19 नवम्बर को एक फेरे के लिये किया जायेगा।

05183 छपरा-यशवन्तपुर पूजा विषेष गाड़ी 16 नवम्बर को छपरा से 05.30 बजे प्रस्थान कर मसरख, दिघवा दुबौली, थावे, पड़रौना, कप्तानगंज, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, मनकापुर,गोंडा, बाराबंकी, बादशाहनगर, ऐशबाग, कानपुर सेन्ट्रल, ऊरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. (झांसी), दूसरे दिन भोपाल, इटारसी, नागपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, काजीपेट, काचीगुड्डा, महबूबनगर, तीसरे दिन करनूल, अनन्तपुर तथा धर्मावरम् होते हुए यशवन्तपुर से 10.30 बजे पहुँचेगी।

वापसी यात्रा में 05184 यशवन्तपुर-छपरा पूजा विशेष गाड़ी 19 नवम्बर को यशवन्तपुर से 07.30 बजे प्रस्थान कर धर्मावरम्, अनन्तपुर, करनूल सिटी , महबूबनगर, कांचीगुड्डा, काजीपेट, दूसरे दिन सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, नागपुर, इटारसी, भोपाल, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. (झांसी), ऊरई ,से तीसरे दिन कानपुर सेन्ट्रल, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी, गोण्डा, मनकापुर, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, कप्तानगंज, पड़रौना, थावे, दिघवा दुबौली तथा मसरख होते हुए छपरा 13.30 बजे पहुँचेगी।

इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान का 01, एलएसएलआरडी का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनामी के 12, शयनयान श्रेणी के 04 तथा द्वितीय श्रेणी कुसीर्यान के 04 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

## सिरिंज व ब्लेड का निस्तारण होगा आसान

**लखनऊ।** केजीएमयू के कलाम सेंटर में बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट पर कान्फ्रेंस हुई। इसमें बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट विशेषज्ञ डॉ. क्रिसूनस नई तकनीक की जानकारी दी। डॉ. क्रिसूनस ने कहा कि अस्पताली कचरा संक्रमित होता है। मेडिकल संस्थानों में इस्तेमाल सिरिंज, ब्लेड व दूसरी धातुओं को निस्तारित करना चुनौती है। अब नई तकनीक से इन धातुओं का आसानी से निस्तारण होगा। इंडियन सोसाइटी ऑफ वेस्ट मैनेजमेंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल ने बताया कि इलाज के दौरान उपयोग में आने वाले विभिन्न उपकरणों में प्लास्टिक का काफी उपयोग हो रहा है। खास प्रकार की डस्टबिन में धातु डालने पर गल जाएगी। इससे लोगों को संक्रमण से बचाना आसान होगा। यह जानकारी अमेरिका के डॉ. एड क्रिसूनस ने दी। ठीक से कचरे का निस्तारण न होने से संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि खास तरह का डस्टबिन में धातु डालने पर वह गल जाएगी। पीवीसी वाली प्लास्टिक में क्लोरीन होता है। जो काफी घातक होता है। इसे आसानी से रिसाइकिल किया जा सकता है। इससे डीजल आयल, प्लास्टिक की सड़क, ईंट आदि बनाए जा सकता है। डॉ. प्रज्ञा पांडेय ने बताया कि अस्पतालों में होने वाले तरल कचरे को सीधे सीवर में नहीं डालना चाहिए। इसके दुष्परिणाम हो सकते हैं। बेहतर है कि ईटीपी के माध्यम से इनको ट्रीट किया जाए।


गुरुनानक देवजी के प्रकाश पर्व पर डीएवी कॉलेज में मत्था टेकते श्रद्धालु


प्रकाश पर्व पर शबद कीर्तन करते रागी जत्था


प्रकाश पर्व पर लंगर चखते श्रद्धालुगण फोटो–समीर भटनागर

# प्रकाश पर्व : सतिगुर नानक प्रगटिआ मिटी धुंध जगि चानणु होआ...

## हर्षोल्लास के साथ मना गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व, शहर भर के गुरुद्वारों में श्रद्धालुओं ने चखा गुरु का प्रसाद



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सतगुरु नानक प्रगट्या, मिटी धुंध जग चानन होया, कलतारण गुरु नानक आया, ज्यों कर सूरज निकलया तारे छपे अंधेर पोलावा...। गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर यह शबद गुरुद्वारों में गूंजायमान हो रहे थे। कथा वाचक अपनी वाणी व रागी ढाडी जत्थे अपने कीर्तन से गुरु की महिमा का जो बखान कर रहे थे उसे गुरु घर में पहुंची संगत आस्था के समंदर में गोते लगा रही थी। शुक्रवार को राजधानी के गुरुद्वारों में ऐसा ही नजारा था, जहां हजारों की तादाद में संगत माथा टेकने को उमड़ी।

कार्तिक पूर्णिमा के दिन लखनऊ में गुरुनानक जी का 555वां प्रकाश पर्व श्रद्धा व धूमधाम से मनाया गया। शहर भर के गुरूद्वारों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। कानपुर रोड एलडीए कालोनी गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा मानसरोवर, सदर गुरुद्वारा, नाका हिण्डोला गुरूद्वारा, यहियागंज गुरूद्वारा, हरिओम मंदिर, आशियाना गुरूद्वारा, इंदिरानगर गुरूद्वारा सहित कई जगहों पर गुरूनानकदेव जी का प्रकाशपर्व धूमधाम से मनाया गया।

जगत गुरु साहिब श्री गुरू नानक देव जी महाराज का प्रकाश उत्सव (जन्मोत्सव) शुक्रवार को श्री गुरु सिंह सभा नाका हिंडोला की ओर से डीएवी इण्टर कालेज ऐशबाग रोड, लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

श्री अखण्ड पाठ साहिब जी की समाप्ति के पश्चात पाँच प्यारों की अगुवाई में समूह साध संगत द्वारा श्री गुरूग्रन्थ साहिब जी की शाही सवारी को शबद कीर्तन गायन करते हुए गुरूद्वारा साहिब से नाका हिण्डोला होते हुए डीएवी इण्टर कालेज ऐशबाग रोड में सजे पंडाल में ले जाया गया। भव्य पंडाल को बहुत खूबसूरती से सजाया गया था जिसमें फूलों से सुसज्जित भव्य स्टेज पर श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी का प्रकाश किया गया। रागी जत्था भाई दिलेर सिंह जी द्वारा पवित्र आसा की वार के अमृतमयी कीर्तन से कार्यक्रम आरम्भ हुआ। बहुत सुबह से ही लखनऊ एवं आस-पास के इलाकों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु डीएवी इण्टर कालेज में पहुँचने लगे तथा पक्तियों में खडे.होकर श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी के दर्शन के पश्चात अपना स्थान ग्रहण कर गुरूबाणी का रसपान किया। आकाशवाणी लखनऊ केन्द्र द्वारा आधे घन्टे का सीधा प्रसारण करके प्रदेश भर की संगतों को कार्यक्रम का रसास्वादन कराया गया। श्री गुरू सिंह सभा के अध्यक्ष डा. अमरजोत सिंह ने इस अवसर पर उपस्थित संगतों को प्रकाश पर्व की बधाई दी तथा बधाई संदेश आकाशवाणी लखनऊ द्वारा भी प्रसारित किया गया। विशेष रूप से पधारे भाई गुरविंदर सिंह जी हजूरी रागी श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर साहिब वालों ने अपनी मधुरवाणी में सतिगुर नानक प्रगटिआ मिटी धुंध जगि चानणु होआ।। शबद कीर्तन गायन कर समूह साध संगत को निहाल किया। प्रचारक गुरजिंदर सिंह जी मलकपुर वालों ने साहिब श्री गुरू नानक देव जी के जीवन पर दिल को छू देने वाले विचार व्यक्त किये। रागी जत्था भाई रकम सिंह जी बनारस वालों ने शबद कलि तारण गुरु नानक आइया।। शबद कीर्तन गायन कर संगतों को मन्त्रमुग्ध कर दिया। सिमरन साधना परिवार के बच्चों एवं माता गुजरी सत्संग सभा, लखनऊ की सदस्याओं ने भी इस कार्यक्रम में शबद कीर्तन गायन किया। डीएवी इण्टर कालेज में दिन भर गुरबाणी कीर्तन तथा गुरमत विचारों का कार्यक्रम चला जिसका संचालन धार्मिक सचिव सरबजीत सिंह ने किया। समागम में लंगर के वितरण की सेवा सिख यंग मेन्स एसोसियेशन एवं दशमेश सेवा सोसाइटी द्वारा की गयी। कई स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा संगत की सेवा आइसक्रीम, चाय/काफी, ब्रेड छोले, जलेबी, कड़ी चावल, गन्ने के रस की खीर आदि अनेक तरह के व्यंजनों के स्टाल लगाकर की गई। लंगर पकवाने एवं वितरण की व्यवस्था स. हरमिन्दर सिंह टीटू, तजिन्दर सिंह एवं इंदरजीत सिंह देखरेख में हुई। दोपहर 12:00 बजे से गुरू का लंगर संगत में वितरित किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने लंगर ग्रहण किया। अरदास के उपरान्त उपस्थित श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति पर श्री गुरू सिंह सभा के अध्यक्ष डा. अमरजोत सिंह एवं महामंत्री स. मनमीत सिंह बन्टी ने सभी सिख संगठनों/जत्थेबन्दियों को गुरू जी की कृपा सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया।

**हजारों भक्तों ने छका लंगर:** गुरुनानक प्रकाश पर्व पर डीएवी कॉलेज मैदान में हुए भव्य आयोजन के दौरान हजारों भक्तों ने पांत में बैठकर लंगर छका। संगत को दही जलेबी, छोला, चावल, ब्रेड कॉफी का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर सेवाभाव की मिसाल भी देखने को मिली। सिख समुदाय के बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी संगत को लंगर छकाने में अपना योगदान देते नजर आए। एलडीए कालोनी में मानसरोवर स्थित गुरू सिंह सभा में ग्रंथी भाई राजदीप सिंह ने पाठ किया व हुजूर रागी भाई लाखन सिंह ने आरती गायन किया।

**आशियाना गुरुद्वारा:** आशियाना गुरुद्वारा में सुबह सखुमनि साहिब से दीवान का आरंभ हुआ। इसके बाद हिमाचल रागी जत्थे ने कीर्तन गायन कर संगत को निहाल किया। आशियाना गुरुद्वारे के प्रधान सरदार जसवीर सिंह ने सभी को गुरु पर्व की बधाई दी। अंत मे सभी के बीच गुरु का लंगर वितरित किया गया।

**हरिओम मंदिर में भी मना प्रकाश पर्व:** हरिओम मंदिर में भी गुरुनानक देव का प्रकाश पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रकाश पर्व पर विभिन्न कार्यक्रम हुए। इस मौके पर अखंड साहब का पाठ किया गया।

**गुरुद्वारा श्री गुरू सिंह सभा मानसरोवर:** गुरुद्वारा श्री गुरू सिंह सभा मानसरोवर, एलडीए कालोनी, कानपुर रोड लखनऊ में सिक्खों के प्रथम गुरू साहिब धन-धन श्री गुरू नानक देव महाराज जी का पावन पवित्र प्रकाश उत्सव बड़ी श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गुरूद्वारा साहिब में बड़ी ही खूबसूरती से अन्दर हाल लाईटों, फूलों एवं गुब्बारों से सजाया गया। विशेष कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। सायंकाल 6 बजे से विशेष कीर्तन दरबार का शुभारम्भ हेड ग्रन्थी भाई राजदीप सिंह ने श्री रहरास साहिब जी के पाठ से किया। तत्पश्चात हजूरी रागी भाई एवं साथियों द्वारा आरती का गायन किया गया एवं भाई दिनेश सिंह के जत्थे द्वारा गंग बनारस हिन्दुवा मुसलमानां मक्का काबा..., सतगुरू नानक प्रगटिया मिटी धुन्ध जग चांनण होवा..., गायन करके संगतों को निहाल किया।

**सदर गुरुद्वारे में शबद कीर्तन सुन संगत हुए निहाल:** श्री गुरूनानक देव जी के 554वें प्रकाश पर्व को समर्पित कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज गुरूद्वारा सदर में आयोजित कार्यक्रम भाई नरिंदर सिंह, हुजूरी रागी गुरूद्वारा सदर द्वारा आशा की वार के कीर्तन गायन के साथ प्रारंभ हुआ। ज्ञानी हरविंदर सिंह, हेड ग्रंथी गुरूद्वारा सदर ने श्री गुरूनानक देव जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुऐ बताया कि श्री गुरूनानक देव जी का जन्म सन 1469 को रायभोये की तलवंडी ननकाना साहिब वर्तमान मे पाकिस्तान का हिस्सा मे हुआ था। इस मौके पार शबद कीर्तन द्वारा उपस्थित संगत को भावविभोर कर दिया। प्रसिद्ध कथावाचक ने संगत को बताया कि श्री गुरूनानक देव जी ने अज्ञानता के अंधकार को मिटाने हेतु भारत एवं भारत के बाहर चार प्रचार दौरे किये थे। तत्पश्चात भाई सुरजीत सिंह रसीला, हजूरी रागी शीशगंज एवं बंगला साहिब दिल्ली, ने सतगुरु नानक प्रगटया, मीठि धुंध जग चानन होया का कीर्तन गायन कर गुरू घर आई संगत को अपनी रूहानी वाणी से मंत्रमुग्घ कर दिया।

# यहियागंज गुरुद्वारे में 555 वें प्रकाश पर्व पर सजा विशेष दीवान





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी यहियागंज में श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर प्रातः 5:00 बजे से लेकर देर रात्रि तक विशेष दीवान सजाया गया। गुरुद्वारा साहब को विशेष प्रकार के फूलों एवं लाइटों से सजाया गया। गुरुद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि डॉ गुरमीत सिंह के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में विशेष रूप से श्री अमृतसर से ज्ञानी जसवंत सिंह परवाना जी एवं भाई सुखप्रीत सिंह जी एवं भाई गुरु फतेह सिंह जी दिल्ली वालों ने कथा एवं शबद कीर्तन द्वारा सगंतो को निहाल किया। हेड ग्रंथी ज्ञानी परमजीत सिंह जी ने बताया कि रात्रि 1:00 बजे श्री गुरु ग्रंथ साहब जी के ऊपर गुलाब के फूलों से फूलों की वर्षा की गई। कार्यक्रम की समाप्ति पर विशेष मिष्ठान प्रसाद एवं गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया।

**मवैया गुरुद्वारा:** आज मवैया गुरुद्वारे में गुरु नानक देव जी के जन्म दिवस के अवसर पर धूमधाम से पूजा पूजा एवं कीर्तन आयोजन किया गया जिसमें पूरा सिंधु समाज सिंधु समाज के सम्मानित मुखी साहब गुरुद्वारा अध्यक्ष रमेश तलरेजा हरीश तालरेजा अमरनाथ चौधरी गौतम राजपाल एवं समस्त सिंधी समाज के सभी लोगों ने पूजा अर्चना किया इसमें मुख्य अतिथि आलमबाग आश्रम से साईं हरीश जी शामिल सम्मिलित हुए।

# श्रीराम भक्त हनुमान जी की पीठ पर भगवान हैं : पं.नीलेश शास्त्री

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** इंदिरा नगर, सेक्टर-20 पार्क नम्बर -दो में आयोजित श्रीराम कथा में वृंदावन के कथा वाचक पंडित नीलेश शास्त्री ने कहा कि मनुष्य की पीठ पर पाप होता है। श्रीराम भक्त हनुमान जी की पीठ पर भगवान है। नौ दिवसीय श्रीराम कथा के अंतिम दिन उन्होंने महावीर हनुमान जी की महिमा का बखान किया। बोले कि सनातन धर्म में मुंडन की व्यवस्था है। क्योंकि माना गया है कि पाप पीठ से होते हुए शीर्ष तक जाता है और बालों में पहुंच जाता है। इसलिए उनका त्याग कर दिया जाता है। यह बात उन्होंने उस प्रसंग में कही जब श्रीराम और लक्ष्मण को हनुमान जी उनको कंधों पर बैठाकर ले जाते हैं। कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया। इसके पूर्व पहले दिन ब्रिजेन्द्र सिंह, गंगा प्रसाद सिंह, आशा सिंह, सुधाकर सिंह की ओर से शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें रमेश पत्ति, पूर्णिमा समेत 100 से अधिक लोग शामिल हुए। पंडित नीलेश शास्त्री ने कहा कि किस क्षण क्या होगा, नियति ने क्या लिखा है यह कोई नहीं जानता। यहां तक कि अगली सांस मनुष्य ले पाएगा या नहीं, इसका भी नहीं पता। ऐसे में भगवान से बड़ा कोई रक्षक नहीं। यहां तो हर कदम पर मृत्यु खड़ी है। आपके मोबाइल पर कब बुरी खबर आ जाए आप नहीं जानते। उन्होंने बताया कि अयोध्या पहुंचने जब श्रीराम के दरबार में सभी के कार्य तय हो गए। इस पर लोगों ने हनुमान जी से कहा कि आपका नाम तो इस सूची में नहीं है। इस पर उन्होंने कहा कि जब प्रभु को जम्हाई आएगी तो चुटकी बजाने का कार्य मेरा है। यह सेवा मैं कर लूंगा। विद्यावान, गुनी अति चातुर, राम काज करिबे को आतुर...इसीलिए कहा गया है। हनुमान जी समझदार हैं। उन्हें पता था कि हर कार्य का समय निर्धारित है लेकिन जम्हाई तो कभी भी आ सकती है। ऐसे में प्रभु की 24 घंटे सेवा का कार्य उनको मिल गया।

**कनक भवन में प्रवेश के लिए शरीर पर लगाया सिंदूर:** जब हनुमान जी प्रभु श्रीराम और माता सीता के पीछे कनक भवन में जाने लगे तो द्वार पर खड़ी दो स्त्रियां बोलीं कि यहां सिर्फ सौभाग्यवती स्त्री का ही प्रवेश है। हनुमान जी ने पूछा यह क्या होता है, इस पर दोनों बोलीं कि जिस स्त्री की मांग में सिंदूर हो। इस पर हनुमान जी ने पूरे शरीर पर घी में मिला कर सिंदूर लगा दिया। बोले कि जब सिंदूर से पति प्रसन्न हो सकते हैं तो हमारे रघुपति क्यों नहीं होंगे।

# बाल वर्ग गायन व कथक में कयाना दीक्षित प्रथम

## उ.प्र. संगीत नाटक अकादमी में शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता आयोजित



वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उ.प्र. संगीत नाटक अकादमी (संस्कृति विभाग) द्वारा अयोजित प्रतिष्ठित शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता के स्वर्ण जयंती वर्ष में अयोजित संभागीय प्रतियोगता में लखनऊ सम्भाग की नवोदित संगीत प्रतिभाओं द्वारा दूसरे दिन अपनी प्रस्तुतियां दी गईं।

अकादमी के अध्यक्ष डॉ जयंत खोत, उपाध्यक्ष सुश्री विभा सिंह एवं निदेशक डॉ शोभित कुमार नाहर ने आमन्त्रित विद्वतजन गुरु उर्मिला शर्मा, डॉ मदन मोहन लाल एवं उस्ताद गुलशन भारती का स्वागत अंगवस्त्रम एवं पौधा प्रदान कर किया। तीन दिवसीय संभागीय प्रतियोगता के दूसरे दिन तबला एवं कथक प्रतियोगता में प्रतिभागियों ने अपने रियाज एवं तबला वादन कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन विद्वतजनों के समक्ष किया। प्रतिभागियों को विद्वतजनों की ओर से कला के निखार हेतु प्रस्तुति के हर पहलू पर ध्यान देने को कहा गया।

बाल वर्ग गायन कथक नृत्य में कयाना दीक्षित प्रथम, ख्याति त्रिपाठी द्वितीय, संहिता कुमारवेलु तृतीय, किशोर वर्ग में समृद्धि मिश्रा प्रथम , शरण्या शुक्ला द्वितीय, अदिति जायसवाल तृतीय , युवा वर्ग में वल्लारी नारायण पाठक प्रथम, श्वेता गुप्ता द्वितीय, किशोर वर्ग तबला में सोहम मिश्रा प्रथम, मृदु नन्दन सनवाल द्वितीय, हिमांशु शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। तबला वादन युवा वर्ग में आकांक्षा राय प्रथम, पखावज में अभिषेक शुक्ला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का संयोजन रेनू श्रीवास्तव ने एवं सहयोग रंजना श्रीवस्तव, आयुष गुप्ता, ने किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन आरजे डॉ सुनील शुक्ल ने द्वारा किया गया। संयोजिका रेनू श्रीवास्तव के अनुसार स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में इसी वर्ष से प्रारम्भ की गई सुगम संगीत (भजन एवं गजल) की प्रतियोगिताएं कल तीसरे दिवस आयोजित की जाएंगी।

# उत्तराखंड महोत्सव : पहाड़ी लोक कला से सजी अवध की शाम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** उत्तराखण्ड महोत्सव में दिन प्रतिदिन बढ रही भीड़ से जहाँ एक ओर दुकानदार बहुत खुश हैं उनके स्टालों की सामग्री बाल मिठाई, पहाड़ की दाले, सब्जियाँ, ऊनी वस्त्र आदि अन्य सामग्री खूब बिक रही है, स्टॉक बार-बार मंगा रहे है, वहीं सारी व्यवस्थाओं पर मेला प्रबन्धन टीम पैनी नजर रख रही है और महोत्सव की अपार सफलता से उत्साहित भी है। पं. गोविन्द बल्लभ पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन (बीरबल साहनी मार्ग) पर चल रहे उत्तराखण्ड महोत्सव के सातवें दिन कार्तिक पूर्णिमा गुरु नानक प्रकाश पर्व अवकाश का दिन होने के कारण सुबह ही दर्शकों का आना शुरू हो गया था, शाम ढलते ढलते अपार भीड़ उमड़ पड़ी। आकर्षित करते करीने से बने स्टाल, उन पर इस बार इंद्रधनुषी ढंग से पतंगें द्वारा सजावट सचिव राजेश बिष्ट द्वारा कराई गई हैं।

आज सायं मुख्य अतिथि डा. बलकार सिंह, आईएएस, आयुक्त आवास एवं विकास लखनऊ एवं महापरिषद के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। नाचेगा भारत एवं डांस उत्तराखंड डांस प्रतियोगिता प्रभारी पूरन सिंह जीना ने अवगत कराया कि दोनों प्रतियोगिताओं में अब कंपटीशन चरम पर है, फाइनल राउंड में जगह बनाने हेतु टीमें बेस्ट परफोरमेन्स दे रही हैं। इन प्रतियोगिताओं में युवा पीढ़ी ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया है। प्रतियोगिताओं में टॉप लेवल प्रोफेशनल कलाकारों जैसी मनमोहन प्रस्तुतियाँ मंचित हो रही हैं तथा उनके सपोर्टर भी दर्शक दीर्घा से उनका उत्साहवर्धन करते हैं, सुन्दर संचालन सुन्दर सिंह बिष्ट द्वारा किया जा रहा है। सुन्दर छोलिया नृत्य-उधांचल कला केन्द्र, अल्मोडा महोत्सव स्थल पर किया जा रहा है। महापरिषद की टीम में प्रमुख रूप से संयोजक दीवान सिंह अधिकारी, महासचिव भरत सिंह बिष्ट, अवधेश कोठारी, जगत सिंह राणा, लाल सिंह, ललित बिष्ट, महेश रौतला, भुवन पटवाल, केएस चुफाल, सुनील उप्रेती, मोहन पंत, रमेश चन्द्र सिंह अधिकारी, सुरेन्द्र सिंह बिष्ट, पंकज खर्कवाल आदि पूर्ण लगन से महोत्सव को सफल बनाने में लगे है। एकल नृत्य प्रतियोगिता में 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें प्रथम-जिनिशा, द्वितीय-त्वरिती, तृतीय-नविका पोरवाल रहीं। नींबू रेस में 15 महिलाओं ने भाग लिया, जिसमें साक्षी-प्रथम, रजनी द्वितीय, तथा वन्दना तृतीय रही। यह प्रतियोगिताएं पुष्पा वैष्णव, लक्ष्मी जोशी, सुनीता कनवाल की देखरेख में सम्पन्न हुई। निर्णायक मण्डल में अरूणा उपाध्याय व शशी जोशी रही। सायंः 04 बजे से-वर्क आउट नृत्य-मानस योग केन्द्र द्वारा रजनी सिंह के नेतृत्व में-रजनी, मीनू, ममता, नेहा, गुड़िया, सारिका, निर्मला, संगीता का सुन्दर नृत्य, स्नेहा कुमारी का फोक डांस, नारी सशक्तिकरण पल्लवी प्रजापति द्वारा नृत्य, रोहिनी का गढ़वाली नृत्य एवं गायन खूब सराहा गया।

लोक संस्कृति एवं समाज कल्याण समिति द्वारा मन्दाकिनी बहुगुणा के नेतृत्व में ज्योति, नन्दिनी, दिव्यांशी, नत्या, आयुषी, मान्या, कीर्ति, नव्या पंत, मानवी, स्वरा सिंह द्वारा कृष्णा पर आधारित लोकनृत्य, तृप्ति गुप्ता का भरतनाट्यम श्री राम स्तुति - भक्तिमय प्रस्तुतियाँ देकर, भक्तिमय माहौल बनाया। सायं कार्यक्रम में झोड़ा प्रतियोगिता के दूसरे राउण्ड में पहुँचे 5 दलों की प्रस्तुतियाँ हेमा बिष्ट के नेतृत्व में शिवानी विहार कल्याणपुर, मंजू पाण्डेय के नेतृत्व में आलोक नगर कल्याणपुर, सुशीला नेगी नेतृत्व में वसुन्धरापुरम कल्याणपुर, नंदा रावत के नेतृत्व में जौहार टीम विकासनगर, बलवन्त वाणगी के नेतृत्व में-देव भूमि जन सरोकार सांस्कृतिक समिति गोमतीनगर- पांचों दलों ने उत्तराखण्ड के प्राचीन लोक विधा का सुन्दर प्रस्तुतिकरण कर जन समूह की वाहवाही बटोरी।

# कार्तिक पूर्णिमा : देव दीपावली पर दीयों से जगमगा उठा गोमती तट





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** झिलमिल रोशनी से टिमटिमाते लाखों दीप, वेदियों पर आसीन पुजारी हाथों में आरती लिए हुए, पीछे विशेष प्रकार के परिधानों में साज सज्जा कर खड़ी महिलाएं और लड़कियां संगीत यंत्र बजाती हुईं, कार्तिक पूर्णिमा की पावन बेला पर शाम होते ही ऐसा मनभावन दृश्य देखकर लग रहा था कि गोमती तट पर मानों देवता उतर आए हों। पूरी भव्यता के साथ फूलों और रंग बिरंगी लाइटों से जगमगाते मनकामेश्वर उपवन तट पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ महंत देव्या गिरि की अगुवाई में देव दीपावली पर महाआरती हुई। वहीं, शहर के अन्य घाटों पर भी देव दीपावली के आयोजन हुए। कार्तिक पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर सोमवार को देव दीपावली हर्षोल्लास के साथ शहर भर में मनाई गई। दीपों की झिलमिल रोशनी से गोमती किनारे विभिन्न तट जगमगाते रहे। घर-घर भगवान विष्णु के साथ तुलसी माता का पूजन हुआ। मंदिरों में पूजा.अर्चना के लिए भीड़ उमड़ती रही। पटाखों से एक बार फिर आसमान गूंजे। साथ ही सैकड़ों श्रद्धालुओं ने देवों को दीपकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्तिका पूर्णिमा एवं देव दीपावली पर श्रीमनकामेश्वर मंदिर.मठ के तत्वावधान में शुक्रवार को डालीगंज के गोमती तट पर बने उपवन घाट पर दो लाख इक्वायन हजार दीप जलाए गए। मंदिर की श्रीमहंत देव्यागिरी महाराज की अगुवाई में 11 वेदियों से आदि गंगा गोमती की आरती की गई। शंख और घंटों की ध्वनि से उपवन घाट गुंजायमान हो उठा। आरती के भक्तों ने गोमती मैया की जय जयकार की। आरती के बाद भक्तों में खीर, पूडी, सब्जी हलवा का प्रसाद बांटा गया। इससे पहले घाट पर सुबह से मंदिर की मुख्यकार्यकर्ता उपमा पाण्डेय की देखरेख में सैकड़ों ने श्रद्धालुओं ने रंगाली सजाई। ओम शुभ के चिन्ह बनाकर उसमें दीप सजाए। इसमें रामधीन सिंह इंटर कॉलेज और सीएमएस के बच्चों ने दीप सजाने में अपनी सेवाएं दी। घाट पर मंदिर की तरफ से रंगोली प्रतियोगिता हुई। बच्चों ने फुलों, दीपों और रंगों से रंगोली सजाई। मंदिर की महंत देव्यागिरी महाराज इस अवसर पर कहा कि बच्चों को अपनी संस्कृति और परम्परा के बारे में बताया।

**रोशनी से नहाया मनकामेश्वर उपवन घाट :** दो लाख दीपकों की रोशनी से नहाया मनकामेश्वर उपवन घाट, परंपरा, आस्था और विश्वास की बही त्रिवेणी, नमोस्तुते मां



गोमती से गुंजायमान वातावरण के साथ आदि गंगा गोतमी की आरती करते श्रद्धालु। सोमवार को कुछ ऐसा ही माहौल देव दीपावली पर शाम-ए-अवध में नजर आया। कार्तिक मास की पूर्णिमा के महात्म के बखान के बीच मनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्या गिरि ने आरती कर माहौल को भक्ति से सराबोर कर दिया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच आचार्यो ने विधान कराए तो पूरे परिसर में हजारों साल पुरानी सनातन संस्कृति एक बार फिर मुस्कुरा उठी। एक ओर जहां मनकामेश्वर उपवन घाट पर पहली बार गोबर के दीपकों से आरती कर उन्हें गोमती में प्रवाहित किया गया तो दो लाख मिट्टी के दीपकों से पूरा परिसर रोशनी से सराबोर हो उठा। कुड़ियाघाट पर एक दिन पहले 501 दीपक जलाकर गोमती को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया गया। श्री शुभ संस्कार समिति के महामंत्री ऋद्धि किशोर गौड़ के संयोजन में आरती हुई। झूलेलाल घाट पर सनातन आरती के साथ डॉ.प्रवीण ने आदि गंगा को निर्मल बनाने का संकल्प दिलाया।

**खदरा में देव दीपावली:** खदरा के शिव मंदिर घाट प ओम ब्राह्मण समाज के संयोजक धनंजय द्विवेदी के सानिध्य में आरती हुई। आशियाना परिवार के अध्यक्ष आरडी द्विवेदी के संयोजन में द्विवेदी पार्क के तुलसी वाटिका में देव दीपावली पर महापौर संयुक्ता भाटिया के अलावा अंजू रघुवंशी, शशि शर्मा, रमा द्विवेदी, नीलम शुक्ला, बीना अग्रवाल, प्रीति जैन व दीपा दीक्षित समेत परिस के सदस्यों ने आरती में हिस्सा लिया। राजेंद्र नगर के महाकाल मंदिर में श्रृंगार के साथ आरती की गई।

**इसलिए होती है देव दीपावली:** पं. बिन्द्रेस दुबे ने बताया कि भगवान शिव ने त्रिपुर नामक असुर का वध कार्तिक पूर्णिमा को ही किया था और श्री विष्णु जी ने मत्स्य अवतार भी इसी दिन लिया था। देवताओं ने इसी दिन दीपावली मनाई थी। इसलिए इस दिन देव दीपावली मनाई जाती है।

## 1100 दीपों से रोशन हुआ झूलेलाल घाट

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सनातन महासभा की ओर से झूलेलाल वाटिका, गोमती तट पर प्रत्येक पूर्णिमा पर आयोजित कार्तिक पूर्णिमा व दे० दीवाली पर आयोजित सनातन महासमागम एवं 131वी आदि गंगा माँ गोमती महाआरती का आयोजन शुक्रवार को किया गया।

मंगलाचरण, स्वस्तिवाचन, पुष्पांजलि व शंखनाद के साथ 07 भव्य मंचो से पूज्य स्वामी आनंद नारायण, स्वामी हरेंद्र नाथ, स्वामी मुरारीदास, राज्य सभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा व देवेंद्र शुक्ल के सानिध्य में हुई। महाआरती में मृदंग, मंजीरा, ढोल, तासे, शंख की ध्वनि से पूरा प्रांगण गुंजायमान रहा। अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया कि महाआरती के पूर्व कार्यक्रम का आरंभ गुरुनानकदेव जी की जयंती पर माल्यार्पण व पूजन से हुआ। रंगोली के साथ शशि गुप्ता, मोनिका अग्रवाल के गणेश वंदना और समापन पूनम विष्ट के कथक नृत्य से हुआ। इसके बाद अयोध्या चले श्रीराम रघुराई नृत्य नाटिका का भव्य मंचन सत्य समर्पण निर्देशक अमित दीक्षित'रामजी' के नेतृत्व में हुआ और श्रीराम के रूप में नैतिक सिंह व सीताजी के रूप में आस्था मिश्रा सहित कलाकारों ने मन मोहक रामलीला की प्रस्तुति की। राज्य सभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा, कैंट बोर्ड उपाध्यक्ष प्रमोद शर्मा सहित वरिष्ठ समाजसेवियों राजेश सिंह, मधुराम जी, नितेन्द्र यादव तथा पत्रकारों में विभांशुमणि त्रिपाठी व विवेक शाही को सनातन शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान से पूर्व 15 विशिष्ट समाजसेवियों का मंच पर भारतीय संस्कृति के अनुसार जन्म दिन व विवाह वर्षगांठ भी धूमधाम से मनाई गई। बाद में महाआरती का संयोजन कर रहे महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण व महासचिव देवेंद्र शुक्ल ने बताया कि दे० दीवाली के अवसर पर महाआरती के बाद 1100 दीपो से घाट दीवाली की तरह जगमगा उठा, साथ ही इस बार नशा मुक्त प्रदेश अभियान के अंतर्गत नशा मुक्त उ.प्र. बनाने कस संकल्प कराया गया और हस्ताक्षर अभियान के साथ संघर्ष करने का निर्णय लिया गया और सभी ने राष्ट्रीय महासचिव देवेंद्र शुक्ल व डॉ0 आहुति ओझा के नेतृत्व में नशा मुक्त प्रदेश बनाये जाने हेतु संकल्प दीपो से सभी भक्तों को संकल्प कराकर गोमती मैया के गोद में दीपदान किया इस भव्य कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता विकास मिश्र ने किया और भक्तों को अपनी मिमिक्री से मनोज सारस्वत ने हंसते-हंसाते धर्म का ज्ञान तमाम फिल्मी कलाकारों व राजनेताओ की आवाज में दिया।

# कार्तिक पूर्णिमा पर गोमती में लगी आस्था की डुबकी



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान कर दान पुण्य करने की सनातन परपंरा का निर्वहन भी किया जाता है। शुक्रवार को सुबह-सुबह श्रद्धालुओं ने गोमती में डुबकी लगाई और स्नान के बाद आदि गंगा गोमती के घाटों पर श्रद्धालुओं ने गरीबों को दान दिया।

कुड़ियाघाट पर पिछले साल के मुकाबले स्नान करने वालों की संख्या अधिक रही। झूलेलाल घाट के साथ ही संझिया व अग्रसेन घाट पर भी लोगों ने स्नान किया। लक्ष्मण मेला घाट के अलावा खदरा के शिव मंदिर घाट ओम ब्राह्मण समाज के धनंजय द्विवेदी ने स्नान कर आदि गंगा गोमती को निर्मल व स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया। गंगा समग्र लखनऊ महानगर व श्री बड़ी काली जी मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में आदि गंगा मां गोमती की भव्य आरती का आयोजन कुड़िया घाट लखनऊ में प्रातः सूर्योदय के समय किया गया। कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान के अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से विभोर हो मां गोमती की आरती संपन्न की। जिसमें मुख्य रूप में श्री मनकामेश्वर मंदिर की महंत श्रद्धेय दिव्या गिरी जी अहिमर्दन पातालपुरी



लेटे हुए हनुमान जी मंदिर के महंत डॉक्टर विवेक तागड़ी श्री बड़ी काली जी मंदिर चौक के महंत ने आरती की।

कार्तिक पूर्णिमा से करीब डेढ़ महीने तक लगने वाला ऐतिहासिक कतकी मेला भी नजर आया। पं. बिन्द्रेस दुबे ने बताया कि मान्यता है कि भगवान शिव ने त्रिपुरासुर नामक असुर का वध कार्तिक पूर्णिमा को ही किया था और विष्णु जी का मत्स्य अवतार भी इसी दिन को हुआ था। देवताओं ने इसी दिन दीपावली मनाई थी।

**भजनों के बीच नावें हुईं प्रवाहित :** उड़िया समाज की ओर से बोइटो वंदना के तहत शुक्रवार को झूलेलाल घाट पर भोर में केले के तने से बनी नावों को प्रवाहित किया गया। समाज के डीआर साहू ने बताया कि जल मार्ग से व्यापार की शुरूआत का पर्व बोइटो वंदना है ।सुबह झूलेलाल घाट पूजन के साथ नाव प्रवाहित की गई। इस अवसर पर उप्र पावर कारपोरेशन के महानिदेशक सतर्कता एसएन साबत सहित समाज के लोग मौजूद थे।

## 25 दिसम्बर से अटल व्याख्यान माला का होगा शुभारंभ

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राजधानी के वीवीआईपी गेस्ट हाउस में शुक्रवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता में पूर्व केंद्र शिक्षा मंत्री एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने स्पर्श हिमालय महोत्सव 2024 की अद्वितीय सफलता और आगामी अटल जयंती समारोह के विशेष आयोजनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

डॉ. निशंक ने बताया कि यह महोत्सव 25 से 27 अक्टूबर तक आयोजित हुआ, जिसका उद्घाटन पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया। डॉ. निशंक ने बताया कि 25 दिसंबर को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर उत्तराखंड के लेखक गांव में अटल व्याख्यान माला की शुरूआत की जाएगी। यह व्याख्यान माला साहित्य और संस्कृति के माध्यम से युवा पीढ़ी को प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि लेखक गांव में नालंदा विश्वविद्यालय की तर्ज पर एक भव्य पुस्तकालय का निर्माण किया जाएगा। इस पुस्तकालय में 1 लाख से अधिक पुस्तकों का संग्रह होगा, जो साहित्य प्रेमियों और शोधकताओं के लिए एक अमूल्य धरोहर होगी।

**साहित्य और कला के लिए पुरस्कारों की घोषणा:** अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार के तहत विश्व स्तर पर साहित्य और कला के क्षेत्र में योगदान देने वाले प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों को सम्मानित किया जाएगा। वहीं, राष्ट्रीय पुरस्कार के जरिये भारतीय साहित्यकारों और कलाकारों के उत्कृष्ट योगदान को मान्यता दी जाएगी। साथ ही राज्य स्तरीय पुरस्कार के तहत उत्तराखंड की स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष पुरस्कार प्रदान किए जायेंगे।

## पीडब्ल्यूडी में अब ई-ऑफिस के जरिये होगा संचालन

- विभाग के प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष योगेश पंवार ने जारी किया आदेश
- आगणन डिजिटल सिग्नेचर से न भेजने पर अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में अब ई-ऑफिस के जरिये संचालन किया जायेगा। इसके लिए विभाग के प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष योगेश पंवार ने आदेश जारी कर दिया है। आदेश के अनुसार यदि सम्बन्धित अधिकारी डिजिटल सिग्नेचर से आगणन नहीं भेजे तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। बता दें कि 14 नवम्बर को विभाग के प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक के दौरान प्रमुख सचिव ने निर्देश जारी किये कि 14 नवम्बर के बाद लोक निर्माण विभाग मुख्यालय से निर्माण कार्यों से सम्बन्धित सभी आगणन अनिवार्यतः ई-ऑफिस के माध्यम से ही डिजिटल सिग्नेचर सहित शासन को भेजा जायेगा।

इस सम्बन्ध में विभाग के प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष योगेश पंवार ने मुख्य अभियंता मुख्यालय -1 और मुख्य अभियंता सेतु के अलावा मुख्यालय स्थित समस्त मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता और आईडीएस वृत्त के अधीक्षण अभियंता को भेजा है। इस आदेश के अनुसार सम्बन्धित अधिकारियों को बताया गया कि यह निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। यदि अधिकारी द्वारा ई-ऑफिस के माध्यम से आगणन डिजिटल सिग्नेचर सहित शासन को नहीं भेजे जाते हैं तो पहली बार में सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि एवं उसकी पुनरावृत्ति होने की दशा में उसके विरूद्ध लघु दंड का प्रस्ताव संस्तुति सहित उसके उच्च अधिकारी को तत्काल प्रस्तुत किया जाये। बता दें कि फील्ड के अभियंताओं के अनुसार, पूर्व वर्षों में एस्टिमेट्स को मुख्यालय पर एस्टिमेटर सॉफ़्टवेयर से ही भेजने की व्यवस्था की गई थी, लेकिन किन्हीं कारणों से एस्टिमेटर व्यवस्था को बंद कर दिया गया। मुख्यमंत्री द्वारा पेपरलेस वर्किंग कार्यप्रणाली को लागू करने के लिए सभी विभागों में ई-ऑफिस की व्यवस्था लागू की जानी है लेकिन लोक निर्माण विभाग में ई-व्यवस्था मात्र दिखावा बन कर रह गई। इसी कारण प्रमुख सचिव ने बैठक कर तत्काल ई-ऑफिस की व्यवस्था लागू करने पर जोर दिया है। साथ ही इस बार व्यवस्था किसी भी तरह से फेल न हो, इसके लिए लापरवाह अधिकारियों पर दंड का प्रावधान भी रखा है।

## सुंदरकांड पाठ के साथ शुरू हुआ लक्ष्मणपुर अवध महोत्सव



लखनऊ। प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट व प्रगति इवेंट की ओर से अवध विहार योजना, बी-टू, अवध शिल्पग्राम में शुक्रवार को लक्ष्मणपुर अवध महोत्सव का शुभारंभ हुआ। एक दिसम्बर तक चलने वाले महोत्सव का उद्घाटन राज्यसभा सांसद और पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इससे पहले सुंदरकांड का पाठ हुआ। सांसद डॉ दिनेश शर्मा ने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य है कि विभिन्न प्रदेशों के हस्तशिल्प, कला, संस्कृति और दैनिक जीवन की प्रयोग में आने वाली वस्तुएं एक छत के नीचे उचित मूल्य पर प्राप्त हो सकें। संस्था के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप ओडीओपी एक जिला एक उत्पाद का ध्यान रखा गया है। यहां भदोही की कालीन, सहारनपुर के फर्नीचर, भागलपुर की साड़ियां और देश के तमाम में राज्यों के उत्पादों के स्टाल लगे हैं। वहीं प्रतिदिन भारतीय संस्कृति, नृत्य, गायन व संगीत के कार्यक्रम होंगे। महोत्सव के पहले दिन प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना एवं गुरु डॉ आकांक्षा श्रीवास्तव के निर्देशन में शिव वंदना, राम वंदना, परंपरागत कथक नृत्य, ठुमरी, सरगम व तराना पेश किया गया। इस मौके पर पार्षद ब्रजमोहन शर्मा, आशु सिंह, अनुज मौर्य, पवन पाल, रागिनी पूजा जायसवाल, प्रिया पाल, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## थारु समाज के 10 मेधावियों का हुआ सम्मान

लखनऊ। थारू उत्थान महासमिति की ओर से शुक्रवार को वीर शिरोमणि भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती कृष्णा नगर के बापू आसाराम रोड स्थित अंबेडकर पार्क में श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस मौके पर कार्यक्रम में शामिल हुए सरोजनीनगर विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जी ने जल, जमीन, जंगल और आदिवासी स्वाभिमान की रक्षा के लिए तीर कमान से अंग्रेजों की बंदूकों का सामना किया। इस दौरान विधायक ने सरोजनीनगर में बिरसा मुंडा जी की वीरगाथा संजोने के लिए विधायक निधि से पांच लाख की लागत से स्मृति पार्क और एक मूर्ति स्थापित करवाने का संकल्प व्यक्त किया। डॉ. सिंह ने थारु समाज के 10 मेधावी छात्रों को टैबलेट, साइकिल व प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में डीसी प्रताप बालमुकुंद, रामराज और कल्लु ने बिरसा मुंडा की महिमा का बखान किया। उन्होंने सरकार से उत्तर प्रदेश जनजाति आयोग का गठन किए जाने की मांग की। इस मौके पर महेंद्र कुमार, देवतादीन, छेदालाल, श्याम लाल, विनोद, सिद्धार्थ आनंद, उमेश कुमार, अशोक कुमार, सतीश कुमार, सचिन कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## एसकेडी एकेडमी में मना प्रकाश पर्व

लखनऊ। एसकेडी एकेडमी ने शुक्रवार को गुरु नानक देव जी की 555वीं जयंती धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर स्कूल परिसर में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। छात्रों ने गुरु नानक देव जी के जीवन और उनकी शिक्षाओं पर आधारित वाद-विवाद एवं निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया।

गुरु नानक देव जी के जीवन और उनकी शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए, एसकेडी ग्रुप के निदेशक मनीष सिंह ने कहा कि गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं हमें सहानुभूति, करुणा और एकता जैसे सार्वभौमिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं। इन मूल्यों का पालन करने वाला व्यक्ति जीवन में हमेशा सुखी रहता है। इस अवसर पर उप निदेशक निशा सिंह, सहायक निदेशक (अकादमिक) कुसुम बत्रा, समस्त शिक्षकगण, छात्र और स्टाफ उपस्थित रहा।

## एकेटीयू में याद किये गये भगवान बिरसा मुंडा

लखनऊ। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में शुक्रवार को आदिवासी चेतना के महानायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई। कुलपति प्रो. जेपी पांडे के निर्देशन एवं कुलसचिव रीना सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शिक्षकों ने बिरसा मुंडा जी के चित्र पर माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर डॉक्टर अनुज कुमार शर्मा ने बिरसा मुंडा जी के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बेहद कम उम्र में ही उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ आदिवासी आंदोलन को न केवल नेतृत्व प्रदान किया बल्कि मुखर स्वर के रूप में उभरे। छोटी ही उम्र में संघर्ष करते हुए अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया। उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। इस मौके पर सहायक कुलसचिव शिवम गुप्ता, सहायक कुलसचिव रंजीत सिंह, व्यवस्था अधिकारी प्रवीण कुमार, इन्नोवेशन हब के हेड महीप सिंह, डॉ जयवीर सिंह, आरपी सिंह, ओम सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# कवि पंकज प्रसून और हिमांशु ने छात्रों संग बयां किये किस्से

- लखनऊ अब बना चुका है शिक्षा का हब: डॉ. दिनेश शर्मा
- केकेसी में लिट फेस्ट के दूसरे संस्करण का समापन हुआ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** श्री जय नारायण मिश्र पीजी कॉलेज में दो दिवसीय केकेसी लिट फेस्ट के दूसरे संस्करण का समापन कई सत्रों के साथ हुआ। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने कॉलेज के उत्सव स्थल को देखकर पुरानी बातें साझा कीं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्राचार्य डॉ. हरिहरनाथ द्विवेदी ने उनको फोन करके कहा था कि यहां कॉलेज के मैदान में भैंसों का कब्जा हो गया है और तबेला बन गया है। नगर निगम के प्रयास से इसे मुक्त कराएं। प्रो. शर्मा ने उन्हें आश्वासन दिया और उस जगह को खाली कराया।

डा. दिनेश शर्मा ने कहा कि अब प्रतिभा पलायन का समय जा चुका है। आज जो लोग हमारे यहां रिजेक्ट हो जाते हैं विदेश उनको सिलेक्ट करता है। उन्होंने कहा कि लखनऊ एक शैक्षिक हब बन चुका है और भारत पठन-पाठन का केंद्र। विशिष्ट अतिथि उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने बताया कि उत्तराखंड में उन्होंने देहरादून एयरपोर्ट के पास एक लेखक ग्राम बनवाया है। जिसमें देश में लेखनी से जुड़ा कोई भी व्यक्ति आकर रह सकता है। अपना रचनाकर्म कर सकता है। उसे वहां पर अनेकों सुविधा मिलेगी। प्राचार्य प्रोफेसर विनोद चंद्र ने कहा कि प्रो. दिनेश शर्मा की वजह से ही महाविद्यालय के शिक्षकों को प्रोफेसर पदनाम लगाने का अवसर मिल सका। उन्होंने कहा जल्दी ही उनके प्रयासों से लखनऊ विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त होगा। इस दौरान अतिथियों ने कवि पंकज प्रसून की हाल ही में आई पुस्तक सच बोलना पाप है का विमोचन भी किया। अध्यक्षता महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष वीएन मिश्र ने की। संचालन प्रो. पायल गुप्ता ने किया।

**पासवर्ड याद है लेकिन पड़ोसी को भूल रहें: पंकज प्रसून:** लिट फेस्ट के दूसरे दिन के प्रथम सत्र में प्रो. बलवंत सिंह ने समकालीन कवि पंकज प्रसून से बातचीत की। पंकज प्रसून ने छात्र-छात्राओं से कहा कि वह भी इसी कॉलेज के पढ़े हुए छात्र हैं। उन्होंने बीएससी की पढ़ाई यहीं से की। उन्होंने छात्रों को एक संदेश भी दिया कि लड़कियां रील बनाती हैं, लड़के दिन रात कमेंट करते हैं और लड़कियां उनके कमेंट को फॉलो भी नहीं करती। उन्होंने लड़कों को समझाया कि ऐ लड़कों, लड़कियों की इस बेरुखी को समझो और उनकी रील में ना उलझो। आज हमें पासवर्ड तो याद रहता है किंतु हम अपने पड़ोसी को भूल रहे हैं। चेहरे को फिल्टर करने वाले इतने औजार आ गए हैं कि कौन कौवा और कौन हंस, यह पहचानना मुश्किल हो गया है।

**हिमांशु की किस्सागोई पर लगे ठहाके:** दूसरे सत्र में प्रख्यात किस्सागो डॉ. हिमांशु वाजपेई ने अपनी किस्सागोई से सभी का मन मोह लिया। उन्होंने बताया कि लखनऊ की सबसे बड़ी खासियत यहां की आहिस्ता मिजाजी है। यहां का धीमापन, यहां का सुकून बहुत से लोगों को चुभ सकता है। उन्होंने कहा कि जल्दी का काम शैतान का मुहावरा यहीं के लिए बनाया गया था। उन्होंने एक टेलर के बारे में बताया कि एक बार एक नवाब ने एक टेलर को अपने कपड़े दो-तीन साल में सिल कर न देने के लिए डांट दिया, तो उसकी पत्नी ने कहा कि तुम्हें वह क्यों डांट रहा था। टेलर ने कहा कि मैंने उसको तीन साल बाद बुलाया था और तीन साल पूरे होने पर भी मैं उसे कपड़े सिलकर न दे सका। इसलिए उसने मुझे डांटा। तो पत्नी ने कहा कि इतना अर्जेंट ऑर्डर मत लिया करो। यह सुनकर पूरा पंडाल हंसी के ठहाकों से गूंज गया।

**रग रग में बसा है लखनऊ: मुजफ्फर अली:** लिटफेस्ट के अंतिम और तीसरे सत्र का संचालन प्राचार्य प्रो. विनोद चंद्र ने किया। उन्होंने उमराव जान फेम मशहूर फिल्म निर्देशक मुजफ्फर अली से बातचीत की। मुजफ्फर अली ने एक सवाल के जवाब में कहा कि लखनऊ उनकी रग रग में बसा है। लखनऊ और इसके लोगों की तरक्की ही उनका आखिरी उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि उनको एक आम आदमी की समझ देने के लिए लखनऊ के रियासती माहौल से अलग अलीगढ़ में शिक्षा के लिए भेजा गया। जहां वह खुद अपनी पहचान समझ सके और बना सके। उन्होंने बताया कि उन्हें मशहूर फिल्म निर्देशक सत्यजित रे ने काफी प्रभावित किया। जिस तरह से कलकत्ते को सत्यजीत रे अपनी आंखों से देखते थे। वैसे ही चश्मे से मुजफ्फर अली ने लखनऊ को देखा और अपनी फिल्मों में उसको दर्शाया भी।

संक्षेप

## किसान एक, उसकी समस्याएं अनेक

**देवरिया**। एक किसान ही है जिसको अपनी समस्याओं के हल के लिए अपने ही पसीना बहाना पड़ता है। समय आने पर ना तो सरकारी घोषणाएं और न ही योजनाएं उसकी चिंता को कम कर पाती है। सरकार द्वारा किसानों के जीवन में बेहतरीन लाने के लिए भले तरह-तरह की योजनाएं चलाई जा रही हों या घोषणाएंकी जा रही हो लेकिन बुवाई के समय जमीन पर औंधे मुंह गिर जाती है। इस समय किसान एक तरफ जहां धान की कटाई सुखाई और उसकी सही कीमत पानी के लिए हाथ पैर मार रहा है वही रबी की बुवाई की चिंता भी उसे सता रही है। सरकारी बीज गोदाम पर लगातार दौड़ के बाद भी उसे ना तो समय से बीज मिल पा रहा है और न ही खाद |मजे की बात यह है कि इस वर्ष बीज पर सीधे अनुदान होने से किसानों बड़ी भीड़ सरकारी बीज गोदामो पर पहुच रही है |बताया जा रहा है पहुच वाले किसान बीज उठाकर महगे दाम पर बेच भी रहे हैं |अधिकांश खासकर छोटे किसान कभी खेतों में तो कभी गोदाम पर दौड़ लगा रहा है। धान की कटाई के बाद रवि की बुवाई के लिए ये खेत की तैयारी में पराली एक अलग समस्या बनी हुई है। जलाने पर उसे जुमार्ना की चिंता सता रही है और बिना जलाए बिना काटे खेत की सिंचाई, जुताई भी संभव नहीं हो पा रही है साधन संपन्न किसान तो खेतों की पराली को ट्रैक्टर आदि से जोत काट करके इस समस्या से निजात पा रहे हैं लेकिन छोटे किसान यह खर्च नहीं उठा पा रहे हैं और पराली इकट्ठा करने जलाने के अलावा उनके पास कोई चारा नहीं है। इस वर्ष अच्छी वर्षा न होने से धान की उपज भी मन मुताबिक नहीं हुई जबकि सूखे की स्थिति में किसानों को कई बार सिंचाई करनी पड़ी।

उधर धान करीबकेदो पर भी किसानों को धान बेचने में कठिनाई हो रही है |साधन विहीन किसान अपना धान केंद्रों पर ना ले जाकर प्राइवेट दुकानों और गांव-गांव घूम रहे खरीदारों को कम दाम पर बेचने को मजबूर हैं |सरकारी बीज गोदाम और सहकारी समितियां पर समय से और भरपूर खाद, बीज न पहुंचने के कारण किसान चिंतित हैं और प्राइवेट दुकानों से खाद बीज लेने को मजबूर हो रहे हैं।

## आदिवासी संघर्ष समिति ने बिरसा मुण्डा जन्म जयंती मनाई

**ललितपुर**। कचहरी प्रांगण में आदिवासी संघर्ष समिति के तत्वाधान में महान क्रान्तिकारी जल, जंगल, जमीन के नायक बिरसा मुण्डाजी की जन्म जयन्ती पर सर्व प्रथम उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर गोष्ठी की गयी। गोष्ठी में क्रान्तिकारी आदिवासी वीर सपूत विरसा मुण्डाजी के जीवन परिचय पर अपने वक्तत्व में आदिवासी संघर्ष समिति के संरक्षक हरदयाल सिंह लोधी एड. ने कहा कि विरसा मुण्डाजी का जन्म 15 नम्बर 1875 को एक भारतीय आदिवासी के परिवार में जन्म हुआ था। विरसा जी अल्पायु 25 साल की उम्र में ही स्वतन्त्रा सेनानी बन गये थे। उन्होंने ब्रिटिश शासन काल में व ब्रिटिश राज्यों के दौरान 19वीं शताब्दी के अंत में बंगाली प्रेसीडेन्सी ( अब झारखण्ड ) में हुई एक आदिवासी आंदोलन का नेतृत्व किया था। भारत के आदिवासी भगवान के रूप में मानते थे और उन्हें धरतीवा के नाम से भी जाना जाता था।

# कार्तिक पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी



आदिकाल से चली आ रही इस मान्यता को मानते हुए कई राज्यों से श्रद्धालु कुशीनगर व बिहार बॉर्डर पर स्थित बांसी नदी तट पर आते हैं। कार्तिक पूर्णिमा पर हजारों की संख्या में लोग बांसी नदी में स्नान कर पुण्य के भागीदार बनते हैं। बांसी का यह क्षेत्र भगवान राम और उनसे जुड़े स्मरण विभिन्न समय, काल और स्थान से जुड़ा है।

### यूपी-बिहार प्रशासन की रही कड़ी चौकसी

एतिहासिक बांसी मेले को लेकर स्थानीय बांसी पुलिस चौकी द्वारा विशेष चौकसी बरती गई थी। इस दौरान महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों के साथ-साथ पीएसी के जवान भी भारी संख्या मे मुस्तैद रहे।

**कुशीनगर**। कार्तिक पूर्णिमा व देव दीपावली के अवसर पर शुक्रवार को भोर में बांसी नदी, छोटी गंडक व नारायणी के विभिन्न घाटों पर लोगों ने श्रद्धा व आस्था की डुबकी लगाई। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने दान किया। महिलाओं व बच्चों ने मेले में खरीदारी की। इस दौरान जगह-जगह पुलिस बूथ पर पुलिस चौकस दिखी। यूपी-बिहार सीमा पर स्थित बांसी धाम घाट पर हर साल की तरह इस साल भी रौनक रही। ऐतिहासिक बांसी मेले को लेकर यूपी-बिहार प्रशासन सतर्क रहा।

● महिलाओं और बच्चों ने मेले में कई खरीदारी

घाट पर भीड़ न हो, इसके लिए पूरी व्यवस्था की गई थी। बांसी चौकी की पुलिस की ओर से विशेष चौकसी बरती गई। महिला व पुरुष कांस्टेबल के साथ पीएसी के जवान भी तैनात किए गए थे। मेले में पूरी रात पुलिस गश्त करती रही।

### श्रद्धालुओं ने की दान- दक्षिणा

गुरुवार को देर शाम से ही बांसी, पनियहवां, शिवाघाट व हेतिमपुर घाट पर श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। रात में प्राचीन रामजानकी मंदिर और आसपास के भवनों में ठहरे लोगों ने भजन, कीर्तन किया। शुक्रवार को सुबह स्नान का क्रम शुरू हुआ जो दोपहर तक चला। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने दान किया। महंत ने बताया कि बड़ी संख्या में लोगों ने स्नान किया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस मुस्तैद रही।

### बनारस से आये पुरोहितों ने की गंगा आरती

कार्तिक पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर बृहस्पतिवार की शाम को बांसी घाट पर गंगा आरती हुई। बनारस से पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गंगा आरती की।।

### बांसी-नारायणी के संगम स्थल पर लगा मेला

सेवरही में बांसी नदी के शिवा घाट व पिपराघाट में बांसी व नारायणी नदी के संगम स्थल पर श्रद्धालुओं ने स्नान किया। इसके अलावा पांडेयपट्टी, गौरी घाट, बीरवट व अहिरौली दान में भी लोगों ने स्नान और दान किया।

बांसी घाट पर श्रद्धालुओं ने गंगा आरती की, घाटों पर मेला जैसा माहौल रहा। नगर पंचायत की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मुकम्मल इंतजाम कराया गया था। थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### आकर्षण का केंद्र बना झूला

बांसी मेले में बाहर से आए झूला, सर्कस, जादूगर आदि आकर्षण का केंद्र बने रहे। जिसमें खासकर महिलाओं एवं युवाओं की अच्छी खासी भीड़ देखी गई। वहीं देर रात तक झूला के लिए लोगों का तांता लगा रहा।

### सौ काशी, एक बासी

ऐसी मान्यता है कि काशी में अपने जीवन के अंतिम दिन बिताने पर मोक्ष की प्राप्ति होती है।

यहां नदी में स्नान करने से व्यक्ति के सभी पापो का नाश होकर पुण्य का भागीदार होता, लेकिन यूपी-बिहार की सीमा में बहने वाली बांसी नदी के विषय में ऐसी मान्यता है कि सौ काशी एक बासी मतलब बासी नदी में एक बार डूबकी लगाने से काशी में सौ बार स्नान-ध्यान करने के बराबर पुण्य मिलता है।

## पूर्णिमा पर्व पर श्रद्धालुओं ने लगाई पवित्र नदियों में पुण्य की डुबकी

देवरिया। जिले में कार्तिक पूर्णिमा के पर्व को श्रद्धालुओं ने आज प्रातः विभिन नदियों, सरोवरों में पुण्य की डुबकी लगाकर और भगवान विष्णु की पूजा अर्चना कर मनाया। पूर्णिमा के पवित्र स्नान के लिए श्रद्धालुओं खासकर महिला भक्तों की भीड़ रात में ही सरयू नदी के बरहज, कपरवार, भागलपुर और छोटी गंडक के हेतिमपुर, पटनवा, महुवापटन, बैकुंठपुर, बनकटा शिव, नुरीगंज, भटनी अक्ल आम, चनुकी, बरहेचौरा, नदावर आदि घाटों पर पहुच गयी और प्रातःकाल पवित्र स्नान प्रारम्भ हो गया जो दोपहर तक चला। घाटों पर साफ सफाई रोशनी की व्यवस्था के साथ ही मेले भी लगे और अन्न पैसे वस्त्र आदि का दान कर पुण्य अर्जित किया। इसके अतिरिक्त घरों परिवारों में श्रद्धालु भी स्नान कर दान पुण्य, सतनारायण व्रत कथा, तुलसी पूजन, और डीप जलाकर देव दीपावली मनाया, पटाखे फोड़ खुशी मनाई। विभिन्न नदी घाटों पर सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं, मंदिरों द्वारा दिप जलाकर देव दीपावली मनाई गई। विदित हो कि पिछले वर्षो की अपेक्षा इसवर्ष देवदीपावली मनाने को लेकर जिले में अधिक उत्साह देखने को मिला।

## 25 हजार दीपों से जगमग हुआ बुद्धा घाट



**कुशीनगर**। वाइटल केयर फाउंडेशन के तत्वाधन में बुद्धा घाट पर देव दीपावली व दीपदान महोत्सव, श्री गुरुनानक देव के 555 वां प्रकाश पर्व के अवसर पर हिरण्ड्यवती नदी पूजनोत्सव के साथ आरती व 25 हजार दीपों से जगमग हो उठा।कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शुक्रवार को दीपोत्सव में शंख ध्वनि, घंटा घड़ियाल के साथ गंगा आरती वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच किया गया तथा नदी घाट, बुद्धा घाट परिसर, मन्दिरों में दीप जलाए गए। आचार्य गण ने वेद मंत्र तो भन्ते महेंद्र, भन्ते डॉ नन्द रतन, भिक्षुणी धम्म नैना व भिक्षुओं ने धम्म पाठ किया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने कहा कि देव दीपावली सनातन पंथ व संस्कृति में प्रमुख पर्व है। आज के दिन सभी देवता धरती पर आ जाते हैं। जिनके स्वागत में दीप जलाए जाते हैं। विशिष्ट अतिथि नपाप अध्यक्ष कुशीनगर प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ने कहा कि यह सनातन धर्म संस्कृति का पर्व है। सर्वजन के कल्याण हेतु सुंदरकांड पाठ, अनुष्ठान एवं हवन पूजन सम्पन्न हुआ। सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों ने मनोहारी कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर व प्रशस्ति पत्र देकर स्वागत किया गया। सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संस्था अध्यक्ष डा. अनिल कुमार सिन्हा ने देव दीपावली का महत्व बताते हुए कहा कि आज के दिन सभी देवता धरती पर आ जाते हैं जिनके स्वागत में दीप जलाए जाते हैं। अध्यक्षता पूर्व न्यायाधीश संतोष श्रीवास्तव वसंचालन वीरेश राय ने किया। इस दौरान एड. आलोक कुमार श्रीवास्तव, सुरेश प्रसाद गुप्त, त्रिभुवन मणि त्रिपाठी, ओमप्रकाश जायसवाल, वाहिद अली, शशि प्रभा सिन्हा, शाम्भवी सिन्हा, सभासद पीएन सिंह, रामअधार यादव, केशव सिंह, राजेश मद्धेशिया आदि लोग मौजूद रहे।

## भाजपा मण्डल भटनी का चुनाव कार्यशाला बैठक सम्पन्न

भटनी( देवरिया )। **सीता देवी महाविद्यालय बाईपास रोड भटनी मे भाजपा म**ण्डल अध्यक्ष योगेश प्रजापति की अध्यक्षता मे भटनी मण्डल का चुनाव कार्यशाला बैठक हुई ।जिसमे सभी शक्ति केन्द्र के संयोजक शक्ति केन्द्र के प्रभारी उपस्थित रहे ।कार्यशाला मे जिले केसह चुनाव अधिकारी जयनाथ कुशवाहा उर्फ गुँडन व मण्डल के चुनाव अधिकारी संजय तिवारी उपस्थित रहे ।कार्यशाला मे मण्डल चुनाव अधिकारी संजय तिवारी ने मण्डल के सभी 18शक्ति केन्द्र के चुनाव अधिकारी के नामो की घोषणा किया ।जिला सह चुनाव अधिकारी जयनाथ कुशवाहा उर्फ गुड्न कुशवाहा ने कहा कि चुनाव निःपक्ष कराकर सभी चुनाव अधिकारी अपना फारमेट मण्डल चुनाव अधिकारी के पास जमा करेंगे ।बैठक मे अभय कुमार तिवारी आशीष पासवान विनोद कुमार दीक्षित राम औतार कुशवाहा शेषनाथ मिश्र ब्रम्हानन्द मिश्र रमेशचन्द्र वर्मा शेषनाथ कुशवाहा शिवमंगल सिंह रोशन जमीर कल्लू प्रमुख रुप से उपस्थित रहे ।

# अनुसूचित जाति पिछड़ा वर्ग शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री से की मांग

जिला संवाददाता(vol)

**कुशीनगर**। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जाति छात्र बाहुल्य प्राथमिक विद्यालयों को आर्वतक अनुदान सूची में सम्मलित कर सूची जारी करने को लेकर अनुसूचित जाति पिछड़ा वर्ग शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश ने सुबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ से पत्र के माध्यम से मांग किया है कि 1669 से अब तक मान्यता प्राप्त निजी प्रबंध तंत्र द्वारा संचालित अनुसूचित जाति छात्र बाहुल्य प्राथमिक विद्यालयों को आवर्तक अनुदान को लेकर पराधीनता के बेड़ियों में जकड़े हुए स्वच्छन्द वातावरण में स्वतंत्रता की सांस लेने में विवश होकर बेरोजगार पड़े हुए हैं ।प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि इस दौरान शासनादेश संख्या 359 एमएम/26-09-2012 दिनांक 01-10-2012 के क्रम में समस्त जिलों के जिलाधिकारी द्वारा गठित समिति से जांच करा कर 41 जिलों से समाज कल्याण निदेशालय शासन द्वारा मंगाई जा चुकी है। जिसमें इन विद्यालयों में अध्यनरत छात्र और छात्राओं में 55% से अधिक अनुसूचित जाति के हों, इन विद्यालयों में शिक्षण कार्य करने वाले शिक्षक भी 50% से अधिक अनुसूचित जाति के होने चाहिए व शिक्षक अभी तक निशुल्क शिक्षण कार्य करते चले आ रहे हो। वहीं निशुल्क शिक्षण कार्य करने के कारण विवस व मजबूर शिक्षकों का परिवार भुखमरी के कगार पर आ चुके हैं।

● 1627 मान्यता प्राप्त अनुसूचित जाति छात्र बाहुल्य प्राथमिक विद्यालय को अनुदान देने को लेकर मांग

वहीं प्रदेश महासचिव ओमप्रकाश ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार छात्रों एवं शिक्षकों की दीनता व हीनता तथा व्यवस्था को संज्ञान में लेते हुए उनके भरण पोषण हेतु मान्यता प्राप्त विभागीय विद्यालयों को मुख्यमंत्री द्वारा अनुदान प्रस्तावित एवं निर्देशित किया जाय ताकि शिक्षकों का परिवार भुखमरी से बच जाए और विद्यालय में पढ़ रहे छात्र व छात्राओं का भविष्य भी सुनहरा हो सके।

वहीं अंत में प्रदेश उपाध्यक्ष अवनीशचन्द्र भास्कर दूबे ने मीडिया को बताया कि 1627 प्राथमिक विद्यालय प्रदेश के समस्त जनपदों के जिलाधिकारियों द्वारा परीक्षण कर पूर्व में निदेशालय एवं शासन को प्राप्त हुआ है। विभाग के कथनानुसार अनुसूचित प्राथमिक विद्यालयों को आवर्तक अनुदान सूची में सम्मलित करने हेतु शासनादेश दिनांक 05.10.2006 के द्वारा नये विद्यालयों को अनुदान सूची में लेने की नीति व्यवस्था बन्द कर दी गयी। जबकि नीति बन्द होने के बाद भी वर्ष 2010-11 में 195 अनुसूचित विद्यालयों को प्रतिवर्ष आर्थिक मदद योजना के अन्तर्गत अनुदानित किया गया था। साथ हीं साथ यह भी अवगत कराना है कि उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में लगभग दर्जन भर विद्यालयों को आर्वतक अनुदान सूची में सम्मलित कर दिया गया। जबकि सत्यता यह है कि शासनादेश दिनांक 05.10.2006 के पूर्व के विद्यालयों पर विभाग का बन्द नीति व्यवस्था लागू नहीं होती। इसके पूर्व तत्कालीन प्रमुख सचिव बलविंदर कुमार भी पूरे विद्यालयों पर बन्द नीति व्यवस्था लागू न करने की सहमति दिये हैं। साथ हीं साथ यह भी है कि 05.10.2006 के पूर्व के विद्यालय पर विभागीय बन्द नीति व्यवस्था लागू नहीं होती है। इसी कड़ी में अनुसूचित जाति पिछड़ा वर्ग शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्वारा सुबे के मुखिया से मांग किया गया कि 05.10.2006 के पूर्व जो भी विद्यालय शासन को उपलब्ध है और 31.03.1994 के शासनादेश के अनुसार मानक एवं शर्तों को पूरा करते हैं उनका एक अलग वरिष्ठता क्रम में सूची बनाकर विद्यालयों को अनुदानित किया जाय ताकि अनुसूचित जाति के बच्चों को मिड-डे मील, किताब, ड्रेस, जूता-मोजा एवं 30 वर्ष से सेवा कर रहे अध्यापकों को वेतन प्राप्त हो सके, जो ये बदहाली के कगार पर हैं।

## व्यापार ही नहीं सामाजिक दायित्व का निर्वहन भीः अरुण सिंह



जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया** ।हमारी रसोई, हमारी जिम्मेदारी अभियान के अंतर्गत भारत पेट्रोलियम के डिस्ट्रीब्यूटर देवरिया गैस सर्विस एवं रोटरी क्लब देवरिया सेंट्रल के साझा तत्वाधान मे आज जनमानस विशेष कर महिलाओ को जागरूक करने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन कैंडिड सिटी स्कूल भुजौली कॉलोनी के प्रांगण मे किया गया। चीफ फायर ऑफसर श्री अरुण कुमार, सेल्स ऑफसर भारत पेट्रोलियम से सुशील वर्मा एवं गोपाल कृष्ण सिंह रामु द्वारा सर्वप्रथम घर मे प्रयोग किये जाने वाले सिलिंडर के रखरखाव के बारे मे चर्चा की गई।

सुशील वर्मा ने विस्तार से ग्राहक के अधिकारों के बारे मे चर्चा की। साथ ही अग्नि शामक अधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि सिलिंडर से आग तभी लगती है जब उसका ठीक ढंग से रख रखाव नहीं किया जाता है, आग लगने पर तुरंत बिना घबराये सिलेंडर को शथल से हटाने का प्रयास कराना चाहिए ।गोपाल कृष्ण ने हॉकर जीतेन्द्र राजभर के साथ सिलिंडर और चूल्हे के रखरखाव सम्बंधित पांच मूल भूत सावधानी पर विस्तार से बताया ।कार्यक्रम का संचालन करते हुए हिमांशु कुमार सिंह ने बताया कि गैस सिलिंडर मे कोई भी तकनीकी खराबी होने पर टोल फ्री 1906 नम्बर पर तत्काल फोन करना चाहिए उसपर तुरन्त साहयता प्राप्त होगी। अग्नि विभाग से अखिलेश्वर सिंह और अमल गुप्ता ने सिलिंडर मे आग लगने पर किस प्रकार भुझाया जाए, इसका डेमो कर के भी दिखाया। इस अवसर पर रोटरी के अध्यक्ष रो डॉ विपिन बिहारी शर्मा, रो सिद्ध नाथ चतुवेर्दी, डॉ मनोज मधेसिआ, प्रिंसिपल प्रियंका सिंह, पूजा, सोनाली, खुशबू यादव, आँचल कुशवाहा, अंजली, अनुष्का एवं हर्षिता गुप्ता आदि महिला उपस्थित थी।

## निजी विद्यालय का अजब है खेल, नहीं दिया फीस तो कर दिया फेल



**कुशीनगर**। जिले के तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के एक प्राइवेट मेडिकल इंस्टीट्यूट पर बोर्ड द्वारा निर्धारित फीस से अधिक फीस लेने व अधिक फीस नहीं देने पर डी फार्मा के छात्र को फेल कर देने का मामला प्रकाश में आया है। पूरे प्रदेश में एक मात्र ऐसा परीक्षार्थी है जिसे प्रेक्टिकल में फेल कर दिया गया है। अब पीड़ित छात्र जिलाधिकारी कुशीनगर, संयुक्त निदेशक प्राविधिक शिक्षा वाराणसी, संयुक्त निदेशक बोर्ड ऑफ टेक्निकल एजुकेशन लखनऊ सहित सभी सक्षम अधिकारियों को पत्र लिखकर मामले की जांच एव अपने साथ संस्था द्वारा की गई अन्याय के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है ।देश की शिक्षा निजी हाथों के मकड़जाल में इस कदर जकड़ा हुआ है कि गरीब के होनहार बच्चों को उच्च शिक्षा सुलभ नही हो पा रही है ।सीमावर्ती बिहार के जिगना मिश्र, गोपालगंज निवासी आदर्श कुमार ने बताया है कि वह कुशीनगर के हरपुर बेलही स्थित जेके इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस मे डी फार्मा के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग के माध्यम से प्रवेश लिया तथा बोर्ड कर द्वारा निर्धारित 45250 रुपये जमा कर दिया। सीजनल परीक्षा में संस्था द्वारा बारबार एक लाख रुपए की मांग की जाने लगी। नहीं देने पर फेल कर देने की धमकी दी जाती रही। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण संस्थान द्वारा मांगी गई अतिरिक्त फीस नहीं देने पर संस्था ने प्रैक्टिकल में कम नंबर देकर फेल कर दिया। आदर्श कुमार प्रदेश के एक मात्र व्यक्ति है जो लिखित परीक्षा में बेहतर अंक पाने के बावजूद फेल कर दिए गए हैं। आदर्श कुमार का कहना है कि उसकी प्रतिभा को देखते हुए आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के बावजूद पिता ने किसी तरह फीस की व्यवस्था कर उसे आगे की पढ़ाई जारी रखने का प्रयास किया था। लेकिन पूंजीवाद के हाथों का खिलौना बन चुके शिक्षा व्यवस्था में गरीबों को उच्च शिक्षा पाना मुश्किल लग रहा है।

## गन्ना कृषकों से अपीलः चीनी मिलों को ही करें अपने गन्ने की आपूर्ति

**कुशीनगर**। जिला गन्ना अधिकारी ने जनपद-कुशीनगर के समस्त गन्ना कृषकों से अपील किया जाता है कि गन्ना आयुक्त उ.प्र. लखनऊ द्वारा आवंटित चीनी मिलों को ही अपने गन्ने की आपूर्ति की जाय। किसी भी दशा में अपने गन्ने की आपूर्ति अन्य चीनी मिलों/बिहार राज्य की चीनी मिलों को गन्ने की आपूर्ति कदापि न किया जाय। गन्ना कृषक किसी भी दशा में गन्ना बिचौलियों/गन्ना मॉफिआयों के माध्यम से गन्ने की आपूर्ति कदापि न करें, केवल चीनी मिलों/ गन्ना समितियों के माध्यम से आपके पंजीकृत मोबाईल पर प्राप्त एस.एम.एस. वैध पर्ची पर ही सम्बन्धित चीनी मिलों को गन्ना आपूर्ति करना सुनिश्चित करें ।जनपद की चीनी मिल रामकोला ( पी. ) दिनांक 13.11.2024 को पेराई कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है एवं चीनी मिल ढाढ़ा बुजुर्ग ( हाटा ) द्वारा दिनांक 17.11.2024 को पेराई कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा, जिस हेतु गन्ना समितियों द्वारा प्रेषित इण्डेन्ट के अनुसार चीनी मिल द्वारा पर्ची भी जारी किया जा चुका है तथा जनपद के अन्य चीनी मिलें क्रमशः चीनी मिल खड्डा एवं सेवरही अतिशीघ्र पेराई कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा। उक्त को दृष्टिगत रखते हुए जनपद-कुशीनगर के समस्त गन्ना कृषकों से पुनः अपील किया जाता है कि किसी भी दशा में अपने गन्ने की आपूर्ति अन्य चीनी मिलों/ बिहार राज्य की चीनी मिलों को गन्ने की आपूर्ति कदापि न किया जाय। यदि जॉच के दौरान गन्ना कृषकों द्वारा अवैध रूप से अपने आवंटित चीनी मिल को छोड़कर अन्य किसी चीनी मिलों / बिहार राज्य की चीनी मिलों को गन्ना आपूर्ति करते हुए पाया जाता है, तो गन्ना आपूर्ति कृषक के साथ-साथ संबंधित चीनी मिल के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा सकती है।

# जिले के जाने-माने शिक्षाविद के डी त्रिपाठी को दी गयी श्रद्धांजलि



**देवरिया** । जनपद के जाने माने शिक्षाविद् कृषक इन्टरमीडिएट कालेज विशुनपुर कला के संस्थापक प्रधानाचार्य और पूर्व प्रबन्धक कृष्णदेव त्रिपाठी दाढ़ी बाबाके निधन पर नगरी प्रचारिणी सभा द्वारा श्रद्धांजलि सभा में श्री त्रिपाठी जी के व्यक्तित्व को रेखांकित करते हुए कवि दयाशंकर कुशवाहा ने कहा त्रिपाठी जी के अन्दर एक कोमल रहता था जो उन्हें सबकी समस्याओं को सुनने और सुलझाने के लिए प्रेरित करता था। वे कर्मठ संयमी और मानवीय गुणों से ओतप्रोत कुशल प्रशाशक थे। इन्द्र कुमार दीक्षित ने कहा व्यक्ति चला जाता है और अपने कार्यों के बदौलत यश और कीर्ति छोड़ जाता है। वे आध्यात्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे, ।जितेन्द्र तिवारी ने स्व त्रिपाठी जी के बारे में कहा कि वे चलते फिरते आदर्श पुरुष थे। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए डॉ दिवाकर प्रसाद तिवारी ने कहा वे लोग सौभाग्य शाली है जिन्हें के डी त्रिपाठी जी के सान्निध्य में कार्य करने का अवसर मिला। त्रिपाठी जी सरल सहज और करुणा से आप्लावित थे। उनकी संकल्प संकल्प शक्ति प्रबल और दृढ़ थी। सभा के मंत्री डॉ अनिल कुमार त्रिपाठी ने त्रिपाठी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा त्रिपाठी जी से मेरा पारिवारिक संबंध रहा है। उनसा दृढ़ निश्चयी व्यक्ति मिलना मुश्किल है। वे अपने व्यक्तित्व से सहज ही सबको प्रभावित करते थे। उनका जाना हम अपनी व्यक्तिगत क्षति समझते हैं। सभा के अध्यक्ष आचार्य परमेश्वर जोशी ने अपने उद्बोधन में कहा त्रिपाठी जी एक जिम्मेदार प्रधानाचार्य थे। वे विनम्र और प्रकृति प्रेमी व्यक्ति रहे, उनके क्षेत्र के लोग उनका सम्मान करते थे। उनका निधन हमें दुखी कर गया। सौदागर सिंह ने अपनी कविता के माध्यम से श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा में अवधेश सिंह, दिनेश त्रिपाठी, डॉ अभय कुमार द्विवेदी, रमेश चन्द्र त्रिपाठी, दिनेश कुमार त्रिपाठी, जितेन्द्र तिवारी, ब्रजेश पाण्डेय अधिवक्ता, अभिषेक पाण्डेय ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर विजय अवधेश सिंह, वासुदेव वर्मा, सरोज कुमार पाण्डेय आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

### आदर्श शिक्षक थे त्रिपाठी

उधर पूर्व प्रधानाचार्य पौहारी शरण राय , कैप्टन वीरेंद्र सिंह , रमेशचन्द्र सिंह, डॉ मिथिलेश सिंह ,प्रधानाचार्य डॉ रविन्द्र राय,डॉ हरिकेश सिंह,पूर्व प्रवक्ता परशुराम शुक्ल, भाजपा नेता पूर्व एम एल सी महेंद्र यादव ,शिक्षक नेता उमाशंकर लाल श्रीवास्तव , आदि ने पूर्व प्रधानाचार्य के डी त्रिपाठी को एक आदर्श प्रधानचार्य,शिक्षक बताते हुए उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है ।

# किसानों के सच्चे हितैषी और सच्चे समाजवादी थे बाबू गेंदा सिंह

**कुशीनगर**। सौ वर्षों में कभी एक बार क्षेत्र का कायाकल्प करने वाली शक्ति का प्रादुर्भाव होता है। स्व. बाबू गेंदा सिंह ऐसी ही शक्ति का नाम था। उन्होने गरीबी व गंडक के अभिशाप को दूर करने के बारे सोचा तो क्षेत्र गन्ना बाहुल्य हो गया। उनकी दूरदृष्टि ने किसानों को संपन्न बनाया। वह किसानों के सच्चे हितैषी थे ।यह बातें शुक्रवार को दुदही विकास खंड के ग्राम पंचायत दुमही के पंचायत भवन परिसर में स्व. बाबू गेंदा सिंह की 47 वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते पूर्व प्रधान रामबिहारी राय ने कही। कहा कि सादगी, शुचिता व विकास के पर्याय रहे स्व. बाबू गेंदा सिंह ने राजनीतिक तपस्या के बूते पिछड़े क्षेत्र में विकास की गंगा को उतारा। प्रदेश के प्रथम विधानसभा सभा चुनाव में कांग्रेस के विरुद्ध देवरिया जनपद में अपने प्रजा सोशलिस्ट पार्टी से 11 विधायक जीताकर न सिर्फ नेता प्रतिपक्ष बने अपितु सच्चे समाजवादी होने की मिशाल पेश की। कृतित्व के आधार




पर गेंदा बाबू को भागीरथ की संज्ञा दिए जाने में अतिश्योक्ति नहीं होगी। भाजपा नेता जितेंद्र गुप्ता ने कहा कि गन्ना बाबू के नाम से लोकप्रिय गेंदा बाबू किसानों के भविष्यद्रष्टा थे। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रदेश के प्रथम नेता प्रतिपक्ष, चार बार विधायक, एक बार सांसद व प्रदेश सरकार में दो बार मंत्री रहे गेंदा बाबू की लोकप्रियता जन जन में विख्यात है। अध्यक्षता कर रहे जयप्रकाश पांडेय ने कहा कि छितौनी पुल, एपी बांध, गन्ना प्रजनन अनुसंधान केन्द्र, लक्ष्मीपुर फार्म, बकरी फार्म, 12 किमी लंबा टीबी मार्ग, गंडक नहर प्रणाली, मसाला फार्म, आलू फार्म, रेशम फार्म, कृषि विज्ञान केन्द्र उनकी ही देन हैं। सभा को संबोधित करते हुए जिपंस मुकेश गुप्ता, पं. संतोष तिवारी, भरत कुशवाहा, मनोज तिवारी आदि ने बाबू गेंदा सिंह के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके पदचिन्हों को अनुसरणीय बताया। इसके पूर्व स्व. सिंह के चित्र पर पुष्पार्चन कर श्रद्धांजलि दी गई। संचालन रमाकांत पांडेय ने किया। कुशवाहा, हरख पवन तिवारी, वशिष्ठ रावत, सुकई मद्देशिया आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## कृषि सम्मेलन की बसों को विधायक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**रुदौली-अयोध्या**। कृषि भारत वैश्विक किसान सम्मेलन में शामिल होने के लिए रुदौली विधानसभा से भी सैकड़ों किसान बसों से है। शुक्रवार को सुबह विधायक रामचंद्र यादव ने रुदौली और मवई ब्लाक की सभी बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विधायक रामचंद्र यादव ने बताया कि प्रदेश सरकार लखनऊ में चार दिवसीय ह्यकृषि भारतह्ल वैश्विक सम्मेलन आयोजित कर रही है। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इसमें कई देशों के उद्योग विशेषज्ञ, कृषि वैज्ञानिक, किसान व उद्यमी हिस्सा लेंगे। सम्मेलन में भारतीय कृषि के क्षेत्र में हो रही महत्वपूर्ण प्रगति पर चर्चा होगी। इसमें एक लाख से अधिक किसान कृषि क्षेत्र की नई तकनीकों के बारे में जानकारी लेंगे। इसमें करीब 200 कंपनियां शामिल होंगी। इस सम्मेलन में नीदरलैंड पार्टनर देश के रूप में भाग ले रहा है।

# बुलडोजर गाइडलाइन

बुलडोजर न तो न्याय है और न ही न्यायाधीश या न्यायालय का कोई विकल्प। बुलडोजर की कार्रवाई और किसी के घर को गिराने की कवायद पर सर्वोच्च अदालत ने जो फैसला दिया है, वह मील का पत्थर है। सर्वोच्च अदालत ने कुछ दिशा-निर्देश तय किए हैं, जो देश भर में लागू होंगे। संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत घर को भी एक मौलिक अधिकार माना गया है, लिहाजा किसी आरोपित या सजायाफ्ता व्यक्ति के घर को ध्वस्त करना मौलिक अधिकारों का हनन है। न्यायिक प्रणाली का बुनियादी सिद्धांत यह है कि जिसने अपराध किया है, उसी को सजा दी जाये। लेकिन कुछ राज्यों में बुलडोजर की कार्रवाई अत्यधिक चर्चा का विषय रही है। कुछ हद तक सियासत का विषय भी बन गयी। वैसे भी अगर कहीं पर बुलडोजर को सजा देने अथवा राजनीतिक खुन्नस का हथियार बनाया जायेगा तो इससे अपराधी के साथ ही उसका पूरा परिवार भी प्रभावित होगा। आम चर्चाओं में उप्र के मुख्यमंत्री योगी को बुलडोजर बाबा कहा जाने लगा है और मप्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी बुलडोजर मामा के नाम से लोकप्रिय हो गये। बुलडोजर को अपराधियों में सरकारी खौफ का विकल्प बना दिया गया। कथित माफिया, डॉन, गुंडों के अवैध निर्माण ध्वस्त किये गये। इनमें अतीक अहमद, मुफ्तार अंसारी, आजम खान, विजय मिश्रा, सरीखों के नाम लिए जा सकते हैं, जो बार-बार जनप्रतिनिधि भी चुने गये और विधानसभा, संसद सदस्य तक बनते रहे। जब 2017 में योगी आदित्यनाथ उप्र के मुख्यमंत्री चुने गए, तब उन्होंने ऐलान किया था कि अपराधियों व माफिया किस्म के लोगों के अवैध निर्माण ढहाए जाएंगे। लेकिन यह कार्रवाई एक कानूनी सीमा के दायरे में ही की जा सकती है और इसकी एक निश्चित कानूनी प्रक्रिया होनी चाहिए। बुलडोजर कार्रवाई



को कोई भी सरकार प्रतिशोध का पर्याय नहीं बना सकती, लिहाजा अब जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की न्यायिक पीठ को फैसला देना पड़ा है कि कार्यपालिका (यानी सरकार और नौकरशाही) न्यायाधीश नहीं हो सकते। अब किसी अवैध निर्माण को ढहाने की कार्रवाई करनी होगी, तो सरकार को साबित करना होगा कि अमुक निर्माण किन आधारों पर अवैध है? क्या उसे ध्वस्त करना ही अंतिम विकल्प है? क्या जुर्माना वसूल कर उस अवैध निर्माण को नियमित नहीं किया जा सकता? न्यायिक पीठ का कहना है-आम नागरिक के लिए अपना घर बनाना सालों की मेहनत और सपनों का नतीजा है। कानून का राज यह सुनिश्चित करता है कि लोगों को पता हो कि उनकी संपत्ति मनमाने ढंग से नहीं छीनी जाएगी। सजा के नाम पर किसी का आशियाना छीनने की अनुमति हमारा संविधान देता भी नहीं है। बहरहाल न्यायिक पीठ ने दिशा-निर्देश तय किए हैं कि निर्माण को ध्वस्त करने का नोटिस रजिस्टर्ड डाक से भेजना होगा और निर्माण पर भी चिपकाना होगा। उसकी सम्यक जानकारी जिले के डीएम को देना अनिवार्य होगा। इस प्रक्रिया के दौरान तीन महीने की अवधि में पोर्टल भी बनाना होगा, ताकि सभी को संपूर्ण जानकारियां मिल सकें। न्यायिक पीठ ने न तो किसी सीएम को दोषी करार दिया है और न ही बुलडोजर कार्रवाई पर कोई रोक लगाई है। बुलडोजर कार्रवाई को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गयी थी और मामला दिल्ली नगर निगम का था। इसलिए बुलडोजर को लेकर किसी सरकार को निशाने पर लेना ठीक नहीं है। जहां तक उत्तर प्रदेश में बुलडोजर की कार्रवाई की बात है, तो यहां का मामला भी अदालत में गया था। अदालत ने अपनी जांच पड़ताल में पाया कि एक मामले को छोड़कर अधिकांश मामलों में विधि-प्रक्रिया का पूरा पालन किया गया है। इसलिए बुलडोजर का फैसला किसी सरकार के खिलाफ नहीं है और न ही सुप्रीम कोर्ट ने कोई रोक लगायी है। सर्वोच्च अदालत ने किसी का घर या अन्य निर्माण अगर तोड़ना जरूरी है, तो उसके लिए प्रक्रिया तय की है और सर्वोच्च अदालत के द्वारा तय की गयी प्रक्रिया और गाइडलान का पालन सभी को करना होगा।

# बदनामी का सबब बनता दिल्ली का प्रदूषण



वीना सुखीजा

समय आ गया है कि दिल्ली के प्रदूषण नियंत्रण की उम्मीद सिर्फ दिल्ली सरकार से न की जाये, केंद्र सरकार को भी इसमें पूरी क्षमता के साथ लगना चाहिए, क्योंकि अभी हम महज कुछ दिनों की पर्यावरणीय परेशानी भर नहीं है बल्कि अब इससे देश की पहचान, अस्तित्व और हमारी उभरती हुई ताकत की साख भी जुड़ गई है। अतः दिल्ली को दुनिया के बड़े देशों की राजधानियों की तरह का स्टैंडर्ड मेंटेन करना ही होगा।

इन दिनों अजरबैजान की राजधानी बाकू में चल रहे कोप-29 शिखर सम्मेलन में हर तरफ भारत की राजधानी दिल्ली की चर्चा है। सम्मेलन में भाग ले रहे हर प्रतिनिधि की जुबान में दिल्ली का नाम है। लेकिन इस जिक्र से देश की इज्जत नहीं बढ़ रही बल्कि बदनामी हो रही है। क्योंकि यह चर्चा दिल्ली में जानलेवा हो चले प्रदूषण के चलते हो रही है। दरअसल दिल्ली के दहशतनाक प्रदूषण से अब दिल्लीवासी ही नहीं, पूरी दुनिया दहल गयी है। दिल्ली के प्रदूषण का स्तर सुनकर ही हर तरफ हाहाकार मच गया है। दिल्ली सरकार के प्रदूषण को नियंत्रण में रखने के उठाये गये अनेक कदमों के बावजूद दिल्ली में हर गुजरते दिन के साथ प्रदूषण का स्तर बढ़ता ही जा रहा है। हाल में एक मीडिया संस्थान द्वारा कराये गये सर्वे से पता चला है कि दिल्ली में 69 फीसदी परिवार सीधे सीधे प्रदूषण की चपेट में आ गये हैं, अगर इसमें एनसीआर को भी जोड़ दें तो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में करीब 72 फीसदी परिवार का कोई एक न एक सदस्य पिछले 25 दिनों के दौरान प्रदूषण के चलते बीमार पड़ा है या पहले से बीमार होने पर उसकी स्थिति और खराब हुई है।
हालांकि बेहद आशंकाओं के बावजूद इस साल दीपावली के अगले दिन उतना भयानक प्रदूषण नहीं था, जिसकी आशंका थी। सिर्फ 18 में से 3-4 प्रदूषण जांच केंद्र ही ऐसे थे, जहां प्रदूषण का स्तर आपातकालीन स्थिति में पहुंचा था। क्योंकि दिवाली के अगले वाले दिन राजधानी दिल्ली में हवा की गुणवत्ता का औसतन सूचकांक 369 था, जोकि पिछले कुछ सालों के मुकाबले कम था। हालांकि कुछ विशेष क्षेत्रों में इस साल भी दीपावली के अगले दिन 561 से 725 प्वाइंट तक एक्यूआई इंडेक्स चला गया था। लेकिन तेज हवाओं के चलते अगले ही दिन दिल्ली को काफी राहत मिल गई थी। हालांकि यह राहत भी सिर्फ दिल्ली के स्तर पर ही एक राहत थी। क्योंकि विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक सांस लेने के लिए जिस स्वस्थ वातावरण की दरकार होती है, उसमें सिर्फ 1 से 50 अंक तक का एक्यूआई ही बर्दाश्त के दायरे में होता है।
दरअसल हवा की गुणवत्ता जांचने का पैमाना एक्यूआई या एयर क्वालिटी इंडेक्स, इंसान के बुखार नापने के थर्मामीटर जैसा है। जैसे हम इंसान



के शरीर का तापमान मापने के लिए थर्मामीटर का इस्तेमाल करते हैं, ठीक वैसे ही वातावरण की हवा में मौजूद हानिकारक तत्वों को मापने के लिए एक्यूआई पैमाने का इस्तेमाल होता है। इसके जरिये वातावरण में मौजूद कार्बनडाइऑक्साइड, ओजोन, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड और पार्टिकुलेट मैटर यानी पीएम 2.5 का विश्लेषण किया जाता है ताकि यह जाना जा सके कि वातावरण में जहरीली गैसों और प्रदूषण कणों का क्या स्तर है? क्या यह सेहत के अनुकूल है अथवा सेहत के लिए खतरनाक है? अगर जानना हो कि आदर्श स्थितियों में एक्यूआई इंडेक्स कितने प्वाइंट हो, जिससे हमारी सेहत पर बुरा असर न पड़े, तो जान लें कि विश्व स्वास्थ्य संगठन मानता है कि अगर एक्यूआई इंडेक्स 1 से 50 तक है, तो वातावरण हमारी सेहत के अनुकूल है यानी वातावरण की हवा सांस लेने के लिए अच्छी है। लेकिन हैरानी बात यह है कि दिल्ली तो छोड़िये भारत की बहुत गिनी चुनी जगहों में ही साल में कभी कभी एयर क्वालिटी इंडेक्स 50 के नीचे पाया जाता है। अगर हम यह जानने की कोशिश करें कि आखिर दिल्ली में प्रदूषण के हाहाकार का इस कदर डरावना शोर क्यों है तो इसे पिछले 20-25 दिनों में दिल्ली के वातावरण में लगातार बढ़े प्रदूषण के आंकड़ों से समझा जा सकता है। 25 अक्टूबर 2024 को दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स औसतन 255 अंकों पर था, जो कि 1 नवंबर 2024 को बढ़कर औसतन 340 हो गया। लेकिन जल्द ही अलग अलग वायु गुणवत्ता जांच केंद्रों में एक्यूआई 400 से 725 तक पहुंच गया। हालांकि यह स्थिति कुछ खास गिने चुने क्षेत्रों में थी, मगर 14 नवंबर 2024 को तो दिल्ली के ज्यादातर जगहों में एक्यूआई 400 से ऊपर पहुंच गया।

## दम निकालती धुंध

दिल्ली की प्रदूषित हवा किस तरह से देश के सम्मान में बट्टा लगा रही है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 14 नवंबर 2024 से राजधानी में शुरू अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में जिन 15 देशों को शामिल होना था, उनमें से 7 ने स्पष्ट तौरपर इससे दूरी बना ली है। इन देशों का मानना है कि दिल्ली में हवा की गुणवत्ता इतनी खराब है कि सांस लेना भी मुश्किल पड़ रहा है। गौरतलब है कि इस साल व्यापार मेले में 15 देशों को शामिल होना था, लेकिन मेले की शुरूआत वाले दिन तक इन 15 में से 7 देशों के प्रतिनिधि दिल्ली में रहते हुए भी मेला स्थल तक नहीं गये। इनका साफ मानना था कि प्रदूषण इस कदर भयावह था कि अगर वे वैसी स्थिति में होटल से निकलकर मेला स्थल तक जाएंगे तो बीमार पड़ जाएंगे, बाकी बचे 8 देशों में से भी सिर्फ इस मेले में हिस्सा लेने के लिए 4 विदेशी प्रतिनिधि पहुंचे थे। जिन देशों ने ऐसी स्थिति में भी हमारी थोड़ी इज्जत रखते हुए 14 नवंबर 2024 को व्यापार मेले में शरीक हुए, उनमें थाईलैंड, टर्की, अफगानिस्तान और यूएई के ही प्रतिनिधि रहे। जबकि शेष देशों के प्रतिनिधि जिन्होंने मेले में भाग लिया है, वह भी पहले दिन तो प्रदूषण के चलते शामिल नहीं हुए। हालांकि 15 नवंबर 2024 को जिस समय मैं ये लेख लिख रही हूं, दिल्ली में ग्रैप-4 के प्रतिबंध लगा दिए गये हैं, जिसके चलते दिल्ली और एनसीआर में सभी तरह के निर्माण कार्य, तोड़फोड़ तथा खनन जैसी गतिविधियां पूरी तरह से रोक दी गई हैं। इसके साथ ही दिल्ली के बाहर से आने वाली बसों व दूसरे भारी वाहनों को भी दिल्ली में प्रवेश से प्रतिबंधित कर दिया गया है। हालांकि इलेक्ट्रिक वाहनों और बीएस-4 डीजल वाहनों को इसमें छूट दी गई है। दिल्ली गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतम बुद्ध नगर में बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल वाहन पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके साथ ही सड़कों की मशीन से सफाई कराने की फ्रीक्वेंसी बढ़ाने, हैवी ट्रैफिक वाले रूट पर भीड़भाड़ के समय पानी के भारी छिड़काव के साथ साथ बड़े वाहनों को इधर से उधर शिफ्ट किया गया है, साथ ही बहुत जरूरी न होने पर बड़े बूढ़ों को घर में ही रहने की तस्दीक की गई है।
यह स्थिति तब है, जबकि 15 नवंबर 2024 की सुबह 8 बजे से ही ग्रेडेड रिस्पोंस एक्शन प्लान यानी ग्रैप के तीसरे फेज को लागू कर दिया गया है। जो इस बात का सबूत है कि दिल्ली में प्रदूषण की स्थिति कितनी भयावह है। 15 नवंबर 2024 की सुबह और 14 नवंबर 2024 की शाम को दिल्ली के अलग अलग क्षेत्रों में स्थित प्रदूषण जांच केंद्रों में प्रदूषण का स्तर 450 पाया गया है। 15 नवंबर की सुबह दिल्ली में कम से कम 31 जगहों का प्रदूषण स्तर 450 से 500 अंकों तक पाया गया है। इस दिन भी सबसे ज्यादा इंडेक्स पिछले कई बार की तरह जहांगीरपुरी में पाया गया, जो 561 था यानी विश्व स्वास्थ्य संगठन के बहुत गंभीर स्तर कहे जाने से भी ज्यादा गंभीर था। इससे साफ पता चलता है कि दिल्ली की हालत प्रदूषण रोकने पर लगातार चर्चाओं के बावजूद बद से बदतर होती जा रही है। वक्त आ गया है कि दिल्ली के प्रदूषण नियंत्रण की उम्मीद सिर्फ दिल्ली सरकार से न की जाये, केंद्र सरकार को भी इसमें पूरी क्षमता के साथ लगना चाहिए, क्योंकि अभी हम महज कुछ दिनों की पर्यावरणीय परेशानी भर नहीं है बल्कि अब इससे देश की पहचान, अस्तित्व और हमारी उभरती हुई ताकत की साख भी जुड़ गई है। अतः दिल्ली को दुनिया के बड़े देशों की राजधानियों की तरह का स्टैंडर्ड मेंटेन करना ही होगा।

### सोशल मीडिया



मॉं विंध्यवासिनी की पावन धरा मीरजापुर जनपद के मझवां विधानसभा क्षेत्र की जनता अपना आशीर्वाद भाजपा–एनडीए की विकासपरक नीतियों के पक्ष में देने जा रही है।

योगी आदित्यनाथ, सीएम.

# कठिनाइयों का सामना

### अंतर्दृष्टि

ईश्वर ने मनुष्य को अनगिनत उपहार दिये हैं। चुनौतियां जीवन में आती हैं और धैर्य के साथ इन आपत्तियां का सामना करने से व्यक्तित्व का पारिष्कार होता है। कठिनाई हर मनुष्य के जीवन में आती है। उनका आना अनिवार्य और आवश्यक है। प्रारब्ध कर्मों के भोग के बोझ को उतारने के लिए नहीं, वरन मनुष्य की मनोभूमि और अंतरात्मा को सुदृढ़, तीक्ष्ण, पवित्र, प्रगतिशील, अनुभवी और विकसित करने के लिए भी कष्टों एवं आपत्तियों की भारी आवश्यकता है। जैसे भगवान मनुष्य को दया करके नाना प्रकार के उपहार दिया करे हैं, जिससे मनुष्य का अज्ञान, अहंकार, आलस्य, अपवित्रता और व्यामोह नष्ट हो। कठिनाइयां आने पर हतप्रभ, किंकर्तव्य विमूढ़ या कायर और हाथ पैर फुलाकर रोना-झीकना शुरू कर देना, अपने को या दूसरों को कोसना सर्वथा अनुचित है। यह तो भगवान की उस महान कृपा का तिरस्कार करना हुआ। इस प्रकार तो वे कठिनाई कुछ लाभ न दे सकेंगी वरन उल्टे निराशा, कायरता, अवसाद, दीनता, आदि का कारण बन जायेगी। कठिनाई देखकर डर जाना, प्रयत्न छोड़ बैठना, चिंता और शोक करना किसी सच्चे मनुष्य को शोभा नहीं देता। आपत्ति एक प्रकार से हमारे पुरुषार्थ की ईश्वरीय चुनौती है जिसे स्वीकार करके ही हम प्रभु के प्रिय बन सकते हैं। अखाड़े के उस्ताद पहलवान नौसिखिए पहलवानों को कुश्ती लड़ना सिखाते हैं। नौसिखिये लोग पटक खाकर शोक संतप्त नहीं हो जाते। वरन अपनी भूल को समझकर फिर उस्ताद से लड़ते हैं और धीरे-धीरे पूरे एवं पक्के पहलवान बन जाते हैं। ईश्वर ऐसा ही उस्ताद है जो आपत्तियों की पटक मार-मारकर हमारी अनेक अपूर्णताएं दूर करके पूर्णता तक पहुंचाने की महान कृपा करता है। कठिनाइयों से डरने या घबराने की कोई बात नहीं। वह तो इस सृष्टि का एक उपयोगी, आवश्यक एवं सार्वभौम विधान है। उससे न तो दुखी होने की जरूरत है, न घबराने की, न किसी पर दोषारोपण करने की। हां हर आपत्ति के बाद नये साहस और नये उत्साह के बाद उस परिस्थिति से लड़ने की और प्रतिकूलता हटाकर अनुकूलता उत्पन्न करने के लिए प्रयत्नशीलता की आवश्यकता है। यह प्रयत्न आत्मा का धर्म है, इस धर्म को छोड़ने का अर्थ अपने को अधर्मी बनाना है। प्रयत्न की महिमा अपार है। आपत्ति द्वार जो दुख सहना पड़ता है उसकी अपेक्षा उसे विशेष समय में विशेष रूप से प्रयत्न करने का जो स्वर्णिम अवसर मिला, उसका महत्व अधिक है। प्रयत्नशीलता ही आत्मोन्नति का प्रधान साधन है, जिसे अपत्तियां तीव्र गत से बढ़ाती हैं। प्रयत्न, परिश्रम एवं कर्तव्य पालन से मनुष्य के गौरव एवं वैभव का विकास होता है।

### विचार

चापलूस इसलिए आपकी चापलूसी करता है क्योंकि वह आपको अयोग्य समझता है। लेकिन आप उसके मुंह से अपनी प्रशंसा सुनकर फूले नहीं समाते हैं।

–टॉलस्टॉय.

पापी पेट तू सब कुछ कर सकता है। मान और अभिमान, ग्लानि और लज्जा, ये सब चमकते हुए तारे, तेरी काली घटाओं की ओट में छिप जाते हैं।

–प्रेमचंद.

मनुष्य भले ही राजनीतिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त कर ले, पर यदि वह अपनी वासनाओं का दास है तो वह यथार्थ मुक्ति का पवित्र आनन्द अनुभव नहीं कर सकता।

–स्वामी विवेकानन्द.

घृणा से घृणा को नष्ट नहीं किया जा सकता। घृणा को दूर करने के लिए प्रेम की आवश्यकता है।

–महावीर स्वामी.

# आलोचकों को न भायीं कालजयी कविताएं

साहित्य संसार ● लोकमित्र गौतम

सूर्यकांत त्रिपाठी निराला रचित 'राम की शक्तिपूजा', गजानन माधव मुक्तिबोध की 'अंधेरे में', हरिवंश राय बच्चन कृत 'मधुशाला' और रामधारी सिंह दिनकर की 'रश्मिरथी'। हिंदी की ये वे अमर रचनाएं हैं, जिन्हें हिंदी के लोग ही नहीं बल्कि भारत में सभी भाषाओं के कविता प्रेमी, बिना एक पल सोचें इनको कालजयी कविताओं में शुमार करते हैं। मगर शायद आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि हिंदी के ही कई धुरंधर आलोचकों ने इन्हें महान कविता तो दूर साधारण कविता को भी जो सम्मान दिया जाता है, उसे देने को तैयार नजर नहीं आते? यही नहीं इन महान कविताओं पर इन आलोचकों ने कुछ अजीबो-गरीब आरोप भी लगाए हैं। मसलन निराला की राम की शक्तिपूजा को ही लें। हिंदी साहित्य का इतिहास लिखने वाले तथा हिंदी के महान आलोचक आचार्य रामचंद्र शुक्ल को यह कविता विशेषकर इसका प्लाट कभी नहीं भाया। उन्होंने यह कहकर इसकी आलोचना की है कि निराला ने इस कविता में राम के चरित्र को एक मानवीय संघर्ष के साथ प्रस्तुत कर धार्मिक रूप से उन्हें अप्रिय बना दिया। जबकि निराला का मानना था कि उनका उद्देश्य राम के संघर्ष को मानवता के संघर्ष से जोड़कर उसे शक्तिशाली बनाना था। शुक्ल का मानना था कि इस कविता में राम की मानवीय छवि को एक साधारण मनुष्य की तरह, कमजोर और संघर्षरत दिखाया गया है, जो शक्ति की तलाश में दुर्गा की आराधना करते हैं। शुक्ल के मुताबिक यह प्रस्तुति राम की दिव्य और आदर्श छवि को धूमिल करती है, जो भक्तों की आस्था को आहत कर सकती है। उनके मुताबिक, 'राम एक ऐसे आदर्श नायक के रूप में हैं, जो बिना किसी व्यक्तिगत कमजोरी या संदेह के चलते हैं। जबकि 'राम की शक्तिपूजा' में राम को एक मानवीय दुर्बलता से ग्रस्त दिखाया गया है। इस कविता में उनका चित्रण धार्मिक मान्यताओं और आदर्शों के विरुद्ध था। यह धार्मिक-भावनाओं के विपरीत है।




गजानन माधव मुक्तिबोध की कविता 'अंधेरे में' को एक कल्ट क्लासिक के रूप में जाना जाता है। जब यह लिखी गई थी, तब भी अपने दौर के युवाओं के बीच बेहद लोकप्रिय थी और आज भी यह युवा कवियों, लेखकों और विचारकों के बीच बहुत गंभीरता से उद्धृत की जाती है। लेकिन महान आलोचक रामविलास शर्मा को उनकी यह कविता




हालांकि निराला ने अपनी इस महान कविता की इतने बड़े आलोचक द्वारा की गई आलोचना का प्रत्यक्ष रूप से तो कभी कोई जवाब नहीं दिया, लेकिन उनके लेखन में यह स्पष्ट रहा है कि वे साहित्य और काव्य में यथार्थवादी और मानवीय दृष्टिकोण के समर्थक थे। उनके अनुसार, राम की शक्ति पूजा का उद्देश्य राम के संघर्ष को एक मानवीय रूप में प्रस्तुत करना था, ताकि पाठक उस संघर्ष के महत्व को महसूस कर सकें। निराला का मानना था कि राम केवल एक दिव्य शक्ति ही नहीं हैं बल्कि एक प्रेरणास्त्रोत भी हैं, जिनका संघर्ष मानवता की कमजोरियों और आत्मविश्वास को मजबूत करने का प्रतीक है। निराला ने राम के चरित्र में मानवीयता को जोड़कर यह दिखाने की कोशिश की है कि एक नायक के रूप में राम का संघर्ष हमारे अपने जीवन के संघर्षों को भी अर्थ देता है। उनके लिए राम का शक्ति-संग्रहण आत्म-उत्कर्ष और आत्म-निरीक्षण का प्रतीक था। उनका दृष्टकोण था कि साहित्य में महान चरित्रों को भी मानवीय चुनौतियों और संघर्षों के माध्यम से देखना चाहिए ताकि उनकी प्रेरणा से साधारण मनुष्य भी सीख सकें।

बेहद नकारात्मक लगती थी। उन्होंने न सिर्फ इस पर नकारात्मकता का आरोप लगाया बल्कि यह भी आरोप लगाया कि यह कविता अनावश्यक रूप से जटिल और निराशावादी है। हालांकि मुक्तिबोध ने भी व्यक्तिगत रूप से तो रामविलास शर्मा से अपनी इस कविता के बारे में कोई प्रतिरोध नहीं किया, लेकिन उन्होंने एक लेख में लिखा कि उनका उद्देश्य समाज के अंधेरे पक्ष को अपनी इस कविता में उतारना था ताकि समाज की बेहतरी की दिशा में कुछ काम हो सके। लेकिन रामविलास शर्मा इससे संतुष्ट नहीं हुए, उन्होंने 'अंधेरे में' को भाषा और प्रतीकात्मकता के लिहाज से बेहद कठिन और इसे आम लोगों की समझ से बाहर माना है। उनके मुताबिक सामान्य पाठक कितनी ही बार पढ़कर इनके अर्थ को नहीं जोड़ पाता।

रामविलास शर्मा का मानना था कि हर लेखक को अपने लिए नहीं, समाज के लिए लिखना चाहिए और सरलता से उसमें अपनी बात कहनी चाहिए। लेकिन वह कहते हैं, 'अंधेरे में' जैसी कविताएं, समाज को सकारात्मक दिशा में प्रेरित नहीं करतीं बल्कि एक भयावह और उदास चित्रण प्रस्तुत करती हैं।' रामविलास शर्मा का यह भी मानना था कि मुक्तिबोध की यह कविता कोई समाधान नहीं सुझाती बल्कि समस्याओं का अंबार लगाती हैं। जबकि मुक्तिबोध ने माना कि ऐसी प्रतिक्रियाओं का सपाट जवाब नहीं देना चाहिए। वह भी मानते थे कि कविता का काम सिर्फ सुंदरता और आशावाद पैदा करना भर नहीं है बल्कि समाज की सच्चाई चाहे वह कितनी ही भयावह हो, उसे भी उजागर करना है।

हरिवंश राय बच्चन की विश्वप्रसिद्ध लंबी कविता या काव्य रचना 'मधुशाला' की भी तीखी आलोचना करने वाले कोई और नहीं आलोचना के शिखर पुरुष रामचंद्र शुक्ल ही हैं। उनका मानना था कि यह कविता कितनी ही लोकप्रिय क्यों न हो, लेकिन इसमें जो प्रतीकात्मक ढांचा तैयार किया गया है, वह समाज के आदर्शों के विरूद्ध है। गौरतलब है कि इस कविता का प्रतीकात्मक ढांचा मदिरा (शराब), मधुशाला (मदिरालय) और साकी यानी मदिरा परोसने वाली बाला का बार-बार इस्तेमाल हुआ है, जो समाज को कोई दिशा नहीं बल्कि एक व्यसन की तरफ उकसाता है। यही नहीं शुक्ल जी का आरोप था कि इन प्रतीकों का इतना ज्यादा महिमा मंडन किया गया है कि ये पाठकों को गलत दिशा में ले जा सकते हैं। उनके मुताबिक ऐसा प्रतीत होता है मानो मधुशाला कविता के पाठकों को मदिरालय की तरफ आकर्षित कर रही है। हालांकि हरिवंश राय बच्चन ने भी दूसरे महाकवियों की तरह इन आलोचनाओं का जवाब नहीं दिया, लेकिन उन्होंने यह साफ किया कि उनकी कविता का जो उद्देश्य रहा है कि जीवन में संतोष और आनंद का स्त्रोत बाहरी चीजें नहीं बल्कि हमारी आंतरिक दृष्टि में है।

रामधारी सिंह दिनकर की अत्यंत लोकप्रिय और जोश से भरी कविता 'रश्मिरथी' को जहां हिंदी की कुछ गिनी चुनी रचनाओं जितना चुंबकीय प्यार मिला है, वहीं प्रसिद्ध आलोचक डॉ. नामवर सिंह ने इसकी जबर्दस्त ओलाचना की है। उनके मुताबिक 'रश्मिरथी' में कर्ण का महिमामंडन किया गया है। सामाजिक दृष्टि से और प्राचीन मिथकों के पुनरावलोकन के संदर्भ में भी यह असंगत है। नामवर सिंह ने रश्मिरथी की आलोचना जिन बिंदुओं पर की गई है, उसमें कर्ण को एक ऐसे नायक के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जो जीवन की तमाम कठिनाईयों और नकारापन के बावजूद अनैतिक पथ पर चलने से विचलित नहीं होता। उनका यह भी कहना है कि 'रश्मिरथी' में महाभारत के पात्रों को आधुनिक नजरिये से चित्रित करने की कोशिश की गई है, जो कि गलत है। लेकिन बाकी कवियों की तरह दिनकर ने भी नामवर सिंह की आलोचना का कोई सीधा जवाब नहीं दिया, लेकिन उन्होंने यह जरूर कहा है कि वह 'रश्मिरथी' में उन्होंने कर्ण के चरित्र को एक संघर्षशील योद्धा का प्रतीक माना है, जो सामाजिक भेदभाव और असमानता का सामना करते हुए अपने स्वाभिमान और अदम्य साहस का परिचय देता है। दिनकर मानते थे कि कर्ण भारतीय समाज में व्याप्त वर्गभेद और जातिगत असमानता के विरोध का प्रतीक हैं। भले हिंदी की इन महान कविताओं की आलोचना उतने ही बड़े और महान आलोचकों ने की हो, लेकिन इनकी लोकप्रियता पर कोई फर्क नहीं पड़ा। इससे साफ लगता है कि जरूरी नहीं कि किसी रचना को आलोचक जिस निगाह से देखें और महान बनाने की सोचें, उसी निगाह से आम लोग भी देखें।

## आप की बात

### विकास और रोजगार

विकास के लिए निवेश बहुत जरूरी है, क्योंकि बिना निवेश के विकास एवं रोजगार का सृजन नहीं हो सकता है। जब निवेश होगा तभी विकास होगा, तभी रोजगार बढ़ेगा और तभी लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आयेगा। लेकिन उत्तर प्रदेश में एक लंबे समय तक निवेश नहीं आया, जिसके कारण प्रदेश की आर्थिक स्थिति देश के अन्य राज्यों की तुलना में काफी कमजोर हो गयी। आज भी उत्तर प्रदेश के लोगों की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से आधे के करीब है तो इसके पीछे कहीं न कहीं प्रदेश के औद्योगीकरण में कभी ही है। जब औद्योगीकरण को बढ़ावा मिलता है तो अन्य काम धंधे भी अपने आप आगे बढ़ने लगते हैं। प्रदेश में आर्थिक पिछड़ेपन के साथ बुनियादी विकास का स्तर भी बहुत पीछे है। आज भी सड़क, बिजली, कानून व्यवस्था, लैंड बैंक जैसी चीजें बेहतर नहीं हैं। शहरों के किनारे जिस तरह आवासीय प्लाटिंग के नाम पर जमीनों पर कब्जा कर लिया गया है उससे अब इण्डस्ट्री के लिए जमीन ही नहीं बची है। अगर कोई इण्डस्ट्री आती है तो उसको जमीन में ही इतना निवेश करना पड़ेगा कि उसका खजाना खली हो जोयगा। इसलिए निवेश को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को बुलाना एक बेहतर कदम है लेकिन इसके साथ ही सरकार को अपने स्तर से भी प्रयास करने होंगे। मसलन सरकार अगर सड़क बनाती है, बिजली पहुंचाती है और कानून का राज कायम करती है तो इससे निश्चय ही प्रदेश में लोगों का भरोसा बढ़ेगा और निवेशक आयेंगे। निवेश के लिए कानून व्यवस्था, बिजली, पानी एवं बेहतर सड़क जरूरी है। इसलिए सरकार को बुनियादी विकास करना चाहिए।

**कौशल कुमार सिंह, लखनऊ.**

### चीन के साथ व्यापार

द्विपक्षीय व्यापार हमेशा समृद्धि का कारण होता है लेकिन चीन के साथ बढ़ता व्यापार गंभीर चिंता का विषय है इसलिए देशवासियों को सस्ते के चक्कर में पड़ने के बजाय चीन से सतर्क रहना चाहिए और अपने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना चाहिए चाहे भले ही अधिक कीमत चुकानी पड़े। चीन भारत का परम्परागत दुश्मन देश है और उसे दुश्मन मानकर हमेशा सतर्क रहना चाहिए। चीन बार-बार भारत को धोखा देता है इसलिए उससे व्यापार बढ़ाने के बजाय देश को अपनी सैन्य शक्ति मजबूत करनी चाहिए। चीन बलपूर्वक एलएसी को बदलने की मंशा पाले है लेकिन भारत हमेशा सीमा विवाद को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाना चाहता है। चीन इसे भारत की कमजोरी समझता है और वह सीमा विवाद को निपटाने के बजाय लटकाता रहता है।

**दिनेश कुमार मिश्र, लखनऊ.**

संक्षेप

## ऑस्ट्रेलिया में बनेगा विश्व का सर्वाधिक ऊंचा राम मंदिर

**अयोध्या।** ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर में विश्व का सर्वाधिक ऊंचा राम मंदिर बनेगा। ऑस्ट्रेलिया की संस्था इंटरनेशनल श्रीराम वैदिक एंड कल्चरल यूनियन द्वारा मंदिर का निर्माण कराया जाएगा। अयोध्या राम मंदिर की डिजाइन बनाने वाले आर्किटेक्टों द्वारा इसका डिजाइन बनाया गया है। पीएम मोदी द्वारा भूमि पूजन करवाने की योजना संस्था के द्वारा बनाई गई है। पर्थ के राम मंदिर के कोषाध्यक्ष अमोल कटिहार ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर में विश्व का सबसे ऊंचा राम मंदिर बनाया जाएगा। 150 एकड़ भूमि पर 721 फीट ऊंचे मंदिर का निर्माण कराया जाएगा। मंदिर पांच मंजिला होगा। अयोध्या राम मंदिर को डिजाइन करने वाले आर्किटेक्ट सीबी सोमपुरा व आशीष सोमपुरा, सीबी सोमपुरा और आशीष सोमपुरा द्वारा मंदिर का डिजाइन बनाया गया है। अगले वर्ष 2025 में मंदिर के भूमि पूजन होने की उम्मीद है। भूमि पूजन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राम मंदिर मार्ग पर 101 फीट ऊंची हनुमान जी की मूर्ति लगाई जाएगी।

# कार्तिक पूर्णिमा पर उमड़े श्रद्धालु



जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** कार्तिक माह की पूर्णिमा पर रामनगरी अयोध्या में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। पूर्णिमा के मौके पर श्रद्धालुओं ने पावन सरिला सरयू में डुबकी लगाई और इसके बाद मठ मंदिरों में दर्शन पूजन किया।

सरयू में स्नान और दान, कल्पवास करने वाले श्रद्धालुओं का अनुष्ठान आज पूरा हो गया। इसी के साथ कार्तिक माह का का भी समापन हुआ। रामनगरी में चल रहे कार्तिक मेला का अंतिम व तीसरा चरण पूर्णिमा स्नान गुरुवार को सायं 5.23 बजे से शुरू हो कर शनिवार को भोर

**● पावन सरयू नदी में स्नान कर मंदिरों में किया दर्शन पूजन**

में 3.06 बजे तक रहा। लेकिन उदया तिथि में सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त के मध्य पूर्णिमा उपलब्ध रहने के कारण स्नान पर्व शुक्रवार को मनाया गया। इस पर्व को लेकर पूर्वांचल के विभिन्न जनपदों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। यह सभी श्रद्धालु ब्रह्ममुहुर्त से ही मां सरयू के पुण्य सलिल में डुबकी लगाकर तीर्थ पुरोहितों व असहायों को अन्न-वस्त्र व द्रव्यादि का दान देकर पुण्यार्जन किया। इसके साथ नागेश्वर नाथ मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के साथ हनुमानगढ़ी व कनकभवन समेत राम मंदिर में रामलला का दर्शन किये।

## किशोरी से दुष्कर्म व जान से मारने की धमकी देने में पाक्सो सह आरोपित को मिली जमानत

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** खण्डासा थाना क्षेत्र में नाबालिग किशोरी साथ दुराचार करने एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में जेल की सलाखों के पीछे निरूद्ध पाक्सो सह आरोपित मानू उर्फ आन मोहम्मद की संबंधित कोर्ट से राहत मिल गयी है। विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट प्रथम निरूपमा विक्रम ने न्यायालय में प्रस्तुत जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के पश्चात पाक्सो सह आरोपित मानू उर्फ आन मोहम्मद की जमानत अर्जी मंजूर करने का आदेश पारित किया है।

इसके पहले न्यायालय में सुनवाई के दौरान पाक्सो सह आरोपित मानू उर्फ आन मोहम्मद के पक्ष से वरिष्ठ अधिवक्ता शावेज जाफरी व सतीश वर्मा ने पैरवी किया। बहस के दौरान तर्क दिया कि पाक्सो आरोपित निर्दोष है और महज रंजिशन मुकदमा में झूंठा फंसाया गया है उसके विरूद्ध प्रथम दृष्टया कोई अपराध नहीं बनता है न ही मुकदमें में कोई स्वतंत्र गवाह है। प्रथम सूचना रिर्पोट के अवलोकन से स्पष्ट है कि सह आरोपित ने पीड़िता के साथ काई दुष्कर्म नहीं किया है और न ही जान से मारने की धमकी दी है जमानत प्रार्थना पत्र की याचना की है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार अयोध्या से खंडासा थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासिनी 16 वर्षीय किशोरी ने 4 सितम्बर 2024 को तहरीर देकर मानू उर्फ आन मोहम्मद पर आरोप लगाया था कि 20 दिन पहले उसे सूनसान स्थान पर बुलाया गया इस दौरान उसके साथ शहबान पुत्र वारिस ग्राम राम पट्टी थाना खंडासा ने उसका हाथ पकड़कर गिरा दिया और मानू के सामने ही शारीरिक संबंध बनाया यह बात पीड़िता ने किसी को नहीं बताया इसके पश्चात 2 सितम्बर 2024 को दिन में उसके घर आकर आरोपियों ने उसे व परिवार को जान से मारने की धमकी दिया तभी से उसका परिवार भयभीत है। आरोपियों द्वारा उसका अपहरण कर अन्य जगह भेजना चाहते हैं। दोनो सर्कस व दबंग किश्म के है उसके छोटे मजरे को बम से उड़ाने को कह रहे हैं। पीड़िता की तहरीर पर दोनो आरोपियों के विरूद्ध थाना खंडासा में मु.अ.सं. 192/2024 अन्तर्गत धारा बीएनएस की गंभीर अपराधों के अलावां एससी/एसटी व पाक्सो एक्ट की धाराओं में दर्ज किया गया।

## छात्र-छात्राओं ने लगायी खाद्य सामग्री और बाल मेला प्रदर्शनी



**जैदपुर,बाराबंकी।** खुशहालपुर स्थित सहयोगी कॉलेज में बाल मेला का आयोजन किया गया। बाल मेला का शुभारम्भ महाविद्यालय प्रबन्धक इं0 अरुण कुमार सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित एंव फीता काटकर किया। इसके उपरान्त विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओ द्वारा लगाई गई दही जलेबी, पानी पूरी, मोमोस, चाउमिन, मटर सुहाल, मैगी, आलू मटर, पेटीज भेलपुरी, टिक्की चाट, पॉपकॉर्न, बुक स्टाल, फ्रूट्स, चने आदि स्टालो का महाविद्यालय प्रबन्धक ने निरीक्षण कर बच्चो का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर प्रवक्ता अनुज वर्मा, अभिनव वर्मा, कार्यक्रम आयोजक डॉक्टर प्रज्ञा सिंह, चंद्रकांत, दारा सिंह, विनोद गौतम, आशीष, कोमल आदि मौजूद रहे।

## भव्य तरीके से मनायी भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती



**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** विकासखंड पूरेडलई के ग्राम पंचायत आल्हनमऊ में आदिवासी समाज के क्रांतिकारी भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम मे अनुसूचित जाति व जनजाति विभाग की सचिव नीलम ने बिरसा मुंडा के संघर्षों के बारे में बताते हुये कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जन्मदिन आज किसी ऐतिहासिक दिन से कम नही। उनके पिता का नाम सुगना पूर्ति और माता का नाम करमी पूर्ति था। कम उम्र में ही बिरसा मुंडा की अंग्रेजों के खिलाफ जंग छिड़ गई थी। जिसे उन्होंने मरते दम तक कायम रखा था।

### आनुषांगिक संगठन के पदाधिकारियों का आगमन कल

**बहराइच।** भारतीय जनता पार्टी, आनुषांगिक संगठन के राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक एवं प्रदेश अध्यक्ष अंकुर सिंह का 17 नवम्बर 2024 का जनपद आगमन प्रस्तावित है।

प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार श्री पाठक एवं श्री सिंह के 17 नवम्बर 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे टिकोरा पहुंचने पर कार्यकताओं द्वारा स्वागत किया जायेगा तत्पश्चात श्री पाठक व श्री सिंह तहसील महसी अन्तर्गत ग्राम रेहुवा मंसूर में स्व. राम गोपाल मिश्र के आवास पर श्रद्धांजलि के लिए जायेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश अध्यक्ष अपरान्ह 01:00 बजे कैसरगंज, जरवल रोड होते हुए लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जायेंगे। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने दी है।

### ढेमवा पुल के गड्ढे में गिरी कार, चालक घायल

**सोहावल- अयोध्या।** रौनाही थाना अंतर्गत बाढ़ और काटन की चपेट में आए ढेमवा पुल के उत्तरी छोर पर बने गड्ढे में शुक्रवार की रात में एक कार चालक तेज रफ्तार का शिकार हो गया और अपनी अल्टो कार यू पी 51 ए पी 7914 को लेकर पुल के गड्ढे में जा गिरा। आसपास से दौड़े लोगों ने कार में फंसे चालक को वाहन से बाहर निकाला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने इसे इलाज के लिए सी एच सी भेजा है। थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया कि चालक की पहचान बद्री पाण्डेय उम्र 40 वर्ष पुत्र रघुबीर निवासी जमथा गोंडा के रूप में हुई है। जिसका इलाज अभी चल रहा है।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का भव्य शुभारंभ



जिला संवाददाता(vol)

**बहराइच।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के 150वें जन्म जयन्ती वर्ष के अवसर पर जनपद में ह्यह्यधरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का भव्य शुभारम्भ हुआ। विकास खण्ड मुख्यालय मिहींपुरवा में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य अतिथि विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर ने क्षेत्र पंचायत प्रमुख अभिषेक वर्मा, विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व अन्य गणमान्यजन, अतिथियो एवं अधिकारियों के साथ भगवान बिरसा मुण्डा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की अनुसूचित जनजातीय छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत स्वागत गीत एवं भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती सोनकर ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रथम दिन से प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि यही वजह है कि प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान अन्तर्गत ब्लाक मिहींपुरवा के जनजातीय बाहुल्य 03 ग्रामों बर्दिया, फकीरपुरी व बिशुनापुर का चयन किया गया है। अभियान अन्तर्गत चयनित ग्रामों में निवासरतथारु समुदाय के विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार के लिए योजनान्तर्गत चिन्हित समूहों को बुनियादी सुविधाओं से युक्त बस्तियों में बसाया जायेगा और उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जागरुक किये जाने के साथ ही इन्फॉस्ट्रक्चर में हाइब्रिड मोड के माध्यम से बिजली, पानी, चिकित्सा, स्वास्थ्य, शिक्षा के साथ-साथ अन्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों से आच्छादित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के 150वें जन्म जयन्ती वर्ष के अवसर पर इस पुनीत अभियान का श्रीगणेश हो रहा है।थारू जनजाति के असंतृप्त लाभार्थियों के संतृप्तिकरण हेतु परिसर में लगायें भव्य मेगा स्टाल का मुख्य अतिथि ने अन्य अतिथियों व अधिकारियों के साथ भ्रमण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। स्टालों के निरीक्षण के पश्चात मुख्य अतिथि ने अन्य अतिथियों के साथ विभिन्न लाभार्थियों को स्वीकृति-पत्र/समर्पण-पत्र का वितरण किया तथा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की तथा बच्चों का अन्नप्रासन कराया। श्रीमती सोनकर ने कार्यक्रम में सांस्कृतिक छठा बिखेरनी वाले छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत एवं सम्मानित किया।

कार्यक्रम के अन्त में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी आगन्तुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। मिहींपुरवा ब्लाक परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा पेंशन हेतु 05, ट्राई साइकिल हेतु 01 व केवाईसी के लिए 03, प्राबेशन विभाग द्वारा पेंशन हेतु 05 व केवाईसी हेतु 16, लघु सिचाइनवीन राशन कार्ड तथा यूनिट वृद्धि हेतु 23, समाज कल्याण विभाग द्वारा केवाईसी हेतु 15 आवेदन प्राप्त किये गये।

# किशोरी को अगवा करने वाला आरोपी गिरफ्तार





जिला संवाददाता(vol)

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** किशोरी को अगवा करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करने के बाद न्यायालय में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया था। मिली

**● पुलिस ने न्यायालय में किया पेश भेजा गया जेल**

जानकारी के मुताबिक थाना कोतवाली इनायत नगर क्षेत्र के एक गांव की 17 वर्षीय किशोरी 8 नवंबर की सुबह सात बजे अचानक गांव से लापता हो गई थी। काफी समय भी जाने के बाद जब घर वापस नहीं आई तो परिजन खोजबीन करना शुरू किया। लेकिन कहीं पर कोई पता नहीं लग रही थी। काफी प्रयास के बाद दूसरे दिन किशोरी के पिता को जानकारी मिली कि पड़ोसी गांव का एक युवक अपने साथ ले गया है। किशोरी के पिता ने थाना इनायत नगर पहुंचकर आरोपी युवक सूरज यादव पुत्र मनीराम यादव के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दिया।

तारीख के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी।मुखबिर ने पुलिस को सूचना दिया कि किशोरी का अपहरण करने वाला आरोपी कोतवाली क्षेत्र के जमदुतिया जंगल के पीछे ट्यूबेल के पास मौजूद है जानकारी मिलते ही उप निरीक्षक अमर बहादुर पटेल कांस्टेबल राजू प्रसाद ने मौके पर पहुंचकर आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया और थाने ले आए जहां पर विधि कार्रवाई करने के बाद न्यायालय में पेश किया। प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र पाण्डेय ने बताया कि अपहरण की गई किशोरी के पिता की तहरीर पर आरोपी युवक सूरज यादव के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया था।

केस दर्ज होने के बाद से आरोपी वांछित चल रहा था पुलिस टीम ने आज गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया है।

## तेंदुए के हमले में मासूम की मौत

जिला संवाददाता(vol)

**बहराइच।** जिले के कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के कतर्नियाघाट रेंज अंतर्गत ग्राम पंचायत बाजपुर बनकटी गांव में सीताराम पुरवा गांव के निकट गन्ने के खेत में छिपे तेंदुए ने मासूम पर हमला कर उसे मौत के घाट उतारा है।

तेंदुए के हमले में मासूम की हुई मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है।ग्रामीणों ने वन विभाग से पिंजरा लगाने की मांग की है।

बता दें की बाजपुर बनकटी गांव निवासी संदीप अपने परिवार के साथ गन्ने के खेत में गन्ना काटने गया था उनके साथ उनका 07 वर्षीय किशोर अभिनन्दन भी गया था जो खेत के निकट ही खेल रहा था।

घर के बाकी सदस्य गन्ना काटने में व्यस्त थे तभी पड़ोस के गन्ने के खेत में निकलकर तेंदुए ने मासूम पर हमला कर दिया जो मासूम को दबोच कर गन्ने में ले गया इस दौरान बच्चे को बचाने के लिए परिवार के लोग हाका लगाते हुए दौड़ पड़े तभी तेंदुआ मासूम को घायल कर सरयू नहर की ओर भाग गया। परिजन आनन-फानन में उसे इलाज के लिए निजी चिकित्सक के यहां चफरिया लेकर गए जहां से उसकी हालत गंभीर देखते हुए डॉ. ने जवाब दे दिया जिसके बाद परिजन घायल किशोर को पीएचसी सुजौली ले गए जहां पर उसकी मौत हो गई।

मासूम की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। लोगों ने वन विभाग को सूचना दी।

रेंजर आशीष गौंड के निर्देश पर बीट वन रक्षक अब्दुल सलाम ने मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया। वहीं तेंदुए की घटना से लोगों में दहसत का माहौल है। लोगों ने वन विभाग से पिंजरा लगाने की मांग की है।

# आबकारी निरीक्षक ने कच्ची शराब भट्ठियों को किया नष्ट

## इरशाद नगर, मेंहदीपुर आल्हनमऊ, बिरापुर समेत 14 ठिकानों पर की छापेमारी





जिला संवाददाता(vol)

**बाराबंकी।** विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के निर्देशन में आबकारी निरीक्षक ने राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाले अवैध शराब कारोबारियो के खिलाफ सर्किल क्षेत्र मे संघन छापेमारी अभियान चलााया। अभियान के दौरान आबकारी निरीक्षक की टीम ने कच्ची शराब बनाने वाली भट्ठियो को भी नष्ट किया। टीम ने दबिश के दौरान हाईवे पर पड़ने वाले ढाबो

**● 45 लीटर कच्ची शराब को किया बरामद**

टैंकरों समेत सरकारी देशी व विदेशी दुकानों का निरीक्षण भी किया। आबकारी निरीक्षक सर्किल रामसनेहीघाट लक्ष्मी चन्द्र पाल की टीम ने थाना टिकैतनगर अन्तर्गत ग्राम इरशाद नगर, मेंहदीपुर आल्हनमऊ, बिरापुर समेत 14 संदिग्ध ठिकानो पर छापेमारी की। मौके पर टीम ने 45 लीटर कच्ची शराब को बरामद किया। 2 अभियोग पंजीकृत किये गये। इस दौरान निरीक्षक ने ग्रामवासियों को कच्ची शराब से होने वाली बीमारियों के बारे में जागरूक भी किया।

दंबिश देने वाली टीम मे आबकारी हेड़ दीवान दीप नारायण, अनिल कुमार मौर्य, सिपाही विशाल सिंह, दीपक मिश्रा, महिला सिपाही माधुरी तिवारी मौजूद रही।

# कल तारन गुरु नानक आया.....

## श्री गुरु नानक देव महाराज के प्रकाश पर्व पर देर रात्रि गुरुद्वारा परिसर में हुई आतिशबाजी





जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** लाजपत नगर स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के तत्वाधान में सिक्खों के प्रथम गुरु धन-धन श्री गुरु नानक देव जी महाराज का प्रकाशोत्सव बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया। गुरुमत समागम के साथ दिल्ली से आये ज्ञानी भाई सहजदीप

**● विशेष दीवान सजाकर भाई सहजदीप सिंह व साथियो द्वारा किया गया कीर्तन-गायन**

सिंह एवं उनकें साथियों द्वारा गुरुमत विचार व्यक्त करते हुये कीर्तन-दीवान सजाया।

सतगुर नानक प्रगटिआ मिटी धुंध जग चानण होआ, कल तारन गुरु नानक आया, एक सुनी पुकार दातार प्रभ गुरुनानक जग माहे पठायाह्लह्ल, ह्यह्यहले यारा हले यारा खुशखबरी, बल-बल जाऊह्यह्य ह्यह्यएक बाबा बाबा अकाल रुप दूजा रबाबी मरदाना, शबद कीर्तन कर गुरुद्वारा परिसर में उपस्थित साध-संगत को गुरु चरणों के साथ जोड़ा गया।

इसके अलावा गुरु नानक देव जी के जीवन इतिहास से जुड़ी कथाओ का भी गुरुमत समागम में बखान किया गया। गुरु जी के उपदेशो पर चलने एवं रहतां के बारे मे भी बताया गया। स्थानीय हजूरी रागी जत्था भाई तीरथ सिंह जी द्वारा ह्यगुर सिखमन बधाईया जिनि मेरा सतगुर धिता राम राजय, कोइ कर गल सुनावे हर नाम की सो लगाये गुरु सीख मन मिदे, सिधय बोलन चुभ वचन धन नानक तेरी बडी कमाई, कीर्तन जस गायन किया गया।

उसके पश्चात स्थानीय बच्चों ने कीर्तन किया। समाप्ति के उपरान्त सभी धर्मो के श्रद्धालुओ ने पक्ति में एक साथ बैठकर गुरु का लंगर ग्रहण किया। शाम को रात्रि दीवान सजाकर भाई सहजदीप सिंह द्वारा गुरु की महिमा का बखान किया गया। उपरात अरदास चाय का लंगर सभी ने ग्रहण किया। तत्पश्चात गुरुद्वारा परिसर में आतिशबाजी की गयी।



## बज्म-ए- अजीज का मासिक तरही मुशायरा सम्पन्न



जिला संवाददाता(vol)

**बाराबंकी।** मोहल्ला नबीगंज स्थित बज्म-ए-अजीज सदर नसीर

**● शायरो व कवियो ने प्रस्तुत की अपनी-अपनी रचनाएं**

अंसारी के आवास पर तरही नशिश्त मिसरा तरह आयोजित हुई। जिसकी सदारत अदील मंसूरी ने की। तथा निजामत के हुजैल अहमद ने अंजाम दिए। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्तार फारुकी और तारिक जिलानी मौजूद रहे। मुशायरे मे अदील मंसूरी ने पढ़ा जो यह चाहते हो बरकत भी हो रिज्क में तुम्हारे। है अदील तुम प लाजिम करो कद्र मेहमां की। डॉक्टर रेहान अलवी बाराबंकवी ने पढ़ा खुली छोड़कर ही चल दे न तू फिक्र कर दुकां की। तेरे कानों में जब आए कहीं से सदा अजां की। हाजी नसीर अंसारी ने पढ़ा हुआ क्या है दोस्तों को जो उतर गए हैं चेहरे। अभी इब्तिदा ही की थी सरे बज्म दास्तां की।

इसके अतिरिक्त मुख्तार फारूकी, दानिश रामपुरी, सरवर किन्तूरी, तुफैल जैदपुरी, नफीस बाराबंकवी, बशर मसौलवी, मिस्टर अमेठवी, आरिफ शहाबपुरी, नजर मसौलवी आदि ने अपने-अपने कलाम प्रस्तुत किये।

## कांग्रेस नेता ने जवाबी कीर्तन का किया उदघाटन

**रूदौली-अयोध्या।** मवई विकास खंड मवई के ग्राम अमौनी में गुरुवार की रात को जवाबी कीर्तन का आयोजन किया गया।जवाबी कीर्तन सुनने के लिए आस पास के गांवों बड़ी संख्या में लोग कीर्तन सुनने पहुंचे।जवाबी कीर्तन का उदघाटन कांग्रेस नेता दयानंद शुक्ला ने किया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से आपस में प्रेम और सौहार्द का वातावरण पैदा होता है।

दयानंद शुक्ला ने अमौनी मठ के महन्त सत्यभारती महाराज की प्रशंसा करते हुए कहा कि महाराज जी के कुशल दिशा निर्देश में आज अमौनी धाम पूरे देश में चर्चित है। महाराज जी के नेतृत्व में आए दिन अमौनी मठ में धार्मिक कार्यक्रम होते रहते हैं।श्री शुक्ला ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से सर्व समाज में सदभाव और भाईचारे का माहौल बनता है।

उन्होंने कहा कि आज अमौनी मठ के आस पास जो विकास कार्य हुए हैं वह सत्य भारती महाराज के प्रयास का ही प्रतिफल है।जवाबी कीर्तन कानपुर के लालमन चंचल दूबे के बीच हुआ।

## रेप व जान से मारने की धमकी में पॉक्सो आरोपी दोषमुक्त

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** तीन साल पहले हैदरगंज क्षेत्र के एक गांव में 16 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पाक्सो आरोपित अंकेश मिश्र पर अपराध साबित न होने पर संदेह का लाभ देते हुए बाइज्जत बरी कर दिया गया है। यह फैसला विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट प्रथम निरूपमा विक्रम ने पीड़िता एवं गावाहों के बयान तथा बचाव पक्ष के तर्कों को सुनने के पश्चात शुक्रवार को सुनाया है।

बचाव पक्ष से वरिष्ठ फौजदारी अधिवक्ता निजामुद्दीन उर्फ शब्बन ने पैरवी किया। तर्क दिया कि वह निर्दोष है उसे फर्जी फसाया गया है। इसके पहले भी उसकी मां ने दो लड़कों के खिलाफ रेप का मुकदमा दर्ज कराया था पीड़िता की उम्र 18 वर्ष है वह बालिग है।

बचाव पक्ष ने न्यायालय में एक कागज भी दाखिल किया था जिसमें पीड़िता को सरकार की ओर से 7 लाख रूपया मिला था। पीड़िता एवं अन्य गवाहों के बयानों में भिन्नता भी है। अभियोजन पक्ष के अनुसार 18 जुलाई 2021 की सुबह 9 बजे एक गांव की 16 वर्षीय किशोरी शौंच के लिए वासुदेव के गन्ने के खेत में गयी थी जैसी ही उसने अपना वस्त्र खोला था तभी गांव के ही अंकेश मिश्र व गुड्डू अचानक गन्ने के खेत में आये और पीछे से हाथ पकड़कर उसे जमीन पर बलपूर्वक गिरा दिया उसके बाद उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया।

घटना की वीडियो मोबाइल से बनाते हुए जान से मारने की धमकी भी दिया और कहा कि यह बात किसी को बताया तो इस वीडियो को नेट पर डाल दूंगा।

इसके बाद उसे फोन पर शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव डालते रहे।

परेशान होकर पीड़िता ने थाना हैदरगंज में घटना की रिपोर्ट अपराध संख्या 173/2021 अन्तर्गत धारा 376, 506 व 3/4 पाक्सो एक्ट के तहत दर्ज कराया था।

संक्षेप

## रेलवे लाइन के पास पड़ी मिली लाश

**आगरा।** थाना बरहन के जमाल नगर भैंस रेलवे लाइन के पास एक व्यक्ति लाश मिलने से हड़कंप मच गया पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पुलिस पहुंच गई लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी क्षेत्रीय लोगों का अनुमान है कि किसी ने हत्या कर रेलवे लाइन के पास फेंक दिया है तो दूसरी तरफ यह भी अनुमान लगाया जा रहा है की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो सकती है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है थाना अध्यक्ष बरहन उदयवीर सिंह ने बताया है कि शुक्रवार को 7 बजे इवेंट नंबर 31915 व पीआरवी 0036 के माध्यम से कॉलर रूपेश कुमार जे ई रेलवे बरहन जंक्शन आगरा, मोबाइल नंबर 79911 00 108 से सूचना प्राप्त हुई कि जमाल नगर भैंस रेलवे फाटक के पास एक महिला की डेड बॉडी पड़ी हुई है, इस सूचना पर थाना अध्यक्ष बरहन हमराह फोर्स के साथ मौके पर आया, तो पाया गया कि रेलवे ट्रैक खंभा नंबर 748 / 25 व 748 /23 बरहन जलेसर रेलवे ट्रैक पर के पास एक 55 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है जिसकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है।

## सड़क पर हुआ सुरक्षित प्रसव

**आगरा।** फतेहपुर सीकरी सीएचसी पर चिकित्सकों की लापरवाही का मामला सामने आया है। प्रसव के लिए आई गर्भवती महिला को चिकित्सकों ने खून की कमी का हवाला देते हुए आगरा या भरतपुर रेफर कर दिया। परिजनों के बार-बार आग्रह करने के बावजूद महिला को स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती नहीं किया गया। मजबूरी में परिजनों ने महिला को बाइक पर अस्पताल ले जाने का निर्णय लिया। लेकिन रास्ते में ही महिला को प्रसव पीड़ा शुरू हो गई और सड़क पर ही बच्चे का जन्म हुआ। गांव की आशा और एएनएम ने महिला की सुरक्षित डिलीवरी कराई। जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। इसके बाद महिला को आयुष्मान आरोग्य मंदिर, फतेहपुर सीकरी में भर्ती कराया गया। इस घटना ने सीएचसी की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। केंद्र पर एंबुलेंस की सुविधा न होने और चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिला की मदद न करने की कड़ी आलोचना हो रही है।

## काटी रात मैंने खेतों में, तू आई नहीं..!

**एत्मादपुर (आगरा)।** चिल्ड्रन-डे के अवसर पर मितावली के बरहन रोड जॉन मिल्टन पब्लिक स्कूल में बजे भोजपुरी फूहड़ गाने ने शिक्षा के मंदिर को कलंकित कर दिया। जिसमें स्कूल प्रबंधक मंच से खुद गाने पर ठहाके लगाते दिख रहे हैं। जिसमें नीचे स्कूली बच्चे और बच्चियां नृत्य करती दिख रही हैं। 51 सेकंड के वायरल वीडियो स्कूल परिसर का सारा नजारा दिख रहा है। बृहस्पतिवार को विभिन्न सरकारी, गैर सरकारी विद्यालयों में चिल्ड्रन-डे बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया। विभिन्न स्कूलों में बच्चों ने नाटकीय कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी, जिन्हें स्कूल प्रबंधनों ने सम्मानित किया। लेकिन एत्मादपुर के बरहन रोड स्थित मितावली गांव के पास जॉन मिल्टन पब्लिक स्कूल में नियमों और मान्यताओं को ताक पर रख अश्लील गानों पर जमकर नृत्य किया गया। जिसमें जॉन मिल्टन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक मोहित बंसल मंच से भोजपुरी के फूहड़ अश्लील गाने ...जो भी खाई थी कसम, वो निभाई नहीं... काटी रात मैंने खेतों में, तू आई नहीं... तेरे चक्कर में दूसरी पटाई नहीं..! गाने पर मंच पर माइक से ठहाके भर रहे हैं। जब स्कूल प्रबंधक खुद अश्लील गानों पर ठहाके भर रहा तो शिक्षा के मंदिर में पढ़ने वाले बच्चों पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

# संस्कृति विवि में मना विश्व रेडियोग्राफी दिवस



**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ मेडिकल एंड अलाइड साइंसेज द्वारा आयोजित विश्व रेडियोग्राफी दिवस पर रेडियोलाजी पर इस क्षेत्र में प्रगति को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य की आधुनिक देखभाल में रेडियोलॉजिकल विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालने के लिए छात्रों, शिक्षकों की एक व्याख्यान प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम की शुरुआत रेडियोलॉजिकल इमेजिंग तकनीक विभाग (आरआईटी) में सहायक प्रोफेसर सुश्री नंदिनी व्यास के स्वागत भाषण के साथ हुई। प्रो. नंदनी ने कार्यक्रम की रूपरेखा और विषय संबंधी जानकारी दी। उद्घाटन भाषण के बाद मात्रामापी (डोसिमेट्री) में हालिया प्रगति पर सहायक प्रोफेसर आरआईटी नीतीश वर्मा ने श्रोताओं को विकिरण माप और सुरक्षा में अत्याधुनिक अंतर्दृष्टि के महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। कार्यक्रम के दौरान स्टूडेंट वेलफेयर विभाग के डीन डी. एस. तोमर ने मौलिक ज्ञान में पेशेवर अभ्यास को आधार बनाने के महत्व पर जोर दिया और छात्रों से अपने संबंधित क्षेत्रों की जड़ों से जुड़े रहने का आग्रह किया। उन्होंने विभिन्न स्वास्थ्य देखभाल विषयों के बीच सहयोग और साझा सीख के मूल्य पर प्रकाश डाला। सहायक डीएसडब्ल्यू डॉ. पी.के. उपाध्याय ने उन चक्रों के बारे में बताया जो हमारे शरीर को जोड़ते हैं और जिनका बहुत गहरा अर्थ है। साथ ही उन्होंने सभी स्वास्थ्य देखभाल व्यवसायों के अंतसंबंध पर बात करते हुए इस बात पर जोर दिया कि प्रत्येक पेशा वैज्ञानिक ज्ञान को आगे बढ़ाने और व्यापक रोगी प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कॉलेज ऑफ एलाइड एजुकेशन एंड हेल्थ साइंसेज मेरठ के सहायक प्रोफेसर वीरेंद्र कुमार मौर्य इस कार्यक्रम में आनलाइन शामिल हुए। उन्होंने बीएससी रेडियोलॉजिकल इमेजिंग तकनीक के विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने रेडियोलॉजी में कैरियर के अवसरों, डायग्नोस्टिक्स में रेडियोलॉजिकल इमेजिंग के महत्व और क्षेत्र में कुशल पेशेवरों की बढ़ती आवश्यकता पर बहुमूल्य जानकारी प्रदान की। संस्कृति यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार मनीष मिश्रा, नर्सिंग स्कूल के प्राचार्य डॉ. केके पाराशर, फिजियोथेरेपी विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष चैहान, फिजियोथेरेपी के डॉ. गौरव सरवांग, रेडियोलॉजिकल इमेजिंग तकनीक के एचओडी जगदीश सर, ऑप्टोमेट्री के कार्यक्रम समन्वयक हर्ष ठाकुर और कार्यक्रम की संयोजिका सुश्री नंदिनी व्यास सहित स्कूल ऑफ मेडिकल एंड एलाइड साइंसेज के संकाय सदस्य ने विचार व्यक्त किए। योगेश कौशिक, ऋषभ दुबे, और डॉ. कौशलेंद्र सिंह ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया और इसकी सफलता में योगदान दिया। शैक्षणिक सत्रों के अलावा मौखिक और पोस्टर प्रतियोगिताएँ भी हुईं। मौखिक प्रतियोगिता में बी.एससी. रेडियोलॉजिकल इमेजिंग तकनीक तृतीय सेमेस्टर की छात्रा अंजली शर्मा ने प्रथम, बी.एससी. रेडियोलॉजिकल इमेजिंग तकनीक सेमेस्टर की छात्रा प्रिया ने द्वितीय तथा बी.एससी. रेडियोलॉजिकल इमेजिंग तकनीक तृतीय सेमेस्टर की छात्रा माहिरा सिद्दीकी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छात्रा वंशिका ने प्रथम, खुशी शाक्य एवं प्रशांत चैहान ने द्वितीय तथा छात्रा रिद्दी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का समापन रेडियोलॉजिकल इमेजिंग तकनीक के एचओडी डॉ. गौरव सरवांग के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

## रक्त रंजित शव मिलने से सनसनी

**मथुरा।** थाना जमुनापार के गांव लोहवन में शुक्रवार सुबह एक युवक का शव रक्त रंजित हालत में पड़ा मिलने से सनसनी फैल गयी। युवक के सिर में धारदार हथियार से वार करके हत्या की गई। सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना कर शव पोस्टमार्टम को भेज मामले की जांच कर रही है। फोरेंसिक टीम ने जांच के लिए नमूने कलेक्ट कर लिए हैं। पत्नी पर हत्या करने का आरोप है।

शुक्रवार सुबह गांव लोहवन निवासी 30 वर्षीय अशोक का शव लहूलुहान हालत में पड़ा मिला। इसकी जानकारी होते ही मौके पर लोगों के भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक जमुनापार छोटे लाल ने पुलिस बल के साथ मौका घटना स्थल का निरीक्षण किया। घटना की सूचना उच्चधिकारी को दी। मौके पर एसपी सिटी और सीओ सदर फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। टीम ने जांच के लिए नमूने कलेक्ट किए। परिजनों का पत्नी पर हत्या करने का आरोप है। मृतक अशोक पेटर की शादी करीब 14 वर्ष पूर्व भारती निवासी गांव अरेला जलेसर गोड़ आगरा के साथ हुई थी। उनसे दो लड़के हैं। मृतक के पिता मनोहर सिंह ने बताया कि पति-पत्नी के बीच आए दिन झगड़ा होता रहता था। बीती रात भी विवाद हुआ और बेटे की हत्या कर दी। थाना प्रभारी निरीक्षक जमुनापार ने बताया युवक की सिर पर धारदार हथियार प्रहार कर हत्या की गई है।

# गैंगस्टर की 85 लाख की संपति की कुर्क




**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना एका पुलिस टीम द्वारा गैगस्टर एक्ट के तहत गैंग के सदस्य संजीव कुमार उर्फ संजू यादव की 85 लाख 86 हजार 08 सौ 32 रुपए की अचल सम्पत्ती को कुर्क कर जब्तीकरण की कार्यवाही की गई। गैंगस्टर गैंग का सदस्य संजीव कुमार उर्फ संजू यादव अपने गैंग के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर बल्वा, हत्या एवं मारपीट तथा आपराधिक अभित्राष जैसे अपराध कारित करता है। गैंगस्टर अभियुक्त संजीव कुमार उर्फ संजू यादव की गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत 17 लाख 18 हजार तीन सौ तिरेपन रुपए की अचल सम्पत्ती को पूर्व में कुर्क किया जा चुका है। कुर्की की कार्यवाही के दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## एनसीआरएमयू ने आगामी चुनाव का डोर टू डोर रेलवे के सभी विभागों में किया प्रचार प्रसार

**टूंडला।** नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन टुंडला द्वारा आगामी चुनाव हेतु रेलवे कै0 एंव वै0,सी.आर.एस.पावर हाउस एस एंड टी , सीएचआई कॉलोनी एंव आईओडबल्यू विभाग मे जाकर डोर टू डोर प्रचार प्रसार किया । कार्यक्रम का संचालन शाखा मंत्री सरदार सिंह ने किया एवं अध्यक्षता बलराम ने की शाखा मंत्री जयकिशन अजवानी ने कर्मचारियों को एनसीआरएमयू की उप्लब्धिया बताई एंव कर्मचारियो को विश्वास दिलाया कि उनकी सारी समस्याओ का समाधान मेंस यूनियन जल्द से जल्द कराएगी एंव एनसीआरएमयू के चुनाव चिन्ह लैंप पर वोट देने की अपील की ,एनसीआरएमयू सदेव ही कर्मचारी हित मे तत्पर रहती है पूर्व शाखा मंत्री राजेंद्र सिंह ने कहा कि एनसीआरएमयू किसी भी कर्मचारी के साथ बिना भेदभाव किए सभी को समान अधिकार दिलाने का कार्य आगे भी करती रहेगी इसी क्रम मे न्यू पेंशन योजना की समाप्ति हेतु किए गए प्रेयत्नो को भी कर्मचारियो के सम्मुख रखो इस प्रचार मे एनसीआरएमयू सेवानिवृत पदाधिकारियों ने जोर शोर से भाग लिया और एनसीआरएमयू के गौरवशील इतिहास के बारे मे भी विस्तार से बताया और एनसीआरएमयू को वोट देने की अपील की( जिसमे मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष बलराम ,पूर्व शाखा मंत्री राजेंद्र सिंह. दीपक शर्मा , जयकिशन अजवानी ,सरदार सिंह.नाहर सिंह मीना.अरविंद मीना.प्रवीण कुमार यादव.संतोष सुमन.वाजिद अली .धर्मेंद्र कुमार.इमरान.सत्तन सिंह.हेमराज .नरेंद्र कुमार.रूप किशोर.नरेश कुमार.पवन कुमार .कैलाश चन्द्र , कृष्णा मीना.मनोज मीना आदि सम्मिलित हुये।

## काशी, अयोध्या बदली अब मथुरा की बारी है

**मथुरा।** ब्रजरज उत्सव अब अंतिम दौर में पहुंच गया है। गुरुवार शाम को भजन सम्राट अनूप जलोटा ने समापन की पूर्व संध्या पर अपनी आवाज से ब्रजवासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय पर्यटन विभाग व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में ब्रजरज उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 5 से शुरू ब्रजरज उत्सव 15 नवंबर को खत्म होने जा रहा है। इस उत्सव के 10वें दिन भजन सम्राट अनूप जलोटा की भजन प्रस्तुतियों पर भक्ति संगीत की रसधार बही। भजन संध्या की शुरुआत काशी बदली अयोध्या बदली अब मथुरा की बारी है राम खड़े हैं लिए धनुष अब बंशी बजने वाली है बोलो राम राम राम बोलो राम से हुई। इसके बाद भजन सम्राट केसंगीतमय भजनों के स्वर पंडाल में भक्ति का रस घोलने लगे। दुनियां चले न श्रीराम के बिना राम न चलें हनुमान के बिना अच्युतम केशवम राम नारायनम मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जाएंगे राम आएंगे ऐसे लागी लगन मीरा हो गई मगन जैसे भजनों से इस सिलसिले को आगे बढ़ाया तो लोग उनके साथ गुनगुनाने लगे।

# धर्म संसद से पहले निकली सनातन यात्रा, ऋतंभरा ने किया शुभारम्भ




**मथुरा।** सनातन न्यास फाउन्डेशन के तत्वाधान में आयोजित ह्यसनातन धर्म संसदह्ल से पूर्व शुक्रवार दिल्ली में सनातन यात्रा निकाली गयी। फाउन्डेश के अध्यक्ष देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज ने सभी सनातनियों का एकजुट होने का आव्हान किया। वृन्दावन से आयीं दीदी माँ ऋतंभरा ने सनातन के जयघोष के साथ यात्रा का शुभारम्भ करते हुये ह्यसनातन बोर्डह्ल को वर्तमान की आवश्यकता बताया। 16 नवम्बर को ह्यसनातन धर्म संसदह्ल में बड़ी संख्या में संत-महंत, धमार्चार्य, कथाकार शामिल होंगे । जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी श्री सदानन्द सरस्वती जी महाराज भी धर्म संसद को सम्बोधित करेंगे।

शुक्रवार को आयोजन स्थल से देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज, दीदी माँ ऋतंभरा, महामण्डलेश्वर नवलकिशोर दास महाराज, दयालु महाराज के सानिध्य में हजारों सनातनियों ने सनातन यात्रा निकाली। ढोल नगाढ़ों के साथ शुरू हुई सनातन यात्रा में महिलाओं के सर पर मंगल कलश रखे हुये थे। साथ में बच्चे-बड़े हाथों में केसरिया झण्डे लेकर जय श्रीराम के नारे लगाते हुये चल रहे थे। ह्यसनातन बोर्डह्ल को समर्थन देते हुये मिस वर्ल्ड टूरिज्म इशिका तनेजा भी इस यात्रा में शामिल हुये । यात्रा पाँचवा पुस्ता, फतेह सिंह मार्ग, करतार नगर, पुस्ता नं 3 से होते हुये आयोजन स्थल तक पहुँची । दीदी मां ऋतंभरा ने कहा कि अगर हम अपने सनातनी भाई-बंधुओं को संभालकर एकसाथ आगे बढ़ेंगें तो अन्य लोगों की कोशिशें निष्फल हो जायेंगी । उन्होने बोला कि सनातनियों को एकजुट होना पडेगा, अब इस देश में अपमान का घूंट पीकर नहीं जियेंगे । नवलकिशोर दास जी ने कहा कि सनातनियों के लिये सनातन बोर्ड बहुत पहले बन जाना चाहिये था। देवकीनंदन महाराज ने कहा कि देश में अगर वक्फ बोर्ड रहेगा तो सनातन बोर्ड भी बनाना ही पड़ेगा । उन्होने कहा कि सनातनियों की पीड़ा को आवाज देने के लिये सनातन न्यास फाउन्डेश के तत्वाधान में ह्यसनातन धर्म संसदह्ल का आयोजन किया जा रहा है । इसमें सनातन धर्म बोर्ड के गठन सहित सनातन से जुड़ी कई माँगों को उठाया जायेगा ।

जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी सदानन्द सरस्वती जी , स्वामी श्री कैलाशानंद गिरी जी महाराज, महंत रविन्द्र पुरी जी महाराज, स्वामी राजेन्द्रदास जी गोविन्द देव गिरी, स्वामी ज्ञानानंद जी, सुतीक्ष्ण दास जी, आचार्य बालकृष्ण जी, स्वामी चिदानंद मुनी जी, जैन मुनि लोकेश जी, डॉ रामविलास वेन्दाती गोविन्दानंद तीर्थ, महंत किशोर दास, राम दिनेश आचार्य, जगद्गुरू परमहंस आचार्य जी, प्रदीम मिश्रा जी (सिहोर वाले), बाबा हठयोगी, श्री संतोषानन्द , आचार्य कौशिक, स्वामी चक्रपाणी जी, राजू दास जी, अयोध्या, आचार्य प्रमोद कृष्णम जी, संत श्रीनवलकिशोर दास जी महाराज, श्रीमहंत दीनबंधु दास जी महाराज, त्रिदण्डी स्वामी जी, अभय दास , दीपांकर महाराज, संजीवकृष्ण महाराज, मृदुलकृष्ण महाराज, इन्द्रेश उपाध्याय, बाबा बलराम दास , स्वामी राम स्वरूप ब्रह्मचारी , स्वामी कृष्णा नंद महाराज, आदित्यानंद महाराज, स्वामी भास्करानंद महाराज, स्वामी रघुनाथ दास महाराज. प्रहलाद महाराज. भैया जी महाराज, रमाकान्त महाराज. सत्यमित्रानंद महाराज, पदरेणु जी महाराज सहित बड़ी संख्या में संत-महंत, महामण्डलेश्वर एवं कथाकार आयोजन में शामिल होंगे । सनातन न्यास फाउन्डेशन के सचिव विजय शर्मा ने बताया कि सनातन धर्म संसद दोपहर 1 बजे प्रारम्भ होगी।

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित 50 हजार का इनामी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना सिरसागंज पुलिस एवं सर्विलांस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वाँछित 50 हजार रुपए के इनामिया गैंगस्टर अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। पुलिस मुठभेड़ के दौरान गैंगस्टर अभियुक्त कुलदीप के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। गैंगस्टर एक्ट में वाँछित 50 हजार रुपए का इनामिया गैंगस्टर अभियुक्त कुलदीप जनपद के थाना सिरसागंज के गैंगस्टर एक्ट में 13 वर्ष से फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी हेतु 02 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में शुक्रवार को थाना सिरसागंज पुलिस एवं सर्विलांस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त शिकोहाबाद की तरफ से सिरसागंज की तरफ आ रहा है । उक्त सूचना पर थाना सिरसागंज पुलिस व सर्विलांस टीम द्वारा सूरजपुर नहर के पास चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान सामने से एक मोटरसाइकिल आती हुई दिखाई दी जिसपर एक व्यक्ति सवार था जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया तो उक्त मोटरसाइकिल सवार संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल को वापस मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा जिससे हड़बड़ाहट में मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गयी । पुलिस टीम को अपनी तरफ आता देखकर संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी गयी । पुलिस टीम द्वारा खुद को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ की गयी जबावी फायरिंग में अभियुक्त के पैर गोली लग गयी। अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 1 अवैध तमंचा 01 खोखा कारतूस 02 जिंदा कारतूस एवं चोरी की 01 मोटरसाइकिल बरामद हुए हैं । घायल अभियुक्त की पहचान कुलदीप पुत्र बलवन्त सिंह निवासी कटमीरा थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद के रूप में हुई है जो थाना सिरसागंज में 13 वर्ष से वांछित चल रहा अभियुक्त है। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराअग्रिम आवश्यक कार्यवाही की है।

# महर्षि दयानंद की जयंती पर किया जा रहा है आर्यकुंभ का आयोजन



**फिरोजाबाद।** आर्य समाज के संस्थापक तथा महानचिंतक महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के अवसर पर जनपद फिरोजाबाद के सिरसागंज स्थित आर्य गुरूकुल महाविद्यालय में आज से विराट आर्य महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है, इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों के स्वामी जी के अनुयायियों का बड़ी संख्या में आगमन होगा। स्वामी जी की जयंती को स्मरणोत्सव दिवस के रूप में उत्तर प्रदेश पर्यटन एवं संस्कृति विभाग तथा आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है। इसमें केरल के राज्यपाल मो0 आरिफ खान, कल्कि पीठाधीष्वर आचार्य प्रमोद कृष्णन सहित देश के जाने माने आचार्य एवं विद्वान जन पधारेंगें। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह 16 नवम्बर को अपराह्न 3:00 बजे करेंगें। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम करहल रोड़ स्थित आर्य गुरूकुल महाविद्यालय में आयोजित किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम (16-18 नवम्बर) के पहले दिन, विशाल दिव्य ज्ञान ज्योति रथयात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद योगाभ्यास एवं नाडी विज्ञान चर्चा तथा राष्ट्रीय धर्म सम्मेलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। अगले दिन वेद विज्ञान सम्मेलन, मातृ शक्ति सम्मेलन, व्यायाम प्रदर्शन, आदर्श परिवार सम्मेलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे तथा अंतिम दिन पर्यावरण एवं विश्व कल्याण अग्निहोत्र तथा समापन सत्र का आयोजन होगा। पर्यटन मंत्री ने बताया कि इस कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए पच्चीस बीघे में एक बडा प्रांगण बनाया गया है, जिसमें सभी सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित होंगी। सिरसागंज स्कूल एसोसिएशन के 3 हजार से अधिक बच्चे विभिन्न कलाओं जैसे लाठी, तलवार, भाला, रस्साकसी एवं डम्बल आदि का प्रदर्शन करेंगे। वहीं ललित कला अकादमी द्वारा भी लोक संगीत व लोक नृत्य से सम्बन्धित कार्यक्रम पेश किए जायेंगे। साथ ही कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दूर दराज से कवि आकर अपना काव्य पाठ करेंगे। कार्यक्रम के लिए पूरे नगर को सजाया गया है। पहले दिन निकलने वाली शोभायात्रा में स्कूली छात्र अपना कौशल दिखाते हुए नजर आयेंगे और इसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने सबसे पहले स्वराज्य का नारा दिया था और सामाजिक कुरीतियों एवं पाखंडों तथा जाति प्रथा को समाप्त करने के लिए पूरे देश में भ्रमण करके लोगों को जागरूक किया था। स्वामी जी ने वेदों की ओर लौटों का नारा दिया। उन्होंने वेदों के प्रचार-प्रसार के लिए मुबंई में आर्य समाज की स्थापना की थी। इसके उपरांत पर्यटन मंत्री कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने भी पहुंचे।

## मतदाता जागरूकता तहत हुईं प्रतियोगिताएं

**मथुरा।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम 2024-25 के तहत होने वाले विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत उप्र सरकार की ओर से आयोजित बृजरज उत्सव में डीएम्के निर्देशन में सीडीओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी मनीष मीणा वएडीएम वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडे के मार्गदर्शन में 5 नवंबर से 15 नवंबर तक अभियान चलाया गया जिसके तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्वीप कोऑर्डिनेटर प्रो पल्लवी सिंह ने कहा सभी मतदाताओं को मतदाता होने पर गर्व करना चाहिए और नवीन मतदाता पंजीकरण अवश्य कराएं। स्वीप संयोजक मांट विस डॉ. दीनदयाल तथा जिला मास्टर ट्रेनर एवं स्वीप मीडिया प्रभारी मनीष दयाल ने 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष के होने जा रहे नये मतदाताओं से अपील करी कि वह 24 और 25 नवंबर की जो विशेष तिथियां माननीय निर्वाचन आयोग के द्वारा निर्धारित की गई है उनका लाभ उठाते हुए अपना मतदाता के रूप में पंजीकरण अवश्य कराएं।

## किसानों को डीएपी खाद न मिलने पर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन, बैठे भूख हड़ताल पर



**मथुरा।** लोकसभा इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी व उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव मुकेश धनगर के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर मथुरा जनपद में किसानों को डीएपी खाद नहीं मिलने पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे मुकेश धनगर ने संबोधित करते हुए कहा कि मथुरा जनपद में किसानों को डीएपी खाद नहीं मिल रहा है जिससे किसान परेशान एवं त्राहि त्राहि कर रहा है बिगत दिनों पूर्व में ज्ञापन एवं धरना प्रदर्शन के माध्यम से जिलाधिकारी महोदय को बहुत बार अवगत कराया गया परंतु किसनो को खाद नहीं मिला। उपरोक्त गंभीर समस्या को लेकर इस मुद्दे पर कांग्रेस ने अपनी आवाज उठाई है और किसानों के हित में लड़ने का ऐलान किया जब तक किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद उपलब्ध नहीं होगा जब तक हमारी भूख हड़ताल जारी रहेगी महानगर कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने कहा कि किसानों को खाद न मिलने से हो रहे परेशानी के मुद्दे पर भाजपा सरकार को जवाब देह बनना होगा भाजपा सरकार किसान विरोधी साबित हो रही है हम किसानों के साथ खड़े हैं और उनकी समस्याओं का समाधान निकालने के लिए लड़ेंगे और लड़ते रहेंगे और आगे कहा कि कांग्रेस कमेटी मुकेश धनगर का पूरा समर्थन करेगी और सभी सम्मानित कांग्रेस कार्यकर्ता भी अनशन में शामिल होंगे अनशन के समर्थन में उपस्थित सर्वश्री राजेंद्र सिंह गीतम सिंह कैलाश नाथ प्रधान श्याम सिंह सरपंच कुंवर सिंह निषाद विपुल पाठक अप्रतिम सक्सेना संजय पचैरी उमाशंकर शर्मा प्रवीण भास्कर राजा गौतम शैलेंद्र चैधरी रूपेश धनगर पूरन सिंह अनिल खरे दीपक पाठक रवि वाल्मीकि अनूप गौतम मानवेंद्र पुंडीर आवाद मोहम्मद शाहरुख खान सौरभ गौड़ मेदाराम अशोक कुमार परमानंद नंदलाल विनोद सिंह पिंटू लाल सौदान सिंह घनश्याम सिंह कुमार पाल कोमल कमलेश बाबू दिग्विजय सिंह उमेश सिंह मनोज कुमार राम सिंह शिव सिंह फूल सिंह धीरज कुमार रामगोपाल विष्णु ठाकुर कृष्णवीर चैधरी मनमोहन शर्मा नीरज पंडित लीलाधर रिंकू चैधरी वीरू भाई कुलदीप योगेंद्र आदर्श गौतम बबलू चैधरी रमेश कुमार सचिन चैधरी हेमंत चैधरी प्रवेश चैधरी विनोद चैधरी पूर्ण सोनी देवेंद्र गौतम पवन कुमार प्रताप भगत जी कन्हैयालाल छोटेलाल कामिनी पचैरी दीवान जी कन्हैयालाल सुनील कुमार आदि सैकड़ो की संख्या में किसान एवं कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड बैठक में की कार्यों की समीक्षा

- डीएम ने दुग्ध कोऑपरेटिव अधिकारी के अनुपस्थित रहने और कार्यों में शिथिलता बरतने पर वेतन रोकने का दिये आदेश



**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में सीएम डैशबोर्ड के संबंध में बैठक आयोजित की गई जिसमें सीडीओ शत्रोहन वैश्य के साथ जिले के समस्त अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में सर्वप्रथम डीएम ने डीसीएनआरएलएम के कार्यों की समीक्षा की जिलाधिकारी ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा महिलाओं के समूह बनाए जाएं ताकि महिलाएं सशक्त बन सकें और सरकार द्वारा चल रही इस योजना का लाभ उठा सकें, डीएम ने सीएमओ को निर्देशित किया कि 200 बेड के संचालित अस्पताल में कुछ उपकरण खराब है उनको शीघ्र ही सही कराये जिससे जनता को किसी प्रकार का कोई कष्ट न हो डीएमने डेयरी विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि जनपद में ज्यादा से ज्यादा दुग्ध समितियां बनाई जाए जिससे इसका उपयोग पशुपालक कर सकें। बैठक के दौरान दुग्ध कोऑपरेटिव अधिकारी के अनुपस्थित रहने और कार्यों में शिथिलता बरतने पर वेतन रोकने का आदेश डीएम ने दिया। साथ ही साथ डीएम ने सीडीओ को निर्देशित किया कि कैंप लगाकर ज्यादा से ज्यादा समितियों का निर्माण कराया जाए जिससे इन समितियों से लोगों की आय बढ़ाने में मदद मिल सके, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा करते हुएडीएम ने कहा कि कैंप लगाकर ज्यादा से ज्यादा दिव्यंता प्रमाण पत्र बनाए जाएं, जिससे दिव्यांग जनों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके, जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए डीएम इस बात पर खासे नाराज दिखे कि उनके काम की प्रगति अत्यंत ही धीमी है साथ ही साथ जहां जहां इनके निर्माण कार्य चल रहे हैं वहां पर इनके कार्य के द्वारा सड़के अत्यंत खराब हो गई है डीएम ने कहा कि अब इस तरह की शिकायत आई तो आप पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी साथ ही साथ लोकेशन पर जाने से पहले फाइल पर उस स्थान को अंकित करें और संपूर्ण कार्य फाइल पर उपलब्ध कराये, फैमिली आईडी की समीक्षा करते हुए डीएम को अवगत कराया गया कि जनपद को कुल 60000 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है परंतु इसमें कार्य की गति अत्यंत धीमी है अर्थ एवं संख्या अधिकारी चूंकि इसके नोडल हैं इसलिए डीएम ने कार्य की कम प्रगति पर इन्हें एडवर्स एंट्री देने की बात कही, इसी तरह जिला पंचायत विभाग की समीक्षा करते हुए डीएम इस बात पर खासे नाराज दिखे की 15वें वित्त आयोग के तहत मिलने वाली धनराशि का पैसा कम खर्च हुआ है जिससे कार्य समय पर पूर्ण नहीं हो रहे हैं इसके लिए उन्होंने सबसे खराब स्थिति वाले क्षेत्र शिकोहाबाद और नारखी के एडीओ पंचायतों का वेतन रोकने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिए, इसी तरह बेसिक शिक्षा अधिकारी को डीएम ने निर्देशित किया कि मध्यान भोजन योजना के तहत बच्चों को मिल रहा भोजन मानक के अनुसार है कि नहीं इसके लिए स्कूल के बच्चों से लिखित में एक रजिस्टर पर अंकित कराकर इसकी पुष्टि कराये,शादी अनुदान योजना के संबंध में डीएम ने कहां की यह गरीब वर्गों से संबंधित योजना है इसके लिए ज्यादा से ज्यादा कैंप लगाकर प्रचार प्रसार कराये जिससे इसका लाभ वंचित वर्ग को मिल सके, इसी तरह कन्या सुमंगला योजना के संबंध में डीएम ने कहा कि यह बच्चियों की शिक्षा से संबंधित है इसलिए इसकी जानकारी ज्यादा से ज्यादा बच्चियों तक पहुंचे इसलिए पंचायत सचिवों को ज्यादा से ज्यादा सक्रिय करें, इसी तरह डीएम ने श्रम विभाग के अंतर्गत चल रही योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा मजदूरों को मिले इसके लिए उन्होंने ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करने और ग्राम स्तर पर पंचायत सचिवों को सक्रिय करने की बात कही, आयुष्मान कार्ड के संबंध में डीएम ने कहा कि नये शासनादेश के अनुसार 70 प्लस वृद्ध जनों को इसका लाभ दिलाया जाना है इसके लिए 70 प्लस आयु के वृद्ध जनों को इसके लिए चिन्हित करें ताकि इसका लाभ वृद्ध जनों को प्राप्त हो सके, जिलाधिकारी ने कहा कि 2 महीने के अंदर इस योजना से 70 प्लस संपूर्ण वृद्ध जन अच्छादित हो जाएं। इस दौरान सीएमओ डॉ राम बदन राम, परियोजना निदेशक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।




# भारत ने द. अफ्रीका को 135 रन से हराया

## तिलक और सैमसन ने जड़े शतक, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बनाया बड़ा स्कोर





जोहानिसबर्ग। संजू सैमसन और तिलक वर्मा की शानदार पारियों के बाद अर्शदीप सिंह की अगुआई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से भारत ने दक्षिण अफ्रीका को चौथे टी20 मुकाबले में 135 रनों से हराया। भारत ने इस तरह चार मैचों की यह सीरीज 3-1 से अपने नाम की। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में एक विकेट पर 283 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 18.2 ओवर में 148 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत के लिए अर्शदीप ने तीन विकेट झटके, जबकि वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल को दो-दो विकेट मिले। हार्दिक पांड्या, रमनदीप सिंह और रवि बिश्नोई ने एक-एक विकेट अपने नाम किया। तिलक वर्मा और संजू सैमसन की सेंचुरी के दम पर भारत ने चौथे टी-20 में 283 रन बना दिए। यह साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 में किसी भी टीम का सबसे बड़ा स्कोर है। तिलक ने 120 और सैमसन ने 109 रन बनाए। साउथ अफ्रीका से इकलौता विकेट लुथो सिपामला ने लिया। सैमसन और तिलक ने दूसरे विकेट के लिए 210 रन की पार्टनरशिप की। यह भारत के लिए सबसे बड़ी पार्टनरशिप है। भारत से पहली बार टी-20 इंटरनेशनल की एक पारी में 2 प्लेयर्स ने शतक लगाए हैं। टी-20 फॉर्मेट में यह तीसरी बार हुआ।

तिलक वर्मा ने 19वें ओवर में लुथो सिपामला के खिलाफ 2 रन लिए। इसी के साथ उन्होंने 41 बॉल पर सेंचुरी लगा दी। यह टी-20 में उनका लगातार दूसरा शतक है, उन्होंने पिछले मुकाबले में भी सेंचुरी लगाई थी। तिलक भारत के लिए 2 टी-20 शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। पूरी की। उन्होंने 51 बॉल पर अपने करियर का तीसरा शतक लगाया। उन्होंने सीरीज के पहले मैच में भी सेंचुरी लगाई थी। इस बीच वह बाकी 2 टी-20 में जीरो पर भी आउट हुए। सैमसन ने पिछले महीने बांग्लादेश के खिलाफ भी शतक लगाया था। वह एक साल में 3 टी-20 शतक लगाने वाले दुनिया के पहले ही खिलाड़ी बने। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने शुक्रवार को यहां चौथे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

# चैंपियंस ट्रॉफी का टूर पीओके में नहीं होगा, 16 नवंबर से होना था दौरा

## बीसीसीआई की आपत्ति के बाद आईसीसी ने पीसीबी को मना किया







मुंबई। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने बीसीसीआई की आपत्ति के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को चैंपियंस ट्रॉफी का टूर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में कराने से मना कर दिया है। न्यूज एजेंसी आईएएनएस ने यह दावा एक रिपोर्ट के हवाले से किया है। आईसीसी और पीसीबी की तरफ से इस मामले पर अब तक कोई ऑफिशियल बयान नहीं आया है। आईसीसी की एक अधिकारी ने बताया कि चैंपियंस ट्रॉफी टूर का प्लान आईसीसी ही जारी करता है। ऐसे में ट्रॉफी के टूर को लेकर किसी चीज को इनकार और स्वीकार करने का कोई सवाल ही नहीं उठता। अभी हम ट्रॉफी के टूर के शेड्यूल को लेकर बातचीत कर रहे हैं।

न्यूज एजेंसी एएनआई को एक सूत्र ने बताया, बीसीसीआई सचिव जय शाह ने पीसीबी के चैंपियंस ट्रॉफी का टूर पीओके में कराने की घोषणा की आपत्ति जताई है। शाह ने इस मामले को आईसीसी के सामने उठाया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में राजनीति हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। इसे लेकर आईसीसी को कार्रवाई करनी चाहिए।

इससे पहले, पीसीबी ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर ट्रॉफी के टूर को लेकर एक पोस्ट शेयर किया था। पीसीबी ने लिखा, 'टूर 16 नवंबर को इस्लामाबाद से शुरू होगा। इसके बाद यह कई शहरों से होते हुए, पीओके के स्कार्दू, हुंजा और मुजफ्फराबाद भी जाएगा।'

## संक्षेप

### अर्जेंटीना हारा ब्राजील ने ड्रॉ खेला

एसनसियोन (पराग्वे)। अर्जेंटीना के सुपरस्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी और ब्राजील के विनिशियस जूनियर के लिये दक्षिण अमेरिकी विश्व कप क्वालीफाइंग दौर का मैच निराशाजनक रहा। मेस्सी की अर्जेंटीना को पराग्वे ने 2 . । से हराया जबकि ब्राजील ने वेनेजुएला से ।. । से ड्रॉ खेला। अर्जेंटीना इस हार के बावजूद दस टीमों के राउंड रॉबिन दौर में 11 मैचों में 22 अंक लेकर शीर्ष पर है। वहीं ब्राजील 17 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं। अन्य मैचों में इक्काडोर ने बोलिविया को 4.0 से हराया। इक्काडोर 16 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है जबकि बोलिविया 12 अंक के साथ आठवें स्थान पर है। अर्जेंटीना ने पराग्वे में मैच खेला और मेजबान टीम ने स्थानीय प्रशंसकों के मेस्सी की शर्ट पहनने पर प्रतिबंध लगा दिया था। अधिकांश दर्शक पराग्वे की लाल और सफेद रंग की जर्सी पहने थे। अर्जेंटीना के लिये लौटारो मार्तिनेज ने 11वें मिनट में पहला गोल किया। पराग्वे के अंतोनियो सनाब्रिया ने आठ मिनट बाद बराबरी का गोल दागा। मेजबान खिलाड़ी एल्डेरेटे ने 47वें मिनट में विजयी गोल किया।

### स्लोवाकिया ने अमेरिका को हराया

मालागा (स्पेन)। एशलिन क्रूएगर और टेलर टाउनसेंड निर्णायक युगल मैच हार गए और स्लोवाकिया ने इस जीत के साथ बिली जीन किंग्स कप टेनिस फाइनल्स में अमेरिका को मात दी। क्रूएगर और टेलर को टेरेजा मिहालिकोवा और विक्टोरिया एच ने 6 . 3, 3 . 6, 10 . 8 से हराया। इससे पहले टाउनसेंड ने एकल मुकाबले में रेनाटा जैमरिचोवा को 7 . 5, 6 . 4 से हराया लेकिन रेबेका एस ने डेनियेले कोलिंगस को 6 . 2, 7 . 5 से हराकर स्कोर बराबर कर दिया। स्लोवाकिया का सामना क्वार्टर फाइनल में आस्ट्रेलिया से होगा। जापान भी रोमानिया को 2 . । से हराकर 2013 के बाद पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया। अब उसका सामना इटली से होगा।

### दक्षिण कोरिया ने कुवैत को हराया

मेलबर्न। सोन हियुंग मिन ने अपना 50वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागा जिसकी मदद से दक्षिण कोरिया ने विश्व कप फुटबॉल क्वालीफाइंग मुकाबले में कुवैत को 3 . । से मात दी। टोटेनहम के फॉरवर्ड मिन ने 19वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा। दक्षिण कोरिया ने एशिया के विश्व कप क्वालीफायर ग्रुप बी में लगातार चौथी जीत दर्ज करके शीर्ष स्थान पर कब्जा कर लिया। दक्षिण कोरिया के लिये पहला गोल ओ सि हुन ने किया था। कुवैत के लिये मोहम्मद दाहम ने गोल किया लेकिन कोरिया के बाए जुन हो ने तीसरा गोल दागकर जीत पर मुहर लगा दी। जोर्डन दूसरे और ईराक तीसरे स्थान पर है।

# बैडमिंटन चैम्पियनशिप के लिए टीम हुई रवाना



विशेष संवाददाता

लखनऊ। बीबीडी उप्र बैडमिंटन अकादमी गोमती नगर, लखनऊ से योनेक्स सनराईज 46 जूनियर नेशनल बैडमिंटन चैम्पियनशिप 2024 ( अंडर-19 वर्ष), भुवनेश्वर (ओडिसा) में 19 से 25 नवम्बर तक आयोजित की जा रही है। इस चैम्पियनशिप के लिए उत्तर प्रदेश की (बालक/बालिका) की 19 सदस्यीय टीम चयनित समिति द्वारा चयनित की गयी है। टीम 15 नवम्बर को रात्रि में ट्रेन द्वारा प्रस्थान करेगी। उप्र बैडमिंटन संघ की चयन समिति ने 19 खिलाड़ियों एवं तीन आफिशियल का चयन किया है। खिलाड़ियों का चयन हाल में हुए टूर्नामेंट में उनके प्रदर्शन के आधार पर किया गया, इनमें प्रभाष कुमार कुशवाहा, भुमेश उतरानी, आराध्य शर्मा, काजल पनवार, आशे सिंह, दिव्यांशी गौतम, अतुल कुमार, प्रदीप कुमार, अर्चित सिन्हा, शिवम वर्मा, उज्जवल तोमर, उज्जवल, मुहम्मद अर्श, रिद्धिमा सिंह, सुजाता सिंह, आदित्या यादव शामिल है। ऐंड्रा मुलजया (इंडोनेशियन पुरुष कोच), मुकुल भारद्वाज, (पुरूष कोच), मधु अवस्थी (महिला कोच/मैनेजर) के तौर पर रहेगें। खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट के लिए काफी मेहनत की है। इस अवसर पर उप्र बैडमिंटन संघ के चेयरमैन विराज सागर दास, उप्र बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष डॉ. नवनीत सहगल, उप्र बैडमिंटन संघ के सचिव डॉ. सुधर्मा सिंह, अरूण कक्कड़ ने टीम को शुभकामनाए दीं, कि टीम अपना शानदार प्रर्दशन करेगी।

**भुवनेश्वर में 19 से 25 तक नेशनल बैडमिंटन चैम्पियनशिप के लिए 19 सदस्यीय टीम चयनित**

# पंजाब ने बिहार को हराकर चखा जीत का स्वाद



लाहली (हरियाणा)। युवा तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज ने कमाल की उपलब्धि हासिल करते हुए 10 विकेट लेकर रणजी ट्रॉफी के इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया लेकिन हरियाणा के उनके साथी बल्लेबाज लड़खड़ा गए जिससे वह रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच में शुक्रवार को तीसरे दिन के खेल के बाद केरल से पहली पारी में बढ़त हासिल करने से 152 रन दूर है और उसके सिर्फ तीन विकेट शेष है।

एक अन्य मैच में, पंजाब ने बिहार पर पारी और 67 रन की शानदार जीत हासिल की। मौजूदा सत्र की पहली जीत के बाद टीम 11 अंकों के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई। जब दिन का खेल शुरू हुआ था तब केरल का स्कोर आठ विकेट पर 285 रन था और 23 साल के कंबोज अपनी ऐतिहासिक उपलब्धि से दो विकेट दूर थे। उन्होंने शॉन रोजर (42) और बासिल थंपी (चार) को चलता कर केरल की पारी के आखिरी दो विकेट के साथ ही इतिहास में अपना दर्ज करवा लिया। उन्होंने 30.1 ओवर में 49 रन देकर 10 विकेट लिये। केरल की पहली पारी 116.1 ओवर में 291 रन पर सिमटी। कंबोज की शानदार गेंदबाजी के बाद हरियाणा के बल्लेबाज हालांकि उम्मीदों पर खरे उतरने में नाकाम रहे। दिन का खेल खत्म होते समय हरियाणा की टीम सात विकेट पर 139 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी। निशांत सिंधु (29) के साथ जयंत यादव (एक) क्रीज पर मौजूद थे। मोहाली में गुरनूर बराड़ के पांच विकेट की मदद से पंजाब ने बिहार की दूसरी पारी को 98 रन पर समेट कर पारी और 67 रन की जीत के साथ नॉकआउट चरण की अपनी उम्मीदें जीवंत रखी। पंजाब की टीम दिन की शुरुआत आठ विकेट पर 262 रन पर करने के बाद 300 रन पर आउट हो गयी। टीम के लिए जसकरन वीर पॉल ने 102 गेंदों में 65 रन बनाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने बराड़ (34) के साथ 72 रन जोड़े, जिससे टीम ने पहली पारी में 165 रनों की बढ़त हासिल की। इसके बाद गुरनूर (14 रन पर पांच विकेट) और बलतेज सिंह (44 रन पर चार विकेट) ने आपस में नौ विकेट साझा कर दूसरी पारी में बिहार के बल्लेबाजों पर कहर बरपाया। पहली पारी में 135 रन बनाने वाली बिहार की टीम दूसरी पारी में सिर्फ 28.4 ओवर ही बल्लेबाजी कर सकी। मध्यप्रदेश के खिलाफ शानदार गेंदबाजी के बाद अनुभवी भारतीय खिलाड़ी मोहम्मद शमी ने बल्ले से भी उपयोगी योगदान दिया। उनकी 26 गेंद में 37 रन की आक्रामक पारी से 219 रन पर आठवां विकेट गंवाने वाली बंगाल की टीम ने दूसरी पारी में 276 रन बनाये। चोट से वापसी कर रहे शमी ने अपनी पारी में दो चौके और इतने ही छक्के जड़े। मध्य प्रदेश को जीत के लिए 338 रन का मुश्किल लक्ष्य मिला। टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक तीन विकेट पर 150 रन बनाकर मैच को अपनी पकड़ में रखा है। स्टंप्स के समय रजत पाटीदार (32) और शुभमन शर्मा (18) क्रीज पर मौजूद थे। टीम को जीत के लिए 188 रन की और जरूरत है। बंगाल के लिए शमी (55 रन पर एक विकेट) रोहित कुमार (20 रन पर एक विकेट) और शाहबाज अहमद (21 रन एक विकेट) ने एक-एक विकेट लिये। इससे पहले बंगाल ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 170 रन से आगे के की। ज तिक चटर्जी ने 52 रन बनाये जबकि रिद्धिमान साहा ने 115 गेंद में 44 रन की जुझारू पारी से मध्यप्रदेश के गेंदबाजों को परेशान किया। लखनऊमें उत्तर प्रदेश ने दूसरी पारी में माधव कौशिक (134) और आर्यन जुयाल (109) की शतकीय पारियों से कर्नाटक के खिलाफ पांच विकेट पर 325 रन बनाकर मैच में अच्छी वापसी की। पहली पारी में महज 89 रन पर आउट होने वाली उत्तर प्रदेश के पास अब 139 रन की बढ़त है।

### अंशुल 10 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बने

लाहली (हरियाणा)। हरियाणा के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज शुक्रवार को रणजी ट्रॉफी के इतिहास में एक पारी में सभी 10 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गये। इस 23 वर्षीय गेंदबाज ने केरल के खिलाफ ग्रुप सी के मैच में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने 30.1 ओवर में 49 रन देकर दस विकेट लिए। रणजी ट्रॉफी में उनसे पहले बंगाल के प्रेमांगशु चटर्जी (20 रन देकर 10 विकेट, बंगाल बनाम असम, 1956) और राजस्थान के प्रदीप सुंदरम (78 रन देकर 10 विकेट, राजस्थान बनाम विदर्भ, 1985) ने यह उपलब्धि हासिल की थी। कुल मिलाकर कम्बोज प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 10 विकेट लेने वाले छठे भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। अनिल कुंबले, सुभाष गुप्ते और देबाशीष मोहंती इस सूची में शामिल अन्य गेंदबाज हैं। तेज गेंदबाज कंबोज को तीसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले यह उपलब्धि हासिल करने के लिए केवल दो विकेट की जरूरत थी। उन्होंने बासिल थम्पी और शॉन रोजर के विकेट लेकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। उनकी शानदार गेंदबाजी से हरियाणा ने केरल को पहली पारी में 291 रन पर आउट कर दिया।

# राहुल की कोहनी में चोट लगी पहले टेस्ट मैच में खेलना संदिग्ध



पर्थ। भारतीय टीम के आपस में खेले गए मैच के दौरान शुक्रवार को यहां केएल राहुल की दाईं कोहनी में चोट लग गई और उन्हें मैदान छोड़कर बाहर जाना पड़ा जिससे उनका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 नवंबर से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में खेलना संदिग्ध है। राहुल तब 29 रन बनाकर खेल रहे थे जब तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की उठती गेंद उनकी कोहनी पर लगी। इस बल्लेबाज ने फिजियो से सलाह मशविरा करने के बाद मैदान छोड़ दिया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अगर बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के पहले मैच में नहीं खेल पाते हैं तो राहुल टीम में उनकी जगह लेने की दौड़ में शामिल हैं।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने पीटीआई से कहा, जहां तक राहुल की बात है तो उनकी कोहनी पर अभी चोट लगी है और उसका आकलन करने में समय लगेगा। राहुल की नजर टेस्ट टीम में वापसी पर लगी है क्योंकि न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले महीने बेंगलुरु में खेले गए पहले टेस्ट मैच के बाद उन्हें अंतिम एकादश में नहीं चुना गया था। राहुल ने टेस्ट क्रिकेट में अपना अंतिम शतक दिसंबर 2023 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में लगाया था। इसके बाद वह नौ पारियों में केवल दो अर्धशतक ही लगा पाए। इस रीच सिडनी मार्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का अज्ञात चोट के लिए गुरुवार को स्कैन कराया गया था। इस बल्लेबाज ने हालांकि शुक्रवार को टीम के बीच आपस में खेले गए मैच में हिस्सा लिया और 15 रन बनाए। बीसीसीआई के सूत्रों ने कहा कि विराट कोहली को लेकर फिलहाल कोई चिंता नहीं है। कोहली भी पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अपना अंतिम शतक जुलाई 2023 में के खिलाफ पोर्ट ऑफ स्पेन में बनाया था। इसके बाद यह 36 वर्षीय बल्लेबाज 14 टेस्ट पारियों में केवल दो अर्धशतक लगा पाया है।

# छठवां विश्व कुंग फू दिवस मनाया गया



लखनऊ। कुंग फू के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के द्वारा प्रदेश के सबसे पुराने आत्मरक्षा प्रशिक्षण संस्थान ड्रैगन एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट का 35 वाँ स्थापना दिवस दिनांक 15 नवंबर 2024 को स्थानीय संजय गांधी पुरम में बड़े ही धूमधाम के साथ में मनाया गया, ज्ञात हो कि इसी दिन कुंग फू आत्मरक्षा के जन्मदाता भारतीय तमिल बौद्ध भिक्षु शाक्य मुनि बोधिधर्मन का जन्म हुआ था यह जानकारी संस्थान के संस्थापक ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी के द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति में प्रदान की गई।

संस्थापक के द्वारा बताया गया कि कुंग फू मूलतः भारतीय आत्मरक्षा की कला है जो कि कांचीपुरम तमिलनाडु के शाक्य मुनि बोधिधर्मन के द्वारा शाओलिन टेंपल चीन के स्थानीय लोगों को आज से ढाई हजार वर्ष पूर्व सिखाई गई थी, उक्त दिवस को पूरे भारतवर्ष में कुंग फू कला के प्रेमियों के द्वारा विश्व कुंग फू दिवस के रूप में मनाया जाता है, इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एम.के.एस. इंटरप्राइजेज के सी.एम.डी. राजेंद्र कुमार गौतम ने बोधिधर्म के जन्म दिवस के अवसर पर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम का उद्घाटन किया और व्याख्यान करते हुए कहा कि इस प्रकार के व्यक्तित्व का उदाहरण हजारों वर्ष में एक बार ही प्राप्त होता है जहां पर लगातार 9 वर्षों तक भूखे प्यासे अनवरत साधना करके कोई साधक अपनी आध्यात्मिक शक्ति को इस प्रकार से बढ़ाता है कि वह जन सामान्य के लिए एक प्रकाश स्तंभ की भांति कार्य करती है, इसके पश्चात ड्रैगन एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट के युवा कुंग फू खिलाड़ियों ने बौद्ध धर्म के द्वारा सिखाई गई मेडिटेशन की पद्धति आना पाना का अभ्यास किया तथा उनके द्वारा चीन के लोगों को ढाई हजार वर्ष पूर्व सिखाई गई कल लोहान चौहान का प्रदर्शन किया, इसके पश्चात 15वीं राष्ट्रीय कुंग फू प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया गया और कोऑर्डिनेटर को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गए, उक्त अवसर पर खिलाड़ियों के द्वारा 20 किलो का केक काट के उनके जन्मदिन को मनाया गया तथा छोटे-छोटे बालक बालिकाओं के द्वारा हजारों वर्ष पुरानी कुंग फू की विभिन्न रोमांचक कलाओं का प्रदर्शन तथा बोधिधर्मन के जीवन के ऊपर आधारित एक चाइनीज रूपांतरित नाटक का भी प्रदर्शन किया गया, इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा प्रबंधक श्री शोभित श्रीवास्तव उपस्थित रहे जिन्होंने बच्चों को आशीर्वचन प्रदान किया, कार्यक्रम के अंत में डिवाइन हीलिंग आध्यात्मिक कला के विशेषज्ञ श्री अमित नरूला के द्वारा उपस्थित बच्चों को आध्यात्मिक शक्ति के बारे में बताया गया जिससे मनुष्य अपने जीवन को बेहतर बना सकता है, उन्होंने आपसी प्रेम, करुणा, मैत्री, बंधुत्व और मानवता जैसे मानवीय गुणों की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती मंजू त्रिपाठी के द्वारा उपस्थित कुछ विशिष्ट विभूतियां को उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया गया तथा मुख्य अतिथि को कार्यक्रम का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

# चीन के खिलाफ महिला एसीटी हॉकी मैच में भारत के लिए कठिन चुनौती



राजगीर (बिहार)। गत चैम्पियन भारत के सामने महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी की सबसे कठिन चुनौती होगी जब शनिवार को उसका सामना ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन से होगा।

भारत और चीन दोनों अभी तक टूर्नामेंट में अपराजेय रहे हैं और तीनों मैच जीते हैं। चीन बेहतर गोल औसत के आधार पर भारत से आगे हैं। चीन का गोल औसत 21 है जबकि भारत का 18 है। राउंड रॉबिन दौर के बाद चार टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। दोनों टीमों के बीच आखिरी मुकाबला इस साल फरवरी में एफआईएच प्रो लीग में हुआ था और दोनों बार चीन जीता था। भारत के पास अब बदला चुकता करने का सुनहरा मौका है। भारत और चीन दोनों ने इस टूर्नामेंट में अब तक ढेरों गोल दागे हैं। थाईलैंड को 13 . 0 से हराकर भारत के 20 गोल हो गए हैं जबकि चीन के 22 गोल हैं। थाईलैंड के खिलाफ भारत ने शानदार खेल दिखाया और आठ फील्ड गोल के साथ पांच गोल पेनल्टी कॉर्नर पर किये। पहले दो मैचों में चिंता का सबब रहा पेनल्टी कॉर्नर तब्दीली दर भी बेहतर हो गया है। थाईलैंड के खिलाफ भारत ने 12 में से पांच पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किये। भारतीय डिफेंडरों को थाईलैंड से चुनौती नहीं मिली जबकि दीपिका की अगुवाई में फॉरवर्ड पंक्ति ने जबर्दस्त प्रदर्शन किया। दीपिका के अलावा प्रीति दुबे, नवनीत कौर, लालरेम्सियामी , ब्यूटी डुंगडुंग और संगीता कुमारी का प्रदर्शन भी अच्छा रहा। मिडफील्ड में कप्तान सलीमा टेटे, नेहा गोयल, सुशीला चानू और उदिता प्रभावी रहे। भारत के लिये चिंता का एकमात्र सबब यही है कि उसके डिफेंडरों और गोलकीपर सविता पूनिया और बिछू देवी को अभी तक चुनौती नहीं मिली है। वहीं चीन की टीम जवाबी हमलों में माहिर है। भारतीय कोच हरेंद्र सिंह ने कहा कि मैं टीम के प्रदर्शन से खुश हूं जिस तरह से टीम ने विरोधी सर्कल में जाकर गोल किये। डिफेंडरों और मिडफील्डरों के बीच अच्छा तालमेल था और हमें इस लय को बनाये रखना है। बाकी मैचों में मलेशिया का सामना जापान से और कोरिया का थाईलैंड से होगा।

# स्वतंत्रता आंदोलन में आदिवासियों की हुई अनदेखी

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में 6,640 करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

एजेंसी

जमुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि देश में कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों ने स्वतंत्रता आंदोलन में आदिवासी नेताओं के योगदान को कमतर आंकने का प्रयास किया, ताकि केवलएक पार्टी औरएक परिवार को श्रेय मिल सके।



वह महान स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर बिहार की राजधानी पटना से लगभग 200 किलोमीटर दूर जमुई जिले के खैरा गांव में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा आज जब हम जनजातीय गौरव वर्ष की शुरुआत कर रहे हैं तब यह समझना भी बहुत जरूरी है कि आयोजन की आवश्यकता क्यों हुई। यह इतिहास के एक बहुत बड़े अन्याय को दूर करने का एक ईमानदार प्रयास है। आजादी के बाद आदिवासी समाज के योगदान को इतिहास में वह स्थान नहीं दिया गया जिसका मेरा आदिवासी समाज हकदार था। मोदी ने कहा आदिवासी समाज वह है, जितने राजकुमार राम को भगवान राम बनाया। आदिवासी समाज वह है, जिसने भारत की संस्कृति और आजादी की रक्षा के लिए सैकड़ों वर्षों की लड़ाई को नेतृत्व दिया लेकिन आजादी के बाद के दशकों में आदिवासी इतिहास के इस अनमोल योगदान को मिटाने की कोशिशें की गईं। इसके पीछे भी स्वार्थ भरी राजनीति थी। राजनीति यह कि भारत की आजादी के लिए सिर्फ एक ही दल को श्रेय दिया जाए। उन्होंने पूछा कि अगर एक ही दल, एक ही परिवार ने आजादी दिलाई तो भगवान बिरसा मुंडा का उलगुलान आंदोलन क्यों हुआ था, संथाल क्रांति क्या थी, कोल क्रांति क्या थी। प्रधानमंत्री ने आजादी की लड़ाई में देश के आदिवासी समाज के लोगों की चर्चा करते हुए कहा कि क्या उन शूरवीरों को कोई भुला सकता है। उन्होंने कहा संस्कृति हो या फिर सामाजिक न्याय, आज की राजग सरकार का मानक कुछ अलग ही है। मैं इसे भाजपा ही नहीं, बल्कि राजग का सौभाग्य मानता हूं कि हमें द्रौपदी मुर्मू जी को राष्ट्रपति बनाने का अवसर मिला। वह देश की पहली आदिवासी राष्ट्रपति हैं। मुझे याद है कि जब राजग ने द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाना तय किया तो हमारे नीतीश बाबू ने अपील की थी कि मुर्मू को भारी मतों से जिताया जाना चाहिए। मोदी ने कहा आज पीएम-जनमन योजना के तहत अनेक काम शुरू हुए हैं उसका श्रेय भी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी को ही जाता है।

# महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के विकास में बाधा उत्पन्न कर रहा है वन विभाग

गढ़चिरौली। केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि वह दिन दूर नहीं जब गढ़चिरौली महाराष्ट्र का सबसे समृद्ध क्षेत्र बन जाएगा। उन्होंने वन विभाग पर नक्सल प्रभावित जिले के विकास में बाधा उत्पन्न करने का आरोप भी लगाया।



गडकरी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के तहत प्रचार के दौरान कहा कि कई लौह अयस्क कंपनियां गढ़चिरौली में काम शुरू कर रही हैं और उन्होंने इन उपक्रमों में नौकरियों में स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता देने का सुझाव दिया। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने गढ़चिरौली जिले के आष्टी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी पार्टी बी आर आंबेडकर द्वारा तैयार संविधान में किसी भी बदलाव को मंजूरी नहीं देगी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने भाजपा उम्मीदवार मिलिंद नरोटे (आष्टी सीट) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) उम्मीदवार बाबाराव आत्राम (अहेरी निर्वाचन क्षेत्र) के लिए प्रचार कर रहे थे। गडकरी ने महाराष्ट्र के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री (1995 से 1999) के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान इस जिले में किए गए विकास कार्यों को याद किया। लोकसभा सदस्य ने कहा कि 2014 में उनके केंद्रीय मंत्री बनने से पहले गढ़चिरौली में केवल 57 किलोमीटर लंबा राष्ट्रीय राजमार्ग था, लेकिन अब इसकी लंबाई लगभग 10 गुना बढ़कर 541 किलोमीटर हो गई है। गडकरी ने कहा कि उन्होंने जिले में चार हजार करोड़ रुपये की 35 परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

संक्षेप

## ट्रंप भारत के साथ संबंधों को आगे बढ़ाने की दिशा में काम करेंगे

वाशिंगटन। व्हाइट हाउस में अहम पद पर सेवाएं दे चुकीं एक अधिकारी ने कहा कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत के प्रति अच्छी भावनाएं रखते हैं और उनके पहले कार्यकाल के दौरान दोनों देशों के संबंधों में जो प्रगति हुई थी, वह उसे वहीं से आगे बढ़ाने की दिशा में कदम उठा सकते हैं। ट्रंप की पूर्व उप सहायक और 2017 से 2021 तक दक्षिण एवं मध्य एशिया के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के वरिष्ठ निदेशक पद पर सेवाएं दे चुकीं लीजा कर्टिस ने यह बात कही। कर्टिस ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा कि मुझे लगता है कि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप भारत के साथ संबंधों को वहीं से आगे बढ़ाएंगे जहां उन्होंने अपने पहले कार्यकाल में छोड़े थे। वह भारत के प्रति अच्छी भावनाएं रखते हैं और मैं वास्तव में इसे रिश्ते को आगे बढ़ाने और साझेदारी को मजबूत करने के अवसर के रूप में देखती हूं। उन्होंने कहा कि ट्रंप के पहले कार्यकाल (2017-2021) के दौरान भारत के महत्व और चीन की चुनौतियों से निपटने में उसकी भूमिका के कारण अमेरिका-भारत संबंधों में सुधार हुआ। कर्टिस ने कहा कि ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक-दूसरे का सम्मान करते हैं और उनके बीच व्यक्तिगत संबंध भी हैं।

## अरबपतियों के हितों की पूर्ति कर रहे हैं प्रधानमंत्रीः राहुल गांधी

महगामा (झारखंड)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए उन पर भारत के गरीबों की कीमत पर अरबपतियों के हितों की पूर्ति करने का आरोप लगाया।

झारखंड के गोड्डा जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने दावा किया कि विपक्ष संविधान की रक्षा के लिए लड़ रहा है जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उसे कूड़ेदान में डालने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि राहुल गांधी लाल किताब दिखा रहा है। मोदी जी, इस किताब का रंग जरूरी नहीं है। इसमें जो लिखा है, वह जरूरी है। अगर आपने इसे पढ़ा होता तो आप लोगों में नफरत नहीं फैलाते, सबको एक दूसरे से नहीं लड़ाते। उन्होंने कहा, हमारे सामने विचारधारा की लड़ाई है। कांग्रेस पार्टी के लोग और गठबंधन संविधान को बचाने का काम कर रहे हैं। वहीं भाजपा-आरएसएस, आंबेडकर जी के संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। इसे कूड़ेदान में डालने की कोशिश कर रहे हैं। वे हिंसा फैला रहे हैं और जाति, पंथ और धर्म के आधार पर समाज को विभाजित करने की कोशिश कर रहे हैं।

## बिरसा मुंडा की प्रतिमा का शाह ने किया अनावरण

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यहां रिंग रोड स्थित बांसेरा पार्क के प्रवेश द्वार पर महान आदिवासी नेता बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया और कहा कि 15 नवंबर 2025 तक पूरा वर्ष आदिवासी गौरव दिन के रूप में मनाया जाएगा।



शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2021 में घोषणा की थी कि भारत हमेशा इस दिन को आदिवासी गौरव दिन के रूप में मनाएगा क्योंकि भगवान बिरसा मुंडा का जन्म इसी दिन झारखंड में हुआ था। शाह ने कहा, मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर आज से 15 नवंबर तक पूरा वर्ष आदिवासी गौरव दिन के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के जीवन को हम दो भागों में बांटकर देख सकते हैं। एक, आदिवासी संस्कृति की रक्षा और दूसरा, देश की आजादी के लिए सर्वोच्च बलिदान देने का जज्बा। 25 साल की उम्र में उन्होंने एक ऐसी गाथा लिखी, जिसे 150 साल बाद भी याद किया जाता है। शुक्रवार को शाह ने मुंडा की जिस प्रतिमा का अनावरण किया उसका वजन लगभग 3,000 किलोग्राम है। आज के दिन को जनजातीय गौरव दिन के रूप में भी मनाया जाता है। इस प्रतिमा को पश्चिम बंगाल के दो अनुभवी शिल्पकारों ने तैयार किया है, जिन्होंने सुनिश्चित किया है कि इसके स्वरूप में जीवंतता का भाव समाहित हो। इस बीच, केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सराय काले खां चौराहे का नाम बदलकर भगवान बिरसा मुंडा चौक कर दिया।

## संसदीय चुनाव में एनपीपी ने हासिल किया दो तिहाई बहुमत



कोलंबो। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके की पार्टी नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) ने शुक्रवार को संसदीय चुनाव में जीत दर्ज करते हुए संसद में दो तिहाई बहुमत हासिल कर लिया और देश के तमिल अल्पसंख्यकों के गढ़ जाफना निर्वाचन क्षेत्र पर भी अपना प्रभुत्व बनाए हुए है। श्रीलंका के निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित चुनाव परिणामों से यह जानकारी मिली।

श्रीलंका के निर्वाचन आयोग की वेबसाइट द्वारा जारी चुनाव परिणामों के अनुसार, मलीमावा (कम्पास) चिह्न के तहत चुनाव लड़ने वाली एनपीपी ने 225 सीट में से 159 पर जीत दर्ज की। एनपीपी को 68 लाख या 61 प्रतिशत मत प्राप्त हुए हैं, जिससे उसने अपने प्रतिद्वंद्वियों पर बढ़त बना ली है। श्रीलंका में साजिथ प्रेमदासा की पार्टी समागी जन बालवेगया 40 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर रही। इलंकाई तमिल अरासु काडची को आठ, न्यू डेमोक्रेटिक फ्रंट को पांच और श्रीलंका पोडुजाना पेरामुना तथा श्रीलंका मुस्लिम कांग्रेस को तीन-तीन सीटें मिलीं। बृहस्पतिवार को हुए चुनाव में 2010 के बाद से सबसे कम मतदान हुआ। दिसानायके ने सितंबर में राष्ट्रपति चुने जाने के तुरंत बाद ही त्वरित चुनावों की घोषणा की थी। नयी संसद का सत्र अगले सप्ताह शुरू होने वाला है। वाम विचारधारा वाली एनपीपी ने जाफना जिले में जीत हासिल कर भी इतिहास रच दिया, जहां उसने समुदाय की सांस्कृतिक राजधानी में पारंपरिक तमिल राष्ट्रवादी पार्टियों को परास्त कर दिया। यह पहली बार है जब देश के दक्षिणी हिस्से से एक प्रमुख सिंहली पार्टी ने यह उपलब्धि हासिल की है। इससे पहले यूनाइटेड नेशनल पार्टी ने जिले में एक मात्र सीट जीती थी। जिले में तीन सीटें दिसानायके की पार्टी को मिलीं। आईटीएके, ऑल सीलोन तमिल कांग्रेस (एसीटीसी) और इंडिपेंडेंट ग्रुप 17 ने एक-एक सीट जीती।

## ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने का संकल्प दोहराया

वाशिंगटन। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध में जनहानि होने पर अफसोस जताते हुए कहा है कि उनका प्रशासन इस युद्ध को समाप्त करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।



ट्रंप ने साथ ही कहा कि उनका प्रशासन पश्चिम एशिया में शांति लाने के लिए भी काम करेगा। उन्होंने बृहस्पतिवार को अमेरिका फर्स्ट पॉलिसी इंस्टीट्यूट के लिए अपने मार-ए-लागो एस्टेट आवास में आयोजित एक समारोह में कहा, हम पश्चिम एशिया (में शांति) के लिए काम कर रहे हैं और हम रूस और यूक्रेन पर बहुत मेहनत करेंगे। इसे रोकना होगा। ट्रंप ने पांच नवंबर को देश में हुए राष्ट्रपति पद के चुनावों में उनकी शानदार जीत के बाद पहली बार सार्वजनिक रूप से उपस्थित होकर पहला बड़ा भाषण देते हुए कहा, रूस और यूक्रेन को रुकना होगा। मैंने आज एक रिपोर्ट देखी। पिछले तीन दिन में हजारों लोग मारे गए। कई हजार लोग मारे गए। वे सैनिक थे। चाहे वे (मारे गए लोग) सैनिक हों या शहरों में बैठे लोग हों, हम इस (युद्ध रोकने पर) दिशा में काम करेंगे। नव-निर्वाचित राष्ट्रपति ने कई बार कहा है कि उनकी प्राथमिकता युद्ध को समाप्त करना तथा यूक्रेन को दी जा रही सैन्य सहायता के रूप में हो रही अमेरिकी संसाधनों की बर्बादी को रोकना है। इस बीच ट्रंप के पिछले कार्यकाल में उप सहायक के रूप में कार्य कर चुकीं लीसा कर्टिस ने कहा कि यूक्रेन में युद्ध को इस तरह से समाप्त करने की आवश्यकता है जिससे अन्य देशों को अपने पड़ोसियों पर अवैध रूप से आक्रमण करने के लिए प्रोत्साहन न मिले। राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिका के अन्य पूर्व राष्ट्रपतियों की तुलना में पुतिन के बारे में अधिक सकारात्मक बातें की हैं।

## ट्रंप ने रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर को स्वास्थ्य मंत्री चुना

वाशिंगटन। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर को अपने स्वास्थ्य एवं मानव सेवा मंत्री के रूप में नामित करने की घोषणा की।

रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ में शामिल थे। इस शीर्ष कैबिनेट पद के लिए नामांकन को लेकर अमेरिकी सीनेट की मंजूरी आवश्यक है। ट्रंप ने जॉर्जिया के पूर्व सांसद डग कोलिन्स को पूर्व सैनिक मामलों के विभाग वेटरन्स अफेयर्स (वीए) के मंत्री के रूप में नामित करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि मुझे रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर को अमेरिका का स्वास्थ्य एवं मानव सेवा मंत्री (एचएचएस) नियुक्त करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। नव-निर्वाचित राष्ट्रपति ने 20 जनवरी, 2025 से शुरू हो रहे अपने दूसरे कार्यकाल की स्वास्थ्य नीतियों की ओर संकेत करते हुए कहा कि बहुत लंबे समय से अमेरिकी लोग औद्योगिक खाद्य परिसर और दवा कंपनियों की अव्यवस्था का शिकार हो रहे हैं, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य के मामले में धोखाधड़ी, गलत सूचना और भ्रामक सूचना फैलाने में लगे हुए हैं।

इंटरटेनमेंट...

## स्वतंत्रता संग्राम की अनोखी कहानी है 'फ्रीडम एट मिडनाइट'

मुम्बई। इस हफ्ते भी ओटीटी पर देखने लायक बहुत कुछ है। वीकएंड की छुट्टी का मजा उठाने के लिए आप भी तैयार हो जाइए, क्योंकि इस सप्ताहांत पर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कई तरह की धमाकेदार फिल्में और वेब सीरीज रिलीज हो रही हैं, जिसमें बॉलीवुड और हॉलीवुड दोनों तरह के विषय शामिल होंगे। वेब सीरीज भारत के स्वतंत्रता संग्राम की रोमांचक कहानी पर केंद्रित होगी। यह इसी नाम की किताब पर आधारित है। यह उस दौर की धार्मिक और सामाजिक-राजनीतिक गतिशीलता पर केंद्रित होगी। फिल्म में चिराग वोहरा, आरिफ जकारिया, ल्यूक मैकगिबनी, राजेंद्र चावला, इरा दुबे और सिद्धांत गुप्ता मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'फ्रीडम एट मिडनाइट' 15 नवंबर को सोनी लिव पर रिलीज होने वाली है। वेब सीरीज 'पैठणी' एक कारीगर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने हाथ से बनाई गई पैठणी साड़ियों के लिए मशहूर है। जब वह रिटायर होने का फैसला करती है तो उसकी बेटी उसे जीवन भर का तोहफा देने का फैसला करती है, आखिरी पैठणी जो उसने बुनी थी। इस सीरीज में मृणाल कुलकर्णी, ईशा सिंह और शिवम भार्गव मुख्य भूमिकाओं में हैं।



'पैठणी' 15 नवंबर, 2024 को जी5 पर रिलीज होगी। 'युद्रा' एक बदले की कहानी है, सिद्धांत चतुर्वेदी, मालविका मोहनन और राघव जुयाल मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म में राघव ने खलनायक की भूमिका निभाई है। फिल्म का निर्देशन रवि उदयवार ने किया है और श्रीधर राघवन ने इसे लिखा है। इसे फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी की एक्सेल एंटरटेनमेंट ने निर्मित किया है। यह फिल्म 15 फरवरी से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी। 'जेक पॉल वर्सेज माइक टायसन' महासंग्राम के लिए तैयार हो जाइए। बॉक्सिंग के दिग्गज माइक टायसन का सामना सोशल मीडिया सेंसेशन से बॉक्सर बने जेक पॉल से होगा। इस रोमांचक मुकाबले को 'बैटल ऑफ जनरेशन' नाम दिया गया है, जिसमें 57 वर्षीय बॉक्सिंग आइकन का मुकाबला 27 वर्षीय यूट्यूब पर्सनालिटी से प्राइज फाइटर बने जैक पॉल से होगा।

## 'मंजुलिका' की दहाड़ के आगे दुम दबाकर भागा 'सिंघम'

मुम्बई। कार्तिक आर्यन की हॉरर कॉमेडी 'भूल भुलैया 3' और अजय देवगन और करीना कपूर खान की कॉप ड्रामा 'सिंघम अगेन' घरेलू बॉक्स ऑफिस पर एक दूसरे को कड़ी टक्कर दे रही है। हालांकि, 'सिंघम अगेन' का बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा है। अब इस हफ्ते इन दिनों फिल्म को टक्कर देने के लिए सूर्या और बॉबी देओल की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कंगुवा' और नोरा फतेही की 'मटका' रिलीज हुई है। आइए जानते हैं कि गुरुवार को फिल्म ने कितनी कमाई की है। भूल भुलैया 3 जल्द ही भारत में 250 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर सकती हैं। भूल भुलैया 3 ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर अपने पहले हफ्ते में कुल 158.25 करोड़ रुपये कमाए। फिल्म ने दूसरे शुक्रवार को 9.25 करोड़ रुपये, दूसरे शनिवार को 15.5 करोड़ रुपये, दूसरे रविवार को 16 करोड़ रुपये, दूसरे सोमवार को 5 करोड़ रुपये, दूसरे मंगलवार को 4.25 करोड़ रुपये, दूसरे बुधवार को 3.85 करोड़ रुपये और दूसरे गुरुवार को लगभग 4 करोड़ रुपये कमाए।

## मनोज बाजपेयी की फिल्म द फैबल को सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार



मुम्बई। ब्रिटेन में आयोजित 38वें लीड्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में मनोज बाजपेयी की फिल्म द फैबल को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार मिला है। लेखक-निर्देशक राम रेड्डी द्वारा निर्देशित फिल्म द फैबल को कांस्टेलेशन फीचर फिल्म प्रतियोगिता में पुरस्कार मिला है। बाजपेयी ने कहा कि उन्हें लीड्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में फिल्म द फैबल को मिले सम्मान पर गर्व है।

उन्होंने कहा इस फिल्म में निर्देशक राम रेड्डी, प्रताप रेड्डी, जूही अग्रवाल, गुनीत मोंगा कपूर और अचिन जैन के साथ काम करना एक शानदार अनुभव रहा।

## रेमो डिसूजा मामले में सरकार को नोटिस

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बॉलीवुड निर्देशक एवं कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा से जुड़े ठगी के एक मामले में उत्तर प्रदेश सरकार और गाजियाबाद के व्यापारी सत्येंद्र त्यागी को बृहस्पतिवार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने राज्य सरकार और व्यापारी से जवाब मांगा तथा आदेश दिया कि नोटिस दस्ती माध्यम से दिए जाएं।



यह मामला 2016 का है जब त्यागी ने डिसूजा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी। प्राथमिकी के अनुसार डिसूजा ने यह वादा कर त्यागी को अपनी अगली फिल्म अमर मस्ट डाई पांच करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए राजी किया था कि फिल्म रिलीज होने के बाद उन्हें दोगुना रकम मिलेगी। त्यागी का दावा है कि यह वादा पूरा नहीं हुआ। यह प्राथमिकी भारतीय दंड संहिता (भादंसं) की धाराओं 420 (ठगी), 40 (विश्वासघात), 386 (रंगदारी) के तहत दर्ज की गयी थी। उसमें यह भी आरोप लगाया गया है कि जब त्यागी ने अपना पैसा वापस मांगा तब डिसूजा ने अंडरवर्ल्ड डॉन प्रसाद पुजारी के माध्यम से उन्हें डराया-धमकाया। गाजियाबाद के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने अक्टूबर 2020 में इस अपराध का संज्ञान लिया था। लेकिन डिसूजा ने निचली अदालत द्वारा इस मामले में संज्ञान लिये जाने को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी और अदालती कार्यवाही पर रोक लगाने का अनुरोध किया। लेकिन 23 अगस्त, 2023 को उच्च न्यायालय ने डिसूजा की याचिका खारिज कर दी। तब उन्होंने उच्चतम न्यायालय का रुख किया। इसके बाद शीर्ष अदालत ने बृहस्पतिवार को नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत ने कहा नोटिस जारी कीजिए, 22 नवंबर तक इसका जवाब चाहिए।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com